वर्ष 73 अंक 111 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 18 जनवरी, 2026
माघ कृष्ण पक्ष 15, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण Sunday

www.dainikjagranmpcg.com

## ऑफ बीट

### इंडिया-न्यूजीलैंड मैच आज ड्रोन-पतंगबाजी प्रतिबंधित



*इंदौर के होल्कर स्टेडियम में रविवार दोपहर 1.30 बजे से भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले एक दिवसीय क्रिकेट मैच को लेकर शहर में जबरदस्त माहौल बना हुआ है। होटल रेडिसन से लेकर स्टेडियम तक प्रशंसकों का तांता लगा है। टिकटों की भारी मांग के बीच पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। शनिवार सुबह न्यूजीलैंड की टीम ने नेट पर अभ्यास किया, जबकि भारतीय टीम दोपहर 1 बजे मैदान पर उतरी। इस दौरान कई खिलाड़ी उज्जैन में बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने भी पहुंचे। एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने जानकारी दी है कि सुरक्षा के मद्देनजर होल्कर स्टेडियम और उसके आसपास के पांच किमी क्षेत्र को नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। इस दायरे में ड्रोन उड़ाना या पतंगबाजी करना दंडनीय अपराध होगा। सुरक्षा व्यवस्था को चार सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिसके लिए 1500 से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की गई है।*

केंद्रीय मंत्री ने विदिशा में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण, शिलान्यास

# पैसे नहीं, ईमानदारी से काम करने वाले नेताओं की कमी : गडकरी

**जागरण, विदिशा।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को विदिशा के विकास के लिए खजाना खोल दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में गडकरी ने 4400 करोड़ की 8 एनएच का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर गडकरी ने कहा, मैं मप्र को 1600 करोड़ देने की घोषणा करता हूं। हमारे देश में पैसों की कमी नहीं हैं। जनता के लिए ईमानदारी से काम करने वाले नेताओं की कमी है। जब अच्छे नेता मिलते हैं, तो परिवर्तन भी सही दिशा में जाता है। नॉलेज को वेल्थ में बदलना ही भविष्य है।

कृषि उपज मंडी विदिशा में लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में गडकरी ने कहा, मैं छात्र नेता था। गांव में दीवारों पर लिखने का काम करता था। दिल्ली-मुंबई पता नहीं था, तब सही नेता मिले, मार्गदर्शन मिला। जब अच्छे नेता मिलते हैं, तो परिवर्तन भी सही दिशा में होता है। उन्होंने कहा, कोई मटेरियल वेस्ट नहीं है। कोई व्यक्ति वेस्ट नहीं होता। ये लीडरशिप और टेक्नोलॉजी पर डिपेंड करता है। मैं अपने शहर में टॉयलेट का पानी बेचता हूं। इससे 300 करोड़ रुपए मिलते हैं। अब मैं कचरा बेचने लगा हूं। किसानों का भविष्य उज्वल बताते हुए गडकरी ने कहा, मैं जो भी काम करता हूं उसमें 90 प्रतिशत काम किसान के लिए करता हूं। मेरी कोशिश है कि किसान ऊर्जादाता भी बने। किसान हाइड्रोजन भी बना रहा है। इतना ही नहीं किसान अब डामरदाता भी बन गया है

**क्या मोहन जी 2-4 करोड़ और मांग लेते:** केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहाकि यहां आने पर सभी ने बहुत मांगें की है। सीएम डॉ. यादव, कृषि मंत्री चौहान और प्रदेश के पीडब्लूडी मंत्री राकेश सिंह ने भी कई मांगे की हैं। लेकिन मांगें पूरी करते-करते कब तक भाषण दूंगा, लेकिन आप चिंता मत करिए। मेरे पास द्रौपदी की थाली है। खाने को कितने ही लोग आएं। कितना ही खा लोगे, लेकिन खाना खत्म नहीं होगा। मैं शिवराज को 1600 करोड़ रुपए और देने की घोषणा करता हैं। उसमें से 400 करोड़ रुपए शिवराज जी को देता हूं। ताकि वो 50-50 करोड़ अपने 8 एमएलए को देंगे। गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से कहाकि मोहन जी ने 50 प्रोजेक्ट की मांग की है। क्या मोहन जी 2-4 हजार करोड़ और मांग लेते तो भी दे देता। आगे भी पैसे लगेंगे तो मैं मंजूर करूंगा।

उन्होंने कहा, कृषि मंत्री चौहान के सहयोग से हमने ट्रैक्टर लाया है। मेरे पास इलेक्ट्रिक है। हर तरह का ट्रैक्टर हमारे ईंधन से चलना चाहिए। किसानों की लाखों की बचत होने वाली है।



### केंद्रीय मंत्री ने की घोषणाएं

- 16 हजार करोड़ से सागर-विदिशा-कोटा तक नया ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे बनाया जाएगा। इससे सागर से कोटा के बीच की दूरी 75 किमी तक कम हो जाएगी।
- नसरुल्लागंज (भैरूंदा)-बुधनी रोड 4 लेन एनएच के रूप में विकसित किया जाएगा।
- मप्र में अलग-अलग 50 सड़कों के निर्माण के लिए 4500 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।
- विदिशा में 4 हजार करोड़ रुपए लागत से उत्तरी बायपास बनाया जाएगा।
- 40 हजार करोड़ से ग्वालियर-भोपाल-नागपुर एनएच जो हैदराबाद को कनेक्ट करेगा।
- सिंहस्थ के लिए उज्जैन-झालावाड़ 2500 करोड़ से हाईवे सहित अन्य रोड।
- सीआरएफ में मप्र को सड़क विकास कार्यों के लिए 1600 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसमें 400 करोड़ रुपए विदिशा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए होंगे।
- प्रदेश को 5 ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर। 20 अन्य ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर्स जल्द मंजूरी होंगे।
- अटल एक्सप्रेस-वे से जुड़े सभी विकास कार्यों को भी मंजूरी मिलेगी।
- गोपालपुर से भैरुंदा सड़क मार्ग भूमि अधिग्रहण, व्हाइट टॉपिंग कांक्रीट से निर्माण।

### सीएम बोले- विदिशा ही नहीं आपको उज्जैन भी आना होगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 181 किमी लंबी ये परियोजनाएं मध्य भारत एवं बुंदेलखंड क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को मजबूती देंगी। इन सड़कों से क्षेत्रीय विकास, औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार, आवागमन की सुगमता और आर्थिक प्रगति को नई गति मिलेगी। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और कुशल, प्रशिक्षित चालकों की उपलब्धता के लिए 3 आधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का भी शिलान्यास किया गया। सीएम ने कहा कि काम करने वालों के साथ जनता होती है, जो काम करता है वो राज करता है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा-गडकरी जी आपको अभी उज्जैन के विकास कार्यों के लिए भी आना पड़ेगा। केवल विदिशा के लिए आपको छोड़ेंगे नहीं।

### सीएम से बोले शिवराज-नर्मदा बेतवा को मिला दें तो अच्छा हो

केंद्रीय कृषि मंत्री व क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान चिर परिचित अंदाज दिखे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री जी ने काम पूरे देश में घूमने का दिया, लेकिन फिर भी विदिशा छूटता नहीं। विदिशा का विकास मेरा जुनून है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा, नागपुर से ग्वालियर जाइएगा तो विदिशा क्षेत्र छूट ही नहीं सकता, जहां से भी जाइएगा, हमें ही पाइएगा। नागपुर से ग्वालियर तक नया एनएच बने तो मप्र की तकदीर बदल जाएगी। पहले यह शिलान्यास जबलपुर में होना था, लेकिन गडकरी ने मेरी मांग मान ली। कृषि मंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री से कहा कि नर्मदा जी और बेतवा को मिला दें तो अच्छा हो जाएगा। बेतवा का सौंदर्यीकरण, घाट बन जाए। शहर में जो वायरिंग बाहर लटक रही हैं, वो अंडर ग्राउंड हो जाए। कार्यक्रम के पूर्व विशाल रोड शो निकाला गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी का विभिन्न मार्गों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। तीनों नेताओं ने भी जनता पर पुष्प वर्षा की। रोड शो में लोनिवि मंत्री राकेश सिंह, विधायक एवं भाजपा नेता भी शामिल रहे।

# मुंबई में शिंदे के सभी 29 पार्षद होटल में शिफ्ट

### कैबिनेट बैठक से शिंदे-अजित का किनारा



**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव रिजल्ट के एक दिन बाद मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। शिवसेना (शिंदे) ने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल शिफ्ट कर दिया है। शिवसेना (शिंदे) के इस फैसले को मुंबई के मेयर पद से जोड़कर देखा जा रहा है।

227 पार्षदों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की है। बहुमत का आंकड़ा 114 है। भाजपा को मेयर बनाने के लिए 25 पार्षदों की जरूरत होगी। उधर, सीएम फडणवीस ने कहा, मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, एकनाथ शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, शिंदे गुट और अजित पवार गुट को जितनी उम्मीद थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम अपनी पार्टियों की सीटें कम आने से भाजपा से नाराज हैं। शनिवार को महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में भी दोनों उप मुख्यमंत्री नहीं गए। शिवसेना की ओर से कहा गया शिंदे बीमार हैं। महाराष्ट्र में निगम चुनावों में बीजेपी ने कुल 29 नगर निगमों में से 17 पर जीत दर्ज की है। वहीं, उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 8 निगमों में जीत हासिल की। इस तरह भाजपा गठबंधन को 25 नगर निगमों में जीत मिली है।

## हार्ट क्लीनिक आपके शहर रीवा में

**डॉ. शिरीष मिश्रा हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रत्येक दिन**



75 वर्ष से ज्यादा व्यक्तियों का सभी प्रकार की जांचो में 50% की छूट एवं निःशुल्क परामर्श

**रीवा।** रीवा के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ शिरीष मिश्रा जी M.D. मेडिसिन D.N.B कार्डियोलॉजी कंसलटेंट इंटरवेशनल कार्डियोलॉजिस्ट पूर्व कंसलटेंट - मैक्स हॉस्पिटल, बी.ल कपूर हॉस्पिटल, नई दिल्ली हृदय रोग विशेषज्ञ की सेवाएं प्रति दिन समड़िया गोल्ड बाल भारती स्कूल के सामने रीवा में उपलब्ध है, डॉ शिरीष मिश्रा पूर्व में मैक्स हॉस्पिटल और बी.एल. कपूर जैसे हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके है, हार्ट अटैक, सीने का दर्द, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, सांस फूलना, स्टंट, पेसमेकर, वाल्व बाईपास इत्यादि के मरीजों का फॉलो उप, जन्मजात हृदय रोग जैसे बीमारी का इलाज किया जाता है, आधुनिक जांच सुभ्धियाएं जैसे कि इकोकार्डियोग्राफी, टीएमटी, ECG, होल्टर, ए बीपीएम जैसे आधुनिक तकनीक से जांच उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु आराध्या मेडिकल स्टोर्स समदड़िया गोल्ड, बाल भारती स्कूल के सामने, रीवा। संपर्क नं. 9752244-218 में संपर्क कर सकते हैं।

**विशेष सुविधाएं: एन्जोप्लास्टी, बाईपास सर्जरी,** आयुष्मान द्वारा निःशुल्क सर्जरी की जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा नीट पीजी कटऑफ का मुद्दा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नीट पीजी 2025-26 के लिए योग्यता कटऑफ को घटाने को लेकर मुद्दा गर्म हो गया है. इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। यह याचिका नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) की ओर से 13 जनवरी, 2026 को की गई है। ये हाल ही में आए उस नोटिस के खिलाफ की गई है जिसमें क्वालिफाइंग कटऑफ को कम कर -40 कर दिया गया था। डॉक्टरों और कार्यकर्ताओं ने -40 फीसदी नंबरों की अनुमति देने वाले नए नीट पीजी नियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। ये जनहित याचिका सामाजिक कार्यकर्ता हरिशरण देवगन, न्यूरोसर्जन सौरव कुमार, यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्य मित्तल और वर्ल्ड मेडिकल एसोसिएशन के सदस्य डॉ.आकाश सोनी ने दायर की है।

### 26 जनवरी: आतंकियों के निशाने पर दिल्ली

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंटेलिजेंस एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। आईबी से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रतिबंधित खालिस्तानी, बांग्लादेश के आतंकी संगठन दिल्ली समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। पंजाब के कुछ गैंगस्टर विदेश से संचालित खालिस्तानी,कट्टरपंथी हैंडलरों के लिए 'फुट सोल्जर' की भूमिका निभा रहे हैं। ये हैंडलर एजेंडे को आगे बढ़ाने, आंतरिक सुरक्षा को बाधित करने क्रिमिनल नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उप्र व राजस्थान में एक्टिव हैं और खालिस्तानी संगठनों से संपर्क बढ़ा रहे हैं। दिल्ली में 10 नवंबर, 2025 को लाल किला के पास एक कार में आत्मघाती आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 15 लोगों की मौत हुई थी।

# डीजीसीए ने इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया

### नियमों का पालन नहीं करने से 3 लाख यात्री हुए थे परेशान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 22.20 करोड़ का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के रूल 133-ए के तहत लगाया गया है। इसके तहत एकमुश्त जुर्माना 1.80 करोड़ है। एफडीटीएल नियमों का 68 दिन तक पालन नहीं करने पर प्रतिदिन 30 लाख का जुर्माना लगाया गया, जो 20.40 करोड़ होता है। डीजीसीए ने यह एक्शन 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो की 2507 फ्लाइट के कैंसिल होने और 1852 फ्लाइट के ऑपरेशन में देरी होने पर लिया है। इस कारण 3 लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी हुई थी। नागरिक उड्डन मंत्रालय के निर्देश पर डीजीसीए ने इस मामले की जांच के लिए 4 मेंबर वाली कमेटी का गठन किया था।



कमेटी ने इंडिगो के नेटवर्क प्लानिंग, क्रू रोस्टरिंग और इंडिगो के इस्तेमाल किए जा रहे सॉफ्टवेयर सिस्टम की डिटेल इंवेस्टिगेशन और स्टडी की। साथ ही बयान भी दर्ज किए। कमेटी के मुताबिक, इंडिगो मैनेजमेंट ने ऑपरेशन में देरी या आपात हालात से निपटने की पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। साथ ही बदले हुए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों को भी सही तरीके से लागू नहीं किया गया। इसी वजह से बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुई और यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। जांच में यह भी सामने आया कि एयरलाइन ने क्रू, विमान और नेटवर्क संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर जरूरत से ज्यादा जोर दिया। इससे क्रू रोस्टर में अतिरिक्त गुंजाइश बहुत कम रह गई। डेड-हेडिंग, टेल स्वैप, लंबी ड्यूटी और कम आराम समय जैसी व्यवस्थाओं ने फ्लाइट ऑपरेशन को कमजोर बना दिया।

### कमेटी जल्द स्टेटस रिपोर्ट सौंपे

डीजीसीए ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि वह इंटरनल जांच में तय अन्य जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई करे और स्टेटस जल्द से जल्द सौंपे। डीजीसीए ने साफ किया है कि भविष्य में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एयरलाइन को सही और व्यावहारिक तरीके से उड़ान संचालन, नियमों के पालन की पूरी तैयारी, बेहतर और जिम्मेदार प्रबंधन तय करना होगा।

### डीजीसीए ने की अधिकारियों पर कार्रवाई

इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) के सीनियर अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। सीईओ को फ्लाइट ऑपरेशन और क्राइसेस मैनेजमेंट में कमी पर कॉशन दिया गया। अकाउंटेबल मैनेजर (सीआओ) को विंटर शेड्यूल 2025 और संशोधित एफडीटीएल नियमों के प्रभाव का सही आकलन न करने पर वार्निंग दी गई। सीनियर वाइस प्रेसिडेंट को ऑपरेशनल जिम्मेदारियों से हटाने और भविष्य में किसी भी अकाउंटेबल पद पर नियुक्त न करने के निर्देश दिए गए। डिप्टी हेड फ्लाइट ऑपरेशंस, एवीपी-क्रू रिसोर्स प्लानिंग और डायरेक्टर-फ्लाइट ऑपरेशंस को भी ऑपरेशनल और मैनपावर प्लानिंग में चूक के लिए चेतावनी दी गई।




दूषित पानी से मौतें | इंदौर में पीड़ित परिवारों से मिले नेता प्रतिपक्ष

# सरकार नहीं निभा रही अपनी जिम्मेदारी: राहुल

**जागरण, इंदौर।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मृत लोगों के परिजनों से मिलने पहुंचे। यहां दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल ने सरकार पर निशाना साधा। स्मार्ट सिटी, अर्बन मॉडल पर सवाल उठाते हुए कहा, लोग पानी पीकर मर रहे हैं। सरकार में किसी की तो जिम्मेदारी होगी? सरकार जिम्मेदारी ले। विपक्ष का नेता होने के नाते दुख की घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़े होना मेरी जिम्मेदारी है। मैं अपनी जिम्मेदारी निभा रहा हूं, सरकार भी जिम्मेदारी निभाए।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी सबसे पहले बॉम्बे हॉस्पिटल गए, जहां उन्होंने दूषित पानी से पीड़ित मरीजों और परिजन से मुलाकात की। सभी को ढांढस बंधाने के बाद भागीरथपुरा पहुंचे। फिर भागीरथपुरा बस्ती का पैदल ही दौरा कर राहुल दूषित पानी से जान गंवाने वाली गीता बाई और जीवनलाल के परिवार से मिले। दोनों परिवारों को सहायता राशि एक लाख रुपए के चेक दिए। दूषित पानी से प्रभावित लोगों से मिलने के बाद वे कांग्रेस नेताओं के साथ संस्कार गार्डन पहुंचे। यहां भी श्रद्धांजलि सभा रखी गई थी। सभा के दौरान राहुल ने सभी प्रभावितों से मुलाकात की। दूषित पानी से जान गंवाने वाले सभी लोगों के परिजनों को राहुल ने एक-एक लाख और मप्र में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 50-50 हजार के चेक दिए। दूषित पानी पीने से अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दौरान पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी और अजय सिंह सहित अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।



### बस्ती में पैदल घूमे

भागवतपुरा पहुंचे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने पैदल घूमकर बस्ती के हालचाल जाने। दूषित पानी सप्लाई के कारण बनी पाइप लाइन के अलावा उन्होंने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। रहवासियों ने राहुल को बताया कि ये जो टंकी है ये सिंबल है। आज भी साफ पानी नहीं मिल रहा है। इस पर बैन लगा दिया है, लेकिन कुछ दिन में हटा दिया जाएगा और फिर वही पानी दिया जाएगा। लोग कह रहे हैं जो सरकार की जिम्मेदारी है उसे पूरा करे।

वनडे का शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया, कीवीज की निगाहें भी श्रृंखला जीतने पर (पेज : 11)



## अटल पार्क में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन आज

**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा आनंद उत्सव अंतर्गत 18 जनवरी रविवार की सुबह अटल पार्क में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में जुंबा, योग, पेंटिंग, पेपर कप हिट एंड थ्रो, रस्साकशी, लेमन रेस और म्यूजिकल चेयर जैसी कई पारंपरिक मनोरंजक गतिविधियां होंगी। आयोजन सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए किया जा रहा है। हैप्पी स्ट्रीट में मनोरंजन, खेल, और स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियों का भरपूर आनंद मिलेगा। हैप्पी स्ट्रीट का उद्देश्य शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन होगा, बल्कि लोगों में सकारात्मक बदलाव लाने एवं पारंपरिक एवं आउटडोर खेल की गतिविधि बढ़ाने की दिशा में भी एक प्रयास है। शहरवासियों को इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की गई है।

## धोबिया टंकी के पास लगाया गया संकल्प से समाधान अभियान शिविर

**जागरण, रीवा।** नगर निगम द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं के सफल क्रियांन्वयन हेतु संकल्प से समाधान अभियान के तहत वार्डों में शिविरों का आयोजन जोनवार किया जा रहा है। शनिवार को धोबिया टंकी के पास लगाये गये शिविर में लगभग दर्जन भर हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रज्ञा तिवारी के नेतृत्व में पात्र हितग्राहियों को राज्य शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश पर शासन की विभिन्न जन योजनाओं एवं सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु 'संकल्प से समाधान अभियान' का आयोजन 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक किया जाना है। नगर निगम द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओ के सफल क्रियांन्वयन हेतु कैम्प का आयोजन जोनवार किया जा रहा है। जोनवार शिविर के आयोजन का दायित्व कार्यपालन यंत्री को सौपा गया है। इस क्रम में 18 जनवरी को जोन क्र. 04 हेतु कुठुलिया रीवा में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नगर निगम द्वारा शिविर का आयोजन किया जावेगा। शिविर का जोनवार निरंतर आयोजन चार चरणों में किया जाना है। इन शिविरों के माध्यम से आमजनता के आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जावेगा। नगर निगम द्वारा अपील की गई है कि नगरवासी शिविर में पधारकर शासन की योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं।

## गुप्त नवरात्रि 19 से, दस महाविद्याओं की होगी आराधना

### नवरात्र में धार्मिक पुस्तकें, पूजन सामग्री और गृह उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी करना भी शुभ




**जागरण, रीवा।** माघ माह की शुक्ल प्रतिपदा 19 जनवरी को सर्वार्थ सिद्धि योग में इस वर्ष की पहली गुप्त नवरात्र का शुभारंभ होगा। इस दौरान देवी की गुप्त तंत्र साधना, उपासना और मंत्र जप किया जाएगा। इस नवरात्र में धार्मिक पुस्तकें, पूजन सामग्री और गृह उपयोगी वस्तुओं की खरीदारी करना भी शुभ माना जाता है। गुप्त नवरात्र का समापन 27 जनवरी को होगा। इस बार पूरे नौ दिनों की गुप्त नवरात्र रहने वाले हैं, जिसमें कोई तिथि का क्षय या वृद्धि नहीं होगी। गुप्त नवरात्र में देवी को दस महा विद्याओं स्वरूपों की उपासना की जाती है। ये समय तंत्र, यंत्र और मंत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ समय है। नवरात्र के लिए देवी मंदिरों में भी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

### दिवस के अनुसार पूजन

19 जनवरी को घट स्थापना के साथ मां शैल पुत्री की पूजा होगी। 20 को माता ब्रह्मचारिणी, 21 को माता चंद्रघंटा, 22 को मां कूष्माण्डा, 23 को स्कंदमाता स्वरूप की पूजा होगी। 24 को माता कात्यायनी, 25 को माता कालरात्रि 26 को दुर्गा अष्टमी और महागौरी की पूजा होगी। वहीं 27 जनवरी को माता सिद्धि दात्री की पूजा के साथ नवरात्र व्रत का हवन और पारण होगा।

### साल में चार नवरात्र, दो गुप्त, दो प्राकट्य

जानकारों के अनुसार साल में चार नवरात्र आते हैं। आषाढ़ मास और माघ मास में आने वाली नवरात्र गुप्त नवरात्र होती है। यह समय तंत्र यंत्र मंत्र साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ है। इसके अलावा चैत्र मास और शारदीय नवरात्र प्राकट्य नवरात्र होती है। चारों नवरात्र का बड़ा महत्व है। गुप्त नवरात्रि में 10 महा विद्याओं में मां काली देवी, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धुमावती, मां बंगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा की जाती है।

### नवरात्रि पूजा विधि

ज्योतिषाचार्यो के अनुसार गुप्त नवरात्रि के दौरान घट स्थापना उसी तरह की जाती है जिस तरह से चैत्र और शारदीय नवरात्रि में होती है, इन नौ दिनों में सुबह-शाम मां दुर्गा देवी की पूजा की जाती है। साथ ही लौंग और बतासे का भोग जरूर लगाना चाहिए, साथ ही मां भगवती के लिए श्रृंगार का सामान भी अर्पित करना चाहिएए इस दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ भी करा सकते हैं।

### इस साल नवरात्रि

माघ गुप्त नवरात्र: 19 से 27 जनवरी।
चैत्र नवरात्र: 19 से 27 मार्च
आषाढ़ गुप्त नवरात्र: 15 से 23 जुलाई
शारदीय नवरात्र: 11 से 20 अक्टूबर

## ब्रिज कोर्स में पंजीयन की अंतिम तिथि कल

### पूरा नहीं किया तो चली जाएगी नोकरी

**रीवा।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शिक्षकों को ब्रिज कोर्स कराए जाने संबंधी आदेश जारी किए गए हैं। शिक्षकों के लिए यह कोर्स अनिवार्य है। संचालक लोक शिक्षण मप्र द्वारा इस संबंध में रीवा सहित अन्य जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील क्र. 5068/2023 में पारित आदेश दिनांक 11/08/2023 के अनुसार दिनांक 28/06/2018 से दिनांक 11/08/2023 तक नियुक्त बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षक जो कक्षा 1 से 5 तक में अध्यापन कर रहे हैं, उन्हें 6 माह का ब्रिज कोर्स करना आवश्यक है। सफलतापूर्वक ब्रिज कोर्स नही कर पाने की स्थिति में इन शिक्षकों की नियुक्ति जारी नही रखी जा सकेगी। ब्रिज कोर्स में पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 19/01/2026 है। अत: जिले में विषयांकित अवधि में नियुक्त बीएड योग्यताधारी सभी प्राथमिक शिक्षकों को एनआईओएस पोर्टल पर ब्रिज कोर्स में पंजीकृत कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियो, संकुल प्राचार्यो एवं संबंधित शिक्षको को अनिवार्यत: सूचित कर संचालनालय को अवगत करावे।

# अमहिया मार्ग का चिन्हित अतिक्रमण हटेगा, गिराने का नोटिस जारी

### सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक किया जाना है सड़क का चौड़ीकरण




जागरण, रीवा

अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण के लिए गठित की गई संयुक्त टीम द्वारा सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक चिन्हित किये गये 165 अतिक्रमणकारियों को गिराने का नोटिस दे दिया गया है। इस मार्ग पर कभी भी अतिक्रमण गिराने की कार्यवाही की जा सकती है। इस मार्ग के चोड़ीकरण के लिए पिछले दिनों सड़क की नापजोख की गई थी और नापजोख के बाद अतिक्रमणकारियों की सूची तैयार कर ली गई है। संयुक्त टीम द्वारा राजस्व रिकार्डों के अनुसार की गई इस नाप में कई जगह 5-6 मीटर तक कब्जा पाया गया है। राजस्व रिकार्ड के मुताबिक सिरमौर चौराहा से लेकर अमहिया नाले तक सड़क की चौड़ाई 18 मीटर दर्ज है। इसके बाद गोस्वामी एक्सरे से लेकर गुरुद्वारा तक इस सड़क की चौड़ाई राजस्व नक्शे में 22 मीटर से लेकर 28 मीटर तक दर्ज है। इसके अलावा गुरुद्वारा से लेकर अस्पताल चौराहा तक सड़क की चौड़ाई 18 मीटर नक्शे में दर्ज है। नापजोख के दौरान यह बात भी सामने आई कि कई दुकानदारों द्वारा 5-6 मीटर तक सड़क की जमीन पर कब्जा किया गया है। नापजोख के दौरान सुपर स्पेशिलियटी अस्पताल के सामने की सभी दुकाने अतिक्रमण में पाई गई है। छोटी दरगाह परिसर में निर्मित दुकानों भी 5 फिट बढ़ाकर बनाई गई हैं। इसके अलावा अमहिया मोड़ के पास तिराहे में सर्वाधिक अतिक्रमण पाया गया है। कलेक्टर के आदेश पर सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौराहे तक सड़क विस्तारीकरण के लिए अतिक्रमण टूटना तय हो गया है।

**अतिक्रमणकारियों की सूची को लेकर विवाद :** सिरमौर चौराहा से अस्पताल चौराहा तक चिन्हित किये गये अतिक्रमणकारियों की भी समझ में आ चुका है कि अंततः उन्हें खाली करना ही पड़ेगा। लिहाजा अब अतिक्रमण करने वाले एवं अतिक्रमित जमीन में दुकानों एवं मकानों को खरीदने वाले लोग सूची में अपना नाम होने की पुष्टि करने में लगे हुए हैं। चिन्हित की गई अतिक्रमण की कई दुकानां को खरीदा एवं बेचा जा चुका हे जिससे अब उन दुकानों के मालिकान मालिकान बदल गये हैं लेकिन सूची में उनका नाम नहीं है। ऐसे लोग अब सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए तहसील एवं नगर निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। इसी वजह है कि अगर इनका मुआवजा आदि मिलने की बारी आई तो वे इससे वंचित हो सकते हैं। कुछ ऐसे भी मकान एवं दुकान मालिक हैं जिन्होंने दुकानें बेचने के बाद भी सूची में अपना नाम लिखवा लिया है।

### सूची में नाम जुड़वाने के लिए भटक रहे राजेन्द्र गुप्ता

फोर्ट रोड निवासी राजेन्द्र गुप्ता ने नगर निगम एवं तहसील कार्यालय में आवेदन देकर अतिक्रमणकारियों की सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने बताया कि अमहिया स्थित नजूल प्लॉट नं. 3550 में 123 वर्ग मीटर का अंश रकबा अमरेन्द्रपाल सिंह एवं छोटेलाल सिंह से खरीदा था। इसके रिकॉर्ड भी उनके पास है और इसमे नीचे दुकान एवं ऊपर गोदाम बना हुआ है। लेकिन नापजोख के बाद बनाई गई अतिक्रमणकारियों की सूची से उनका नाम गायब कर दिया गया है। उनके नाम की नोटिस भी जारी नहीं की गई है। इसके लिए वे तहसील एवं नगर निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें नोटिस नही दी जा रही है।

## वैदिक परम्परा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य हम सब का है



### परशुराम आश्रम में हिंदू सम्मेलन का समापन

**रीवा।** संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर इटौरा बस्ती में हिदू सम्मलेन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं के वक्तव्य के साथ बस्ती की बच्चियों द्वारा भारत माता स्वरूप का नाट्य मंचन किया गया। लोगों से आह्वान किया गया कि वैदिक परंपरा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य हम सब का है। इस कार्य में मातृशक्तियां आगे आएं जो इस देश में हमेशा पूजनीय रहीं हैं। हमारी सनातन परंपराओं को बचाने के लिए न जाने कितने संत महात्मा वीर महा पुरुषों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है। इस धरोहर को संभाल कर रखने का अब हम सब का कर्तव्य है। भारत माता आरती हनुमान चालीसा पाठ व भंडारे के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर डॉ. मुक्ता त्रिपाठी मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुईं। जिला संयोजक माला जी, सह संयोजिका, उमाजी, संघ के सभी दायित्ववान पदाधिकारी और स्वयंसेवक सहित गणमान्यजन व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## अजा महिलाओं के लिए लाभकारी है सावित्रीबाई फूले योजना

**रीवा।** सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अनुसूचित जाति की महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता का अवसर देने के लिए अन्त्यावसायी सहकारी समिति द्वारा सावित्रीबाई फूले स्वसहायता समूह योजना लागू की गई है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी अन्त्यावसायी सहकारी समिति एमपी पाठक ने बताया कि अनुसूचित जाति की महिलाओं के स्वसहायता समूह को इस योजना के तहत प्रति सदस्य के मान से अधिकतम 2 लाख रुपए का ऋण दिया जा रहा है। भारत सरकार की विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत समय-समय पर प्रति हितग्राही को 10 हजार रुपए का अनुदान भी दिया जाता है। अनुसूचित जाति वर्ग की 18 से 55 आयु वर्ग की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। इसके लिए सदस्य की वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में 55 हजार रुपए तथा ग्रामीण क्षेत्र में 40 हजार रुपए वार्षिक से अधिक नहीं होनी चाहिए। हितग्राही का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है। इस योजना के तहत महिला स्वसहायता समूहों को लघु और कुटीर उद्योग, पशुपालन, हस्तशिल्प जैसे परंपरागत व्यवसायों में स्वरोजगार का प्रशिक्षण और वित्त पोषण की सुविधा दी जाती है। अनुसूचित जाति वर्ग की सफाई कामगार, दिव्यांग तथा कल्याणी महिलाओं को इसमें प्राथमिकता दी जाती है। योजना का लाभ उठाने के लिए जिला अन्त्यावसायी सहकारी समिति कार्यालय कलेक्ट्रेट में संपर्क किया जा सकता है।

## कांग्रेस विधायक बरैया का महिलाओं के आत्मसम्मान पर आघात: वीरेंद्र

### किया प्रदर्शन, फूंका पुतला



**जागरण, रीवा।** कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया द्वारा दिए गए महिला-विरोधी और अपमानजनक बयान के विरोध में शनिवार को भाजपा रीवा के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में सिरमौर चौराहा पर पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस विधायक बरैया का बयान महिलाओं के आत्मसम्मान पर आघात है। कहा कि विधायक बरैया ने कांग्रेस की महिलाओं के प्रति सोच को सामने लाया है।

इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से मातृशक्ति के सम्मान, गरिमा और अधिकारों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से व्यक्त किया गया। बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी तथा आम नागरिकों की सहभागिता ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि महिलाओं के सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी सदैव नारी सम्मान, सशक्तिकरण और सुरक्षा के पक्ष में मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी रहेगी। इस पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, मनीषा पाठक, मनीषचन्द्र शुक्ला, राजेश सिंह, जिला महामंत्री जीवनलाल साकेत, जिला मंत्री बृजेन्द्र गौतम, सुमन शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष सिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष साधना गुप्ता, ममता गुप्ता, गीता सिंह, सुनीता भार्गव, पूनम मिश्रा, साधना पटेल, निहारिका सिंह, तरूणा वर्मा, नरेन्द्र शर्मा, बृजेश पाण्डेय, जयप्रताप सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र शुक्ला, मंडल अध्यक्ष अंशु सिंह, अमित तिवारी, चक्रेश मिश्रा, ऋतुराज चतुदर्वेदी, रिपुदमन सिंह, बुद्धसेन नापित, विवेक पाण्डेय, पार्षद समीर शुक्ला, जगन्नाथ साहू, आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मनरेगा का नाम बदलना, गरीबों के मुंह से निवाला छीनने का षड्यंत्र: इंजी. राजेन्द्र शर्मा

### विवेकानंद पार्क में कांग्रेस ने रखा एक दिवसीय उपवास, प्रदेश व केद्र सरकार पर रहे हमलावर



**जागरण, रीवा।** मनरेगा योजना का परिवर्तन के विरोध में कांग्रेस एक बार उपवास रखकर प्रदर्शन किया। विवेकानंद पार्क में आयोजित धरना को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंजी राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भारत में आर्थिक क्रांति के उद्देश्य से प्रारंभ की गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का मूल लक्ष्य देश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने इसके नाम और अस्तित्व दोनों पर प्रहार किया है। इसके पीछे उनकी मंशा स्पष्ट है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान और गरीबों, श्रमिकों व बेरोजगारों को मिलने वाली आर्थिक सहायता बंद करना। श्री शर्मा ने इंदौर मामले को लेकर कहा कि इंदौर जैसे देश के सबसे स्वच्छ शहर में दूषित पानी की आपूर्ति के कारण 24 लोगों की मृत्यु हो गई, लेकिन इसके लिए कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा देने को तैयार नहीं है। महापौर अजय मिश्रा बाबा ने कहा कि मनरेगा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा इतिहास से स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों एवं कांग्रेस के महापुरुषों के नाम मिटाने की साजिश कर रही है, जिसका कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक विरोध करेगी। उन्होंने हाल ही में लाए गए वीबीजी रामजी बिल की खामियां गिनाते हुए कहा कि यह गरीब और श्रमिक विरोधी है। 125 दिन की गारंटी का दावा खोखला है, क्योंकि 60 दिनों तक रोजगार न देना श्रमिकों को उनके अधिकारों से वंचित करता है और पलायन को मजबूर करता है। पूर्व राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल ने कहा कि मनरेगा का नाम बदला जाना आरएसएस की सोची-समझी साजिश है, जिसका उद्देश्य पूरे देश से महात्मा गांधी का नाम हटाना है। सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने कहा कि जब तक यह श्रमिक विरोधी विधेयक वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर संसद तक इसका पुरजोर विरोध करती रहेगी। प्रातः 11 बजे से प्रारंभ इस उपवास कार्यक्रम को जिले के विभिन्न नेताओं एवं पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के संगठन मंत्री एड. रवि तिवारी तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रतिभा सिंह ने किया। अंत में इंदौर के मृतकों को श्रद्धांजलि देने हेतु दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यावती पटेल, डॉ. शीला त्यागी, गिरीश सिंह, अशोक मिश्रा, इंद्रजीत उरमलिया, एड. रवि तिवारी, सज्जन पटेल, डॉ. अरूणा तिवारी, रमाशंकर सिंह, बबिता साकेत, रामगरीब आदिवासी, डॉ एस पी एस तिवारी, शिव प्रसाद प्रधान, विनोद शर्मा, मोहम्मद रफीक अंसारी, कुंवर सिंह, मुस्तहाक खान, गोविन्ददास तिवारी, सत्यनारायण चतुर्वेदी, लखनलाल खण्डेलवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## स्वच्छ जल अभियान के तहत महिलाएं कर रही शहर भर में वाटर टेस्टिंग

### दो दिनों के दौरान मैदानी स्तर पर 33 स्थानों में चिन्हित कर किया गया लीकेज सुधार



**जागरण, रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा द्वारा शहर में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत लीकेज सुधार कार्य निरंतर रूप से किए जा रहे हैं। बीते दो दिनों में मैदानी स्तर पर कुल 33 स्थानों पर जल लीकेज चिन्हित कर त्वरित सुधार कार्य कराया गया। बताया गया है कि 16 जनवरी को जिन स्थानों पर लीकेज सुधार किया गया, उनमें 17 प्वाइंट जिनमें हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 3, छत्रपति नगर में 1, लालन टोला में 2, कुठुलिया में 1, बिछिया में 1, लक्ष्मण बाग में 2, प्रकाश चौराहा में 1, घोड़ा चौराहा में 2, पुष्पराज नगर में 1, दैनिक जागरण के पास 1 तथा निपनिया में 1 स्थान शामिल हैं। इसी प्रकार 17 जनवरी को 16 प्वाइंट नेहरू नगर में 3, शिव नगर में 2, द्वारिका नगर में 4, श्रीयुत नगर में 2, पुष्पराज नगर में 2 एवं छत्रपति नगर में 2 स्थानों पर लीकेज सुधार कार्य कराया गया। इसके साथ ही नगर निगम रीवा द्वारा शहर में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु वॉटर टेस्टिंग अभियान भी निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन शहर की उच्च स्तरीय जल टंकियों से पानी के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही ऑन-फील्ड स्तर पर भी नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जांच कराई जा रही है। इसके लिए अमृत मित्रों के अतिरिक्त विशेष टीमों की तैनाती की गई है। स्व-सहायता समूह की महिलाएं वॉटर टेस्टिंग किट के माध्यम से जल गुणवत्ता की जांच कर प्रतिदिन संबंधित जोन के सहायक यंत्री को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत कर रही हैं।

ग्यारहवीं पुण्यतिथि



स्व. प्रद्युम्न प्रसाद मिश्र
3 नवम्बर 1929 - 18 जनवरी 2015
हमारे परम् पूज्य स्वर्गीय श्री प्रद्युम्न प्रसाद मिश्र जी की आज ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर हम समस्त परिजन आपको अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं
श्रद्धावनत
पत्नी- भाग्यवती मिश्रा, पुत्रियां - किरन, सुधा एवं आशा, पुत्र एवं पुत्रवधू- राजेश, राकेश- मीरा, मनोज - नीतू, नीतेश - रेनू, प्रीतेश -दीपिका, विकास - कामना, प्रकाश-आंचल, पोती - पोता: चंचल, नाम्या- कबीर, यश- ईशू, रिचा-रिया, अक्षत, गौतमी एवं समस्त गौतम परिवार
निवास - बरेही, रायपुर कुर्चुलियान, रीवा

कॉस्मेटिक स्किन एंड प्लास्टिक सर्जरी क्लीनिक
डॉ. सौरभ सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (सर्जरी), MCH (प्लास्टिक सर्जरी)
समय: 4:00 PM से 7:30PM सोमवार से शनिवार, रविवार 12 PM- 02:00PM
• स्किन टैन, तिल, मस्से का उपचार टैटू रिमूवल
• झुर्रियां, मुंहासे के दाग के लिए
• सफेद दाग का इलाज • फिलर ट्रीटमेन्ट
• लेजर द्वारा नॉन सर्जिकल एवं सर्जिकल उपचार
• त्वचा संबंधी सभी विकृतियों का उपचार
• स्ट्रेच मार्क चोट, सर्जरी के दाग का उपचार
• हेयर लेजर रिमूवल (अनचाहे बाल) केमिकल पीलिंग से (झाइयां)
• कार्बन पीलिंग • Prp थैरेपी, GFC थैरेपी
• मेडिफेशियल, वैंपायर फेसियल
• हेयर ग्रोथ ट्रीटमेन्ट
• स्किन व्हाइटनिंग एण्ड ग्लो ट्रीटमेन्ट
07662.352194, 9827268788, 9825935433 (एमरजेन्सी नंबर)
पता-साक्षी मेडिकोज के बगल में, LIC क्र.-1 के नीचे, सिरमौर चौराहा, रीवा (म.प्र.)

## भिक्षावृत्ति कर रहे वृद्ध से मारपीट का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस



**रीवा।** शहर में एक बार फिर सरेराह हुई मारपीट की घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इस वीडियो में दो लड़के सड़क के बीच एक वृद्ध के साथ बेरहमी से मारपीट करते दिखाई पड़ रहे है। पीड़ित भिक्षावृत्ति करने वाला है, जिसके साथ आरोपियों ने मारपीट की। मारपीट की यह घटना शहर के अस्पताल चौराहा और प्रकाश चौराहा के बीच स्थित छोटी दरगाह के समीप शुक्रवार दोपहर की बताई है। मारपीट के दौरान आसपास के लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया जो अब सोशल मीडिया में वायरल है। वायरल वीडियो को लेकर अब तक जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक शुक्रवार को किसी बात को लेकर हुई मामूली कहासुनी के दौरान दो लोग विवाद कर बैठे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

# नवीनीकरण नहीं कराने वाले हितग्राहियों की निरस्त की जाएगी लीज

### दुकान हो या मकान हर हितग्राही के लिए लीज का नवीनीकरण जरूरी




**जागरण, रीवा**

शहर में नगर निगम की स्वामित्व वाली दुकानों एवं मकानों के लिए किये गये अनुबंधों का नवीनीकरण नहीं कराने वालों का नगर निगम प्रशासन ने आवंटन निरस्त करने की तैयारी कर ली है। मकानों की लीज अथवा दुकानों का अनुबंध लंबे समय से नहीं कराने वाले हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया था लेकिन निर्धारित अवधि के दौरान हितग्राहियों द्वारा लीज अथवा अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया गया है। ऐसे हितग्रहियों की लीज अथवा आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। शहर में नगर निगम की लगभग 1500 दुकानों को किराये पर आवंटित किया गया है। इनमें से सैकड़ों हितग्राहियों ने सालों से अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया है और न ही किराया दे रहे हैं। सैकड़ों की संख्या में ऐसे भी हितग्राही है जो किराया तो हर माह देते है लेकिन लंबे समय से अनुबंध के नवीनीकरण का पंजीयन नहीं कराया है। इसी तरह 30 साल की लीज पर दिये गये मकानों की अवधि समाप्त होने के बाद भी लीज का नवीनीकरण नहीं कराया जा रहा है। गौरतलब है कि नगर निगम रीवा में समायोजित की गई पूर्व रीवा सुधार न्यास की आवासीय एवं व्यावसायिक योजना नेहरू नगर, इंदिरा नगर, यातायात नगर, शोरूम कॉम्पलेक्स, तानसेन कॉम्पलेक्स, अम्बेडकर बाजार, कोठी कम्पाउंड, व्यंकट बाजार, गुढ़ चौराहा, हेडगेवार नगर एवं जयप्रकाश नारायण नगर आदि में जिन हितग्राहियो को 31 मई 1994 तक भूखंड, भवन, दुकान, हॉल, फ्लैट आदि 30 वर्षीय लीज पर आवंटित है, उनका मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अचल सम्पत्ति का अंतरण नियम 2016 एवं संशोधित नियम 2021 के नियम 17 प्रावधान के अन्तर्गत लीज नवीनीकरण कराया जाना आवश्यक है। नियम में यह भी प्रावधान है कि यदि लीज नवीनीकरण नहीं कराया गया या लीजडीड अनुबंध के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया, तो आवंटन निरस्त कर लीज समाप्त कर दी जावेगी।

### दुकानदारों को दिये गये नोटिस

नगर निगम रीवा द्वारा गोलपार्क बस स्टैण्ड, रेवांचल बस स्टैण्ड, खन्ना टॉकीज के सामने, कलेक्ट्रेट के पीछे, सुरुचि कॉम्पलेक्स, खन्ना चौराहा, कोर्ट के सामने, गौरव कॉम्पलेक्स गोरहा सब्जी मण्डी, जानकी पार्क, अपना बाजार, सुपर मार्केट, लक्ष्मी मार्केट, गल्ला मण्डी, रानीगंज, परिणय कॉम्पलेक्स बिछिया, समृद्धि कॉम्पलेक्स धोबिया टंकी, बांसघाट, इंदिरा मार्केट कटरा, सब्जी मण्डी प्रकाश परिसर गंगा वाटिका, गांधी कॉम्पलेक्स, महामृत्युंजय कॉम्पलेक्स, यातायात नगर में निर्मित दुकाने किराए पर 35 माह के लिए आवंटित हैं। इनमें सैकड़ों अधिक हितग्राहियों ने अनुबंध नवीनीकरण एवं पंजीयन नहीं कराया है। उन्हें पूर्व में कई बार नोटिस दी गई है लेकिन अब लीज का नवीनीकरण नहीं कराने पर आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी।

### हर 3 साल में 15 प्रतिशत किराया वृद्धि का प्रावधान

नगर निगम रीवा के स्वामित्व की दुकानें 35 माह के लिए किराए पर आवंटित की जाती है। 35 माह पश्चात 15 प्रतिशत किराए में वृद्धि कर इनका नवीनीकरण कर अनुबंध का पंजीयन कराने का प्रावधान है। कई कॉम्पलेक्स के हितग्राहियों द्वारा नवीनीकरण अनुबंध का पंजीयन नहीं कराया जाता है। पंजीयन नहीं कराने से शासन को स्टाम्प शुल्क की क्षति उठानी पड़ रही है। नगर निगम रीवा के राजस्व दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसके बाद भी हितग्राही लगातार लापरवाही बरत रहे हैं।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं सिकल सेल जनजागरुकता 22 को

**रीवा।** स्व. लाल जी शर्मा की 10 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर किरण सेवा संस्थान द्वारा आगामी 22 जनवरी गुरुवार को एक विशाल निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर, राष्ट्रीय चिकित्सा सेवा सम्मान समारोह - 2026 तथा सिकल सेल जनजागरूकता एवं परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें लगभग 500 से अधिक नागरिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच, चिकित्सकीय परामर्श एवं दवा वितरण किया जाएगा। शिविर में रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, थायराइड, कोलेस्ट्रॉल, यूरिन, जाँच सहित अनेक आवश्यक जाँचें पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सिकल सेल रोग की पहचान, रोकथाम एवं उपचार संबंधी जानकारी भी आमजन को दी जाएंगी। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी संगठनों की सहभागिता भी रहेगी। संयोजक अजय मिश्रा और पंकज मिश्रा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना एवं सिकल सेल जैसे गंभीर रोग के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना है।

## स्लीपर बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी, 11 के कटे चालान

### परिवहन विभाग ने चेकिंग कर की कार्यवाही



**जागरण, रीवा।** परिवहन विभाग रीवा द्वारा स्लीपर एवं एसी बसों पर सुरक्षा मानकों को लेकर विशेष रूप से सघन जांच अभियान चलाया। आरटीओ रीवा ने यह कार्यवाही परिवहन सुरक्षा स्क्वॉड के साथ की। जांच के दौरान आरटीओ रीवा ने रतहरा स्थित नए बस स्टैंड पर जाकर वहा खड़ी की गई स्लीपर और एसी बसों में चढ़कर अग्निशामन यंत्र, आपातकालीन द्वार फर्स्ट एड बॉक्स आदि की जांच की । सुरक्षा मानकों से जुड़ी सभी चीज़ों की जाँच उपरांत आरटीओ रीवा ने यात्रियों से इसके संबंध में बात की तथा यात्रा कर रहे यात्रियों को भी सुरक्षा मानकों से संबंधित बातों की जानकारी दी। 42 बसों की जांच की गई और 11 बसों पर सुरक्षा मानक सही नहीं पाए गए। जिन पर चालानी कार्रवाई की गई। बसों में मुख्यतः अग्निशमन यंत्र एवं आपातकालीन द्वार का ना होना पाया गया। बताया गया कि मोटरयान अधिनियम के अनुरूप स्लीपर बसों में 10 किलोग्राम का फायर एक्सटिंग्विशर होना आवश्यक है जिसके लिए इन बसों की जांच कर इनके ऊपर चालान अधिरोपित किया । इसके अलावा स्लीपर बसों पर आपातकालीन द्वार एवं चालक के पीछे दरवाजे का बंद होना पाया गया। नियम विरुद्ध चलती पाई गई बसों पर परिवहन विभाग ने मौके पर ही 55000 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया और इन सभी वाहन स्वामियों को, तीन दिवस का समय प्रदान किया गया की सुरक्षा मानकों से जुड़ी सभी चीजें, जो स्लीपर एवं एसी बसों में होनी चाहिए, पूरी तरह सुरक्षित कर लें,अन्यथा इन सभी बसों का पंजीयन निलंबित कर दिया जाएगा।

## विश्वविद्यालय छात्रावास में बी-फार्मा के छात्र से मारपीट, फूटा सिर

### पीड़ित छात्र की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मामला आरोपियों की तलाश शुरू



**जागरण, रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के बालक छात्रावास में उस समय हड़कंप मच गया जब बाहरी छात्रों के दल ने छात्रावास में रह रहे बी फार्मा के छात्र को बेरहमी से पीटा। मारपीट में घायल छात्रा का सिर फूट गया जिससे वह लहूलुहान हो गया। बताया जा रहा है कि घटना बीती रात की है। पेट्रोल चोरी के शक में जूनियर छात्रों के बाहरी दोस्तो ने छात्र के साथ मारपीट की। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक विश्वविद्यालय के चंद्रशेखर मिश्र छात्रावास में शुक्रवार की देर रात हुई है। यहां जूनियर छात्रों से मिलने आए बाहरी छात्रों ने हॉस्टल के ही सीनियर छात्र पर गाड़ी से पेट्रोल चोरी का शक जाहिर करते हुए पहले तो विवाद किया और बाद में अपने अन्य साथियों के साथ हॉस्टल में घुसकर सीनियर छात्र पर हमला कर दिया। हॉस्टल के भीतर हुई मारपीट की घटना का वीडियो भी सामने आया है जिसमें बाहर से आए लड़कों द्वारा हॉस्टल में घुसकर मारपीट की जा रही है। फिलहाल हमले के दौरान एक छात्र के सिर पर गंभीर चोटें आईं, प्राथमिक उपचार के बाद उसने विश्वविद्यालय थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। घटना के संबंध में घायल छात्र आदित्य द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि वह बी फार्मा का स्टूडेंट है और विश्वविद्यालय के ही चंद्रशेखर मिश्र छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता है। पीड़ित छात्र के मुताबिक शुक्रवार की रात हॉस्टल में ही रहने वाले कुछ छात्रों के बाहरी दोस्त उनसे मिलने आए हुए थे, जिन्होंने हॉस्टल के बाहर खड़ी गाड़ी से पेट्रोल चोरी को लेकर हंगामा करना शुरू कर दिया। हालांकि मामूली कहासुनी के बाद मामला शांत हो गया लेकिन घटना के कुछ ही देर बाद वह अपने अन्य साथियों के साथ हॉस्टल आए और कमरे में घुसकर उसके साथ मारपीट करने लगे। पीड़ित छात्र के मुताबिक आरोपियों में शुभम और अजय जयसवाल नामक दो लड़के थे, जिनके द्वारा मारपीट जीनस घटना को अंजाम दिया गया है, वही विवाद को हॉस्टल में ही रहने वाले दो छात्रों ने बढ़ावा दिया था। फिलहाल पीड़ित के सिर पर रॉड से किए गए हमले के बाद गंभीर चोटें आई हैं, जिसका प्राथमिक उपचार कराने के बाद पीड़ित आज विश्वविद्यालय थाने पहुंचा है। ।

## कर्तव्य बोध से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा



**रीवा।** म.प्र.जिला शिक्षक संघ के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहट में कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् सेवानिवृत्त सहायक संचालक शिक्षा डॉ.आर.एन.वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी शत्रुघ्न प्रसाद पाण्डेय (शास्त्री जी), सेवानिवृत्त शिक्षक एवं जनपद सदस्य लालमणि नट, जिला संगठन मंत्री विजय पाण्डेय उपस्थित रहे। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य गिरीश सिंह ने की। मुख्य वक्ता डॉ.आर.एन.वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु शिष्य परम्परा में कर्तव्य बोध निहित है। उन्होंने कहा कि दोनों परस्पर मिलकर राष्ट्र के लिए कार्य करें। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो और परस्पर द्वेष न हो। अपने कर्मों के प्रति हमेशा समाज के हर व्यक्ति को सजग रहना चाहिये। यही कर्तव्य बोध का मूल है। उन्होंने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस एवं स्वामी विवेकानन्द के जीवन प्रसंगों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति निःस्वार्थ सेवा की प्रेरणा दी। जिला संगठन मंत्री विजय पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक बच्चों को शून्य से शिखर तक पहुंचाने का कार्य करता है जिससे समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण अविनाश गौतम, संचालन जीतेन्द्र कुमार चतुर्वेदी एवं आभार प्रदर्शन श्यामसुन्दर सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष अविनाश गौतम, नगर अध्यक्ष डॉ.राजेश शुक्ला, तहसील इकाई हुजूर के सचिव श्यामसुन्दर सिंह, विकासखण्ड रीवा के सह सचिव विष्णु द्विवेदी, विद्यालय के शिक्षक प्रवीण मिश्रा, अजय तिवारी, रामजीत यादव, सपना मिश्रा, समीना बानो, अमित मिश्रा, बृजेश त्रिपाठी, अजीत पाण्डेय, श्यामसुन्दर शुक्ला, बाबूलाल साकेत, सतेन्द्र त्रिपाठी, राजेश शुक्ला, अरुण तिवारी, मंगल प्रजापति, सीताशरण तिवारी, देवकांत चतुर्वेदी सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम् गायन से किया गया।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स का आगाज, खिलाड़ियों के चयन में पक्षपात

### आज भी होंगी कई प्रतियोगिताएं, 31 जनवरी तक होगा आयोजन



**जागरण,रीवा।** जिला स्तरीय खेलों एम.पी.यूथ गेम्स के प्रथम चरण में अपनी प्रतिभा का खिलाड़ियों ने शनिवार को प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आगाज स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में किया गया। शनिवार को रीवा, रायपुर कर्चुलियॉन, सिरमौर, जवा, गंगेव एवं त्योंथर विकासखण्ड के लगभग 500 बालक/बालिकाओं ने भाग लिया। जिनके द्वारा बास्केटबॉल, वॉलीबाल, कबड्डी, क्रिकेट एवं खो-खो खेल आयोजन में प्रतिभाग किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों के चयन संभाग के लिए किया गया। यहां से निकले खिलाड़ी राज्य स्तर पर भाग लेंगे। हालांकि खो-खो टीम के चयन में व्यापक पैमाने गड़बड़ी की गई है। कुछ चयन कर्ताओं ने अयोग्य खिलाड़ियों का चयन किया है। चर्चा है कि चयन टीन में एक निजी स्कूल का पीटीआई भी शामिल था जो अपने स्कूल के छात्रों को अलग-अलग ब्लाक दिखा कर चयन सूची में नाम रखा है। जबकि अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किनारे कर दिया गया है। हालांकि इसके जानकारी उच्च स्तर पर दी गई है। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी ने बताया कि 18 जनवरी को आज सुबह 10 बजे से पिट्ठू, टेबल-टेनिस, लॉनटेनिस, तैराकी, रस्साकसी, फुटबॉल एंव बॉक्सिंग खेल का जिला स्तरीय आयोजन कराया जाएगा। खेलों एम.पी.यूथ गेम्स में सभी पंजीयन करने वाले खिलाड़ियों से अपील की गई है कि वह समय पर खेल मैदान में उपस्थित दें। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय खेल और युवा कल्याण विभाग स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में संपर्क किया जा सकता है।

### निर्णायक मंडल में यह रहे शामिल

प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल में क्रिकेट खेल में फरीद खान, महेन्द्र सिंह, प्रवीण सिंह, कुशल थापा, वालीबॉल मे एमपी सिंह, एमके मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, अमर सिंह जाटव, प्रभुनारायण सिंह, वंदना सिंह, कबड्डी मे स्वदीप सिंह, दर्शना बाकड़े, पुष्पेन्द्र शर्मा, रीतिका शर्मा, दिलीप सिंह, प्रतिभा खरे, बॉस्केटबॉल में पुष्पराज मिश्रा, उपेन्द्र पाण्डेय, राखी सिंह चौहान, खो-खो में शिवम शुक्ला, नीरज द्विवेदी, सागर द्विवेदी, विकास कुमार सोनी, ज्योति सिंह, लवकुश मिश्रा, पप्पू प्रसाद यादव, जावेद अली, करना साकेत, ममता साकेत उपस्थित रहे।

## 7 वर्ष बाद खुला मुंह, बच्चे ने खाया खाना



**रीवा।** ओरा मैक्स दंत चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ अभिषेक मिश्रा ने एक बार फिर जबड़े की जटिल सर्जरी आयुष्मान योजना से कर के चिकित्सा जगत में सराहनीय कार्य किया है। 9 वर्षीय बालक दीपांशु साकेत जिसने आजतक कोई भी चीज मुंह खोल कर नहीं खाई थी, केवल दूध पानी दाल का पानी ही लेता था, शरीर का विकास भी 9 वर्ष के बालक की जगह 5 वर्ष की बच्चे का लग रहा था, घर वाले ने बताया मुश्किल से दल चावल पीस कर खिला पाते थे, कड़ी सब्जी फल रोटी को चाट लेता था । इतनी मुसीबतों में अपना बचपन जी रहे दीपांशु का दो वर्ष की उमर में छत से गिरने से जबड़े में चोट आ गई थी, शुरुवात में पता नहीं चला लेकिन दांत निकालने के साथ मुंह बंद होता चला गया, घर वाले परेशान होकर कई जगह इलाज के लिए गए लेकिन कोई रास्ता नहीं मिला। स्थानीय विंध्य हॉस्पिटल में कार्यरत स्टाफ ने डॉ अभिषेक मिश्रा से एक सर्जरी के दौरान अपने भाई की तकलीफ बताई। फिर सभी जरूरी जांच के बाद दीपांशु के ऑपरेशन का निश्चय किया। इस तरह का 17 ऑपरेशन कर चुके डॉ अभिषेक ने घर वाले को आश्वस्त किया कि बच्चे का मुंह पुनः खुलेगा। गत सप्ताह विंध्य हॉस्पिटल में ऑपरेशन कर के दोनों तरफ के जबड़े के जोड़ जो सर की हड्डी से चिपक गए थे उनको अलग किया ,तथा मरीज का पूरा मुंह खोला गया। बच्चा अब पूरी तरह से स्वास्थ लाभ ले रहा और अच्छे से भोजन कर रहा है। डॉ अभिषेक मिश्रा ने इस ऑपरेशन में विंध्य हॉस्पिटल प्रबंधन एवं ऑपरेशन थिएटर सहयोगी डॉ ऋतु सिंह मैडम एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, साथ में प्रदीप भैया, सोनू भैया, अंजली, विनीता दीदी, उमेश और हिरणकली दीदी को महत्वपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद दिया है।

## एआई से हुआ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव : डॉ.अच्युत पाण्डेय

### साइबर सिक्योरिटी एण्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अवेयरनेस विषय पर हुई कार्यशाला



**जागरण, रीवा।** शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में सायबर सिक्योरिटी एण्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अवेयरनेस विषय पर शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार तिवारी रहे। अन्य वक्ताओं ने डॉ. पंकज श्रीवास्तव, डॉ. जी.एन.सिंह, डॉ. एच.एन. गौतम, डॉ. डी.पी.शुक्ला, विशेषज्ञ के रूप में वक्तव्य दिया। कार्यशाला की अध्यक्ष प्राचार्य एवं प्रभारी अतिरिक्त संचालक रीवा संभाग डॉ. अर्पिता अवस्थी ने दैनिक जीवन में एआई की उपयोगिता के बारे जानकारी उपलब्ध करायी तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अच्युत पाण्डेय रहे। यह कार्यशाला भौतिकी एवं कम्प्यूटर विज्ञान विभाग एवं न्यू टेलेंट इंफोटेक सेल्यूसंस प्रा. लि. के संयुक्त तत्वाधान में सायबर सिक्योरिटी एण्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अवेयरनेस के प्रति महाविद्यालय के छात्रों को जागरूक कराना था। डॉ.अच्युत पाण्डेय ने कहा कि आज के युग में एआई ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य एआई के अनुसंधान में हो रहे विकास को समझना और इसके भौतिक शास्त्र तथा कंप्यूटर विज्ञान में उपयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना है। अभूतपूर्व विकास और इसके अनुसंधान एवं विकास के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने पिछले कुछ दशकों में तकनीकी दुनिया में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। यह न केवल कंप्यूटर विज्ञान, बल्कि भौतिक शास्त्र, जीवन विज्ञान, चिकित्सा और अन्य कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे एआई का उपयोग मौलिक भौतिकी अनुसंधान में, जैसे कण भौतिकी, क्वांटम कंप्यूटिंग, और आणिवक भौतिकी में नई खोजों के लिए किया जा सकता है।

मुख्य वक्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा की हमारे देश में एआई के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को नई दिशा देने की आवश्यकता है। इस व्याख्यान का आयोजन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह न केवल विभिन्न वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को एक मंच प्रदान करता है बल्कि यह छात्रों को एआई के क्षेत्र में अपनी रुचि और कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित भी करता है।

कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया और प्रतिभागियों को एआई के क्षेत्र में नए दृष्टिकोणों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. महानंद द्विवेदी, डॉ. प्रवीण कुमार विश्वकर्मा, प्रो. ओम प्रकाश शुक्ला, डॉ. कीर्ती मिश्रा, प्रो. शिवम तिवारी, प्रो.आशीष कुमार तिवारी, प्रो. राकेश पाण्डेय, प्रो. सौरभ पाण्डेय, प्रो. अतुल कुमार मिश्रा, प्रो. भीमनारायण तिवारी, प्रो. राहुल विश्वकर्मा, प्रो. धीरेन्द्र सिंह तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## खरमास खत्मः फिर भी नहीं होंगे शादी-विवाह अब शुक्र उदय होने का करना पड़ेगा इंतजार

### 4 फरवरी से शुरू होंगे मांगलिक कार्यक्रम, तैयारियां हो चुकी शुरू



**जागरण,रीवा।** सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने के बाद उत्तरायण हो जाते हैं और मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं लेकिन खरमास समाप्त होने के बावजूद जनवरी में विवाह के लिए कोई मुहूर्त नहीं है, इसके पीछे की वजह है कि अभी शुक्र अस्त हैं और शुक्र उदय होने के बाद शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त रहेंगे। जिससे अभी शादी विवाह लिए एक पखवाड़े का और इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक सूर्य जब गुरु की राशि में होते हैं तो खरमास लग जाता है और फिर मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। पिछले एक माह से सूर्य धनु राशि में थे, जिसके चलते खरमास में मांगलिक कार्यों पर रोक लगी थी। 14 जनवरी को रात्रि 9 बजे के बाद सूर्य मकर राशि में प्रवेश करने साथ सूर्य उत्तरायण हो गए। इसके साथ खरमास अब समाप्त हो गया और शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे लेकिन विवाह के लिए गरु और शुक्र का उदय होना बेहद आवश्यक है। गुरु उदय स्थिति में हैं लेकिन शुक्र 11 दिसम्बर से अस्त हैं और अभी उदय नहीं हुए हैं। जिसके कारण शादी-विवाह के आयोजन शुरू नहीं हो सकेंगे।

### इस साल यह मुहूर्त

फरवरी से विवाह के लिए मुहूर्त है, जिसमें 4, 8,10,15,19,20,21,24,25, 26, मार्च में 4 से 14 तक, अप्रैल में 15, 20, 21, 25 से 29 तक, मई में 1, 3 से 8, 12, 13, 14, जून में 19 से 29, जुलाई में 1,2,6,7, 8,11,12 तक विवाह मुहूर्त है। इसके बाद नवम्बर में 20, 21, 24, 25, 26 और 30, दिसंबर में 1 से 6 और 9,10, 11 और 12 दिसम्बर को विवाह मुहूर्त हैं।

### 1 फरवरी को शुक्र का उदय

जानकारी के मुताबिक शुक्र अस्त रहते हुए मांगलिक कार्य नहीं होते हैं, 1 फरवरी को शुक्र उदय हो जाएंगे। शुक्र उदय होने के बाद 2 दिन शुक्र का बालत्य दोष लगता है, जिससे 2 दिन के बाद यानी 4 फरवरी से विवाह के लिए शुभ मुहूर्त रहेंगे। 4 फरवरी के बाद शादी विवाह के आयोजन और मंगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे।

### बाजार में आ जाएगी रौनक

पिछले एक माह खरमास के चलते शादी-विवाह के आयोजन पर रोक के कारण बाजार में रौनक नहीं थी। अब 4 फरवरी से विवाह मुहूर्त शुरू होने के बाद बाजार में रौनक आ जाएगी। अभी से लोग विवाह के तैयारियां कर रहे है, आयोजन के लिए लॉन, बारात घर और मैरिज गार्डन बुक रहे हैं। इसके अलावा घोड़ा बग्घी, लाइटिंग, टेंट, बैंड बाजा समेत अन्य बुकिंग की जा रही है। इसके अलावा कपड़ा, बर्तन, विवाह की सामग्री की खरीदी भी शुरू कर दी गई है।



बेहद रोमांचक और खतरनाक सड़क, जहां मिलता है एनाकोंडा !!

# इतिहास, साहस और रोमांच की जीवित धरोहर

# हिंदुस्तान-तिब्बत रोड

बर्फ के बीच हाड़ कंपाती ठंड, मूसलाधार बारिश, आए दिन हो रहे भूस्खलन, पहाड़ से गिरते पत्थरों के बीच न डायनामाइट, न जेसीबी, न कोई ड्रिल मशीन..बस छैनी- हथौड़ी और इंसानी हौंसला। मौत के साए में दिन रात बिना रुके काम करते हुए 18 हजार मज़दूरों ने मौसम की बेदर्दी और पहाड़ की कठोरता पर जीत हासिल कर दिखाई और बना दी देश की सबसे रोमांचक और खतरनाक सड़क। इसी सड़क पर हमें एनाकोंडा के चट्टानी रूप से भी रूबरू होने का मौका मिलता है।

● संजीव शर्मा ●

हम बात कर रहे हैं राष्ट्रीय राजमार्ग-5 की। यह केवल एक सड़क भर नहीं, बल्कि इतिहास, साहस और रोमांच की जीवित धरोहर है। यह इंसानी जिद का प्रमाण है। जिसमें महज हाथों ने असंभव को संभव बनाते हुए न केवल मजबूत पहाड़ों को काट डाला बल्कि झुकने पर भी मजबूर कर दिया। कभी हिंदुस्तान-तिब्बत रोड कहलाने वाली यह सड़क कालका से शुरू होकर शिमला, रामपुर, किन्नौर और शिपकिला दर्रे तक जाती है। लगभग 450 किलोमीटर लंबी यह पहाड़ी राह सतलुज नदी के साथ-साथ चलती हुई हिमालय के सबसे दुर्गम और सुंदर इलाकों से गुजरती है। आर्थिक एवं रणनीतिक महत्व के कारण यह सड़क देश की किसी भी आधुनिक सड़क से पीछे नहीं है। अब जब भी आप इस सड़क से गुजरे तो हजारों श्रमिकों के परिश्रम और अनुकरणीय इंजीनियरिंग को याद करना नहीं भूलें। हिंदुस्तान-तिब्बत रोड पर चलना सिर्फ ड्राइव नहीं है—यह हिमालय से आमने-सामने संवाद है। अगर आप रोमांच चाहते हैं, डर से दोस्ती करना चाहते हैं और इतिहास को महसूस करना चाहते हैं तो इस सड़क पर एक बार ज़रूर चलिए। यह एक ऐसी सड़क है, जो हमें प्रकृति की विराटता, मानव साहस और इतिहास की गहराइयों से जोड़ देती है। सड़क कभी इतनी संकरी हो जाती कि लगता—अब आगे कुछ नहीं है। एक के बाद एक खतरनाक अंधे मोड़, सीधी खड़ी चट्टानों, सैकड़ों फीट नीचे पूरे वेग से बहती सतलुज नदी और सामने से एकाएक आ जाने वाले वाहनों के कारण हाथ अनायास ही स्टीयरिंग पर कस जाते हैं और सांसें खुद-ब-खुद धीमी हो जाती हैं।

**बाबा भलकू का योगदान :** इस सड़क के निर्माण में एक स्थानीय व्यक्ति बाबा भलकू का भी अतुलनीय योगदान बताया जाता है। बाबा भलकू को पहाड़ों की बनावट और भूगोल ज्ञान का गहरा अनुभव था। उन्होंने हिंदुस्तान-तिब्बत रोड के सर्वेक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही वजह है कि मशोबरा के ऊपर एक सड़क का नाम भी उनके सम्मान में भलकू रोड रखा गया है।

**भारत चीन युद्ध में हुआ उपयोग :** इस सड़क की असली उपयोगिता 1962 में भारत चीन युद्ध के दौरान साबित हुई। बताया जाता है कि उस समय भारतीय सेना के पास सीमावर्ती इलाकों तक पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता था और गोला बारूद से लेकर जवानों एवं राशन भेजने के लिए भी इसी रास्ते का इस्तेमाल हुआ। इस सड़क की मजबूती का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि सन 2000 में किन्नौर में सतलुज नदी में आई भयंकर बाढ़ के दौरान तमाम सड़कें टूट गई लेकिन यह सड़क राहत का जरिया बनी रही।

## लॉर्ड डलहौजी ने बनाई योजना

हिमाचल प्रदेश की इस अनूठी सड़क की कहानी शुरू होती है 1850 में जब भारत पर अपने शासन प्रशासन की पकड़ मजबूत करने के बाद अंग्रेज सरकार ने व्यापार व्यवसाय पर अपना ध्यान केंद्रित करना शुरू किया। तब तत्कालीन अंग्रेज गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौजी ने भारत को तिब्बत से जोड़ने के लिए इस महत्वाकांक्षी सड़क परियोजना को हाथ में लिया। ब्रिटिश हुकूमत का प्राथमिक उद्देश्य भारतीय वस्तुओं को तिब्बत के रास्ते आगे तक बेचना और वहां से जरूरी सामान की भारत तक आवाजाही सुनिश्चित करना था। कहा तो यह जाता है कि खुद लॉर्ड डलहौजी ने इस भारत तिब्बत सड़क की शुरुआती रूपरेखा (डीपीआर) तैयार की और फिर इस सड़क का ब्लूप्रिंट ब्रिटिश आर्मी के कमांडर इन चीफ सर चार्ल्स नेपियर को सौंपा। इसमें मेजर ब्रिग्स की भी अहम भूमिका थी।

## एनाकोंडा के सिर के समान पहाड़

वैसे तो यह पूरी सड़क अपने आप में मानवीय कुशलता,इंजीनियरिंग और श्रम का उत्कृष्ट नमूना है लेकिन इसमें भी सबसे खास है तरंडा ढांक क्योंकि किन्नौर जिले के इस इलाके में करीब ढाई किलोमीटर पहाड़ को बीच से काटकर सड़क बनाई गई है और पहाड़ का यह टुकड़ा विशाल एनाकोंडा के सिर की तरह नज़र आता है। यहां पहाड़ ही सड़क है और पहाड़ ही आपकी छत। इसके बीच से निकलती गाड़ियां ऐसी लगती हैं जैसे पहाड़ ने अपना जबड़ा खोलकर उन्हें रास्ता दिया हो। सड़क के इस अविश्वसनीय भाग के निर्माण का श्रेय एक भारतीय इंजीनियर राजबहादुर सिंह को दिया जाता है। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग में कार्यरत राजबहादुर सिंह ने हिमाचल के कई दुर्गम क्षेत्रों में सड़कों का जाल फैलाया।

## पहाड़ सा मुश्किल था लक्ष्य

इस परियोजना पर अमल आसान नहीं था क्योंकि 1850 में जब इस सड़क का निर्माण शुरू हुआ था तब न तो आज की तरह पहाड़ों का सीना चीर देने वाली मशीन थीं और न ही ब्लास्टिंग तकनीक। तब केवल हाथों में छैनी और हथौड़ी लिए आत्मविश्वास से भरपूर इंसान थे। अंग्रेजों ने सड़क निर्माण में 18 हजार भारतीय मजदूरों को अनजान से पहाड़ के सामने खड़ा कर दिया। जान की परवाह किए बिना इन मजदूरों ने अपने हाथों से विशाल पहाड़ काट दिया। उन्होंने न तो कड़कड़ाती ठंड की परवाह की,न बर्फबारी उनका हाथ रोक पाई और न ही भूस्खलन और मूसलाधार बारिश से उनके हौसलों पर कोई फर्क पड़ा। इस दुर्गम लक्ष्य को हासिल करने के दौरान कई श्रमिकों को अपना बलिदान देना पड़ा। कभी पहाड़ से गिरते भारी भरकम पत्थरों के नीचे दबकर, तो कभी प्राकृतिक आपदाओं का शिकार बनकर 122 मजदूरों को जान गंवानी पड़ी। इनकी स्मृति में जेओरी में एक गुमनाम सा स्मारक भी है।

## तिब्बत के साथ व्यापार का जरिया

सड़क को बनने में भले ही कई साल में लग गए लेकिन तब से अब तक यह सड़क हिमाचल को सालाना लाखों करोड़ों रुपए का व्यापार देती आ रही है। हम इसे हिमाचल की आर्थिक जीवन रेखा या इकोनॉमिक लाइफलाइन ऑफ हिमाचल भी कह सकते हैं। दरअसल, उस समय ब्रिटिश हुकूमत का मकसद तिब्बत तक अपने व्यापार और प्रभाव को बढ़ाना था। तिब्बत के व्यापारी उस समय रेशम, ऊन, नक्काशीदार वस्तुएं,चमड़े का सामान,नमक और बेशकीमती मखमल लाते थे जबकि भारत के व्यापारी चावल, तेल, फल, सूखे मेवे और किन्नौरी राजमा सहित तमाम चीजें वहां भेजते थे । शिमला जिले के रामपुर में अभी भी लगने वाला पारंपरिक लवी मेला इस व्यापार का गढ़ होता था। इसी वजह से तब इसे लोगों ने सिल्क रुट ऑफ़ द हिमालय कहना भी शुरू कर दिया था। यह सड़क अब किन्नौर के सबसे मीठे, क्रिस्पी और लज़ीज़ सेब और मटर का मीठा स्वाद देश के अन्य इलाकों तक पहुंचाने का माध्यम है। यह हमें देश के सबसे अच्छे राजमा और चिलगोजा उपलब्ध कराती है।



# न ताज, न सिंहासन... इथियोपिया का गुलाम बना दक्कन का बादशाह

# मलिक अंबर



पिछले दिनों इथियोपिया के दौरे पर पीएम मोदी को वहां के सर्वोच्च अवॉर्ड 'ग्रेट ऑनर निशान' से सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने मलिक अंबर की कहानी सुनाई। कौन था अफ्रीका में जन्मा वह शख्स, जिसे गुलाम बनाकर बेचा गया। लेकिन भारत की धरती पर उसने अपनी अक्ल, रणनीति और हौसले से ऐसा इतिहास रचा कि मुगल सम्राट तक उससे खौफ खाने लगे।

भारत और इथियोपिया के संबंध लगभग 2,000 साल पुराने हैं। भारत-इथियोपिया के सदियों पुराने इस रिश्ते में मलिक अंबर की अविश्वसनीय कहानी छिपी है। बिना ताज पहने, बिना बादशाह बने, वह दक्कन की सत्ता का असली सूत्रधार बन गया। जिसकी गुरिल्ला युद्ध नीति ने मुगलों को वर्षों तक रोके रखा और मराठा शक्ति की नींव रखी।

**कौन थे मलिक अंबर ? :** मलिक अंबर का जन्म 1548 के आसपास इथियोपिया, जो उस समय अबीसीनिया हुआ करता था, में हुआ था। वह ओरोमो या अब विलुप्त माया जनजाति से जुड़े समूह से थे। क्षेत्रीय संघर्ष में अरब व्यापारियों ने मलिक को 20 डुकट में यमन के व्यापारियों को बेच दिया। यमन से उन्हें बदगाग लाया गया और उन्हें जबरन इस्लाम धर्म कबूल कराया गया। उनके मालिक मीर कासिम अल बगदादी ने उनका नाम अंबर रखा।

**दक्कन में मलिक की एंट्री :** 1560 के दशक के अंत या 1570 के दशक की शुरुआत में, उन्हें भारत में गुलाम बनाए गए एक पूर्व हब्शी चंगेज खान ने खरीदा था। कई हाथों से बिकने के बाद वे दक्कन पहुंचे, जहां उनकी बुद्धिमत्ता और नेतृत्व क्षमता पहली बार सामने आई। कई रिसर्चों से पता चलता है कि चंगेज खान अहमदनगर में निजाम शाही के रीजेंट मंत्री थे। इस अवधि के दौरान, अंबर ने निजाम के दरबार में बढ़ती जिम्मेदारियां संभालीं, जहां उन्होंने कूटनीति और सैन्य रणनीति और संगठन के बारे में देखा और सीखा। उन्होंने बीजापुर सल्तनत के साथ अपना सैन्य करियर शुरू किया। उनसी वीरता के लिए 'मलिक' उपाधि दी गई। लगभग 1575 में चंगेज खान की मृत्यु के बाद अंबर को मुक्त कर दिया गया।

**बनाई खुद की सेना :** मलिक अंबर को जिस समय आजादी मिली थी, उस समय दक्कन में केवल चार प्रमुख सल्तनत ही हुआ करती थी। मलिक ने करीब 150 गुलामों की एक फौज तैयार की और पैसे लेकर युद्ध लड़ता था। अहमदनगर सल्तनत के पतन के दौर में मलिक अंबर ने सत्ता संभाली। वे पेशवा/वजीर बने और नाबालिग निजामशाह के नाम पर शासन चलाया। हो सकता था। अकबर और जहांगीर के समय में मलिक की मुगलों से कई लड़ाईयों हुईं। अंबर ने गुरिल्ला युद्ध नीति अपनाई। मलिक ने छत्रपति शिवाजी के दादा मल्लोजी भोसले और उनके पिता, शाहजी भोसले जैसे मराठा सरदारों के साथ गठबंधन किया। उन्होंने दिल्ली के आक्रमणकारियों के खिलाफ साझा अभियान चलाए और मुगलों को आगे बढ़ने से रोक दिया।

1626 में मलिक अंबर का निधन हुआ। लेकिन उनकी रणनीति, मराठा-मुगल संघर्ष की दिशा और दक्कन की राजनीति पर उनकी छाप अमिट रही।

### लग्जरी ब्रांड किरिकिन ने भारत में लॉन्च किया इंडिजिनस ऑस्ट्रेलियन फैशन

# किरिकिन फैशन शो



अपनी धरती और कला की संस्कृति को एक पहचान के रूप में स्थापित करने की कड़ी में लग्जरी ब्रांड किरिकिन भारत में इंडिजिनस ऑस्ट्रेलियन फैशन लाया है। किरिकिन कई देशों में अपने कलेक्शन का जलवा दिखा चुका है और एक मजबूत इंटरनेशनल पहचान बन रहा है।

● शुभांगी शाह ●

नई दिल्ली में ऑस्ट्रेलियन हाई कमीशन में किरिकिन के भारत में डेब्यू के मौके पर एक खास शाम आयोजित की गई, जिसमें किरकिन से परिचय कराया गया। यह एक इंडिजिनस ऑस्ट्रेलियन लग्जरी फैशन लेबल है जिसे ऑस्ट्रेलिया में डिजाइन किया गया है और भारत में बनाया गया है। ऑस्ट्रेलियन हाई कमीशन, सेंटर फॉर ऑस्ट्रेलिया-इंडिया रिलेशंस और फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के बीच एक पार्टनरशिप में, इस इवेंट ने क्रॉस-कल्चरल एक्सचेंज का जश्न मनाया, क्योंकि इसने फैशन के जरिए फर्स्ट नेशंस ऑस्ट्रेलियन्स (ऑस्ट्रेलिया के इंडिजिनस लोगों के लिए इस्तेमाल होने वाला शब्द) की कहानी को भारत तक पहुँचाया। फर्स्ट नेशंस ऑस्ट्रेलियन्स के जमीन, पानी और नेचर के साथ गहरे जुड़ाव की झलक कलेक्शन के मिट्टी जैसे हरे, समुद्री नीले और धूप से जगमगाते नारंगी रंगों में नजर आती है। सोशल एंटरप्रेन्योर और वोनारुआ की महिला अमांडा हीली द्वारा शुरू किया गया यह ब्रांड, हाथ से पेंट किए गए फर्स्ट नेशंस आर्टवर्क को शानदार लग्जरी रिसॉर्टवियर और एक्सेसरीज में बदलता है।

## एक जैसा इतिहास

भारत में डेब्यू और देश को एक फैशन मार्केट के तौर पर देखते हुए, हीली ने द वीक को बताया, रंग, पैटर्न और डिजाइन के लिए हमारा प्यार एक जैसा है, जो हमें नैचुरल पार्टनर बनाता है। हम यहां सॉफ्ट फैब्रिक के लिए भी प्यार देखते हैं। सबसे बढ़कर, कॉलोनियल असर के मामले में हमारी विरासत एक जैसी है। हमारा इतिहास आपके इतिहास जैसा है।

ब्रांड लगभग सब कुछ भारत में बनाता है। फाउंडर-डायरेक्टर कहते हैं, हम कभी-कभी ऑस्ट्रेलिया में थोड़ा बहुत काम करते हैं, लेकिन आम तौर पर सब कुछ यहीं बनता है। भले ही डिजाइन्स हम ऑस्ट्रेलिया में बनाते हों, लेकिन हम यहीं के फैब्रिक इस्तेमाल करते हैं। मैंने आपके फैब्रिक की शानदार क्वालिटी की वजह से भारत को अपना बड़ा सप्लायर चुना। वह कहती हैं, हमें यूरोप से बहुत सपोर्ट मिलता है, शायद इसलिए क्योंकि वहां कॉलोनाइजेशन के लंबे समय तक चलने वाले असर को गहराई से पहचाना जाता है।

और यह सही भी है, क्योंकि फैशन में सस्टेनेबिलिटी को लेकर बातचीत बढ़ रही है। एक ऐसी इंडस्ट्री जिसकी अक्सर अपने प्रदूषण और कचरे के लिए बुराई की जाती है। हालांकि, दुनिया भर के आदिवासी समुदायों ने लंबे समय से दिखाया है कि प्रकृति के साथ बैलेंस में कैसे रहना है। हीली ने बताया, हम अभी भी इस ग्रह पर बहुत अनोखे हैं और समझते हैं कि इसके साथ तालमेल में कैसे रहना है।




## किरिकिन यानी रविवार के सबसे अच्छे कपड़े

'किरिकिन शब्द', जिसका मतलब है रविवार के सबसे अच्छे कपड़े, वोनारुआ लोगों के लिए खास मतलब रखता है। यह शब्द 1820 के दशक में ऑस्ट्रेलिया में मिशनरियों द्वारा रिकॉर्ड की गई ओरिजिनल भाषा से जुड़ा है और यह वोनारुआ लोगों की भाषा को फिर से जिंदा करने के लेबल के कमिटमेंट का सिंबल बन गया है।

**फोकस**

# रूस, चीन के हौसले बुलंद करेगा ट्रंप का रवैया

"इक्कीसवीं सदी में ट्रंप प्रशासन बढ़ते चीनी और रूसी प्रभाव को रोकना चाहता है। पूरे पश्चिमी गोलार्ध को, जो उत्तर में कनाडा और ग्रीनलैंड से लेकर मध्य में कैरेबियन सागर और सुदूर दक्षिण में अर्जेंटीना तक फैला है, ट्रंप प्रशासन अपने लिए आसान मानता है, लेकिन वेनेजुएला में ट्रंप की कार्रवाई से पुतिन और जिनपिंग का हौसला ही बढ़ेगा। यदि सबसे शक्तिशाली देश 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' की नीति अपनाता है, तो क्षेत्रीय क्षत्रपों को ऐसा करने से भला कौन रोक सकता है?

● राजन कुमार ●

अमेरिकी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए ट्रंप प्रशासन द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ कर अमेरिका लाने और उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की घटना ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। इसने वैश्विक नेताओं के बीच भय, पीड़ा और बेबसी की भावना पैदा कर दी है। नैतिकता की सभी सीमाओं को पार करते हुए ट्रंप ने घोषणा की कि वेनेजुएला में भारी मात्रा में तेल और दुर्लभ खनिज मौजूद हैं, और वह उन संसाधनों का दोहन करने के लिए अमेरिकी कंपनियों को भेजेंगे। यदि ट्रंप को नहीं रोका गया, तो वेनेजुएला उनकी साम्राज्यवादी योजनाओं का पहला कदम साबित हो सकता है। ट्रंप ने बार-बार डेनमार्क से ग्रीनलैंड छीनने की इच्छा जाहिर की है। उनकी टीम ने, जिसमें विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ शामिल हैं, बार-बार कहा है कि मादुरो की गिरफ्तारी से क्यूबा में सत्ता का पतन आसान हो जायेगा। क्यूबा, मेक्सिको और कोलंबिया भी जबरदस्ती की कार्रवाई के अगले शिकार हो सकते हैं। ट्रंप के पास गाजा के लिए भी योजनाएं हैं। ये खतरे वास्तविक हैं और इन्हें 'पागल के सपने' कहकर खारिज करना घातक साबित हो सकता है। ट्रंप एक साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा वाले व्यक्ति हैं। वह रूढ़िवादी विचारधारा वाले 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' आंदोलन का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो अमेरिका के वैश्विक प्रभाव में तेजी से हो रही गिरावट से नाराज है और उसके पुराने गौरव को पुनः स्थापित करना चाहता है। ट्रंप के लिए कानून, नियम और नैतिकता कोई मायने नहीं रखते। आखिरकार, ट्रंप की रणनीति क्या है और वह क्या हासिल करना चाहते हैं? ट्रंप का मानना है कि अमेरिका का वाणिज्यिक और भू-राजनीतिक प्रभाव तेजी से घट रहा है। उनके मुताबिक, उदार व्यापार व्यवस्था से चीन को फायदा हुआ है और अमेरिका खोखला हो गया है।



## 19वीं सदी से प्रभावित

ट्रंप 19वीं सदी के अमेरिका से प्रभावित प्रतीत होते हैं। मादुरो की गिरफ्तारी के तुरंत बाद मार-ए-लागो में दिये गये भाषण में उन्होंने अपनी नीति को 1823 के मोनरो सिद्धांत के पुनरुद्धार के रूप में प्रस्तुत किया। उस सिद्धांत का उद्देश्य लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में यूरोपीय हस्तक्षेप को रोककर पश्चिमी गोलार्ध में अमेरिकी वर्चस्व स्थापित करना था। इक्कीसवीं सदी में ट्रंप प्रशासन यूरोपीय प्रभाव को नहीं, बल्कि बढ़ते चीनी और रूसी प्रभाव को रोकना चाहता है। पूरे पश्चिमी गोलार्ध को, जो उत्तर में कनाडा और ग्रीनलैंड से लेकर मध्य में कैरेबियन सागर और सुदूर दक्षिण में अर्जेंटीना तक फैला है, ट्रंप प्रशासन अपने लिए आसान मानता है।

## ट्रंप अपनी महत्वाकांक्षाओं में सफल होंगे?

हमारे सामने इस विषय से संबंधित तीन महत्वपूर्ण प्रश्न हैं - क्या ट्रंप अपनी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं में सफल होंगे? चीन इस तरह के हथकंडों पर क्या प्रतिक्रिया देगा? और भारत के लिए क्या जटिलताएं होंगी? वाशिंगटन ने भले ही मादुरो को सत्ता से बेदखल कर दिया हो, पर वेनेजुएला पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करना अब भी एक दूर का सपना है। ट्रंप की एकमात्र रुचि वेनेजुएला के संसाधनों पर कब्जे की है, न कि राजनीतिक स्थिरता या लोकतंत्र की स्थापना में। ट्रंप की यह योजना पूरे क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता को बढ़ावा दे सकती है। ब्राजील को छोड़कर लैटिन अमेरिका और कैरेबियन के अधिकांश देश छोटे हैं और अमेरिकी शक्ति के सामने कमजोर हैं। पर अतीत में अमेरिका द्वारा कई सरकारों को गिराने के प्रयासों के कारण इस क्षेत्र में अमेरिका विरोधी भावना बहुत प्रबल है। ट्रंप का वेनेजुएला अभियान पनामा में चलाये गये एक अभियान के समान था, जहां 36 वर्ष पहले मैनुअल नोरीगा को अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उससे पहले 1954 में ग्वाटेमाला के निर्वाचित राष्ट्रपति जैकोबो अर्बेंज गुजमैन को अमेरिकी समर्थित स्थानीय लड़ाकों ने सत्ता से हटा दिया था।

## अमेरिकी हस्तक्षेपों का लंबा इतिहास

वर्ष 1961 में राष्ट्रपति कैनेडी ने क्यूबा में फिदेल कास्त्रो को उखाड़ फेंकने के लिए बे ऑफ पिग्स आक्रमण की योजना बनायी थी। हालांकि, वह आक्रमण विफल रहा था। ब्राजील में, अमेरिकी सीआइए ने 1964 में एक सैन्य तख्तापलट का समर्थन किया और 1985 तक अमेरिका समर्थक तानाशाही कायम रही। वर्ष 1973 में अमेरिका ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित चिली के राष्ट्रपति सल्वाडोर अलेंदे को सत्ता से हटा दिया था। उनके उत्तराधिकारी, जनरल ऑगस्टो पिनोशे ने एक दमनकारी दक्षिणपंथी शासन का नेतृत्व किया। संक्षेप में, लैटिन अमेरिका और कैरेबियन में अमेरिकी राजनीतिक व सैन्य हस्तक्षेपों का लंबा इतिहास रहा है, हालांकि इसकी सफलता दर बहुत कम है। ट्रंप के हस्तक्षेप कुछ हद तक इराक, लीबिया, सीरिया, अफगानिस्तान और गाजा जैसी स्थितियों के समान हो सकते हैं, जिनसे राजनीतिक व सामाजिक अराजकता पैदा हुई। ट्रंप द्वारा मादुरो को सत्ता से हटाने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन नहीं मिल रहा। इटली और कुछ अन्य कठपुतली देशों को छोड़ किसी बड़े देश ने इसका समर्थन नहीं किया है। यहां तक कि नाटो देश भी ट्रंप के कदम से नाराज और चिंतित हैं। वेनेजुएला में ट्रंप की कार्रवाई से पुतिन और जिनपिंग का हौसला बढ़ेगा। यदि सबसे शक्तिशाली देश 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' की नीति अपनाता है, तो क्षेत्रीय क्षत्रपों को ऐसा करने से कौन रोक सकता है? वास्तव में, दुनिया अति राष्ट्रवाद, क्षेत्रीय विस्तारवाद और गिरोह पूंजीवाद से ग्रस्त एक खतरनाक दौर में प्रवेश कर रही है।

**भारत की क्या हो नीति ? :** इन परिस्थितियों में भारत को किस प्रकार की नीति अपनानी चाहिए? नयी दिल्ली का रवैया बहुत कूटनीतिक और सतर्क है। टैरिफ पर चल रही व्यापार वार्ता को देखते हुए वह ट्रंप प्रशासन को नाराज नहीं करना चाहती। इसलिए, यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस की निंदा न करने की तरह भारत अमेरिका की निंदा नहीं करेगा। भारत के लिए वेनेजुएला बहुत दूर का देश है और अमेरिका से टकराव मोल लेना यथोचित नहीं है। हालांकि, उसे यह समझना होगा कि यदि वह संकट के समय वैश्विक दक्षिण के देशों का साथ नहीं देता है, तो वे चीन की ओर रुख करेंगे। यह वैश्विक दक्षिण में नेतृत्व की उसकी महत्वाकांक्षा के लिए अच्छा नहीं है। ट्रंप किसी के हितैषी नहीं हैं और जरूरत पड़ने पर भारत का इस्तेमाल करेंगे, और जब कोई लाभ नहीं होगा, तो दरकिनार कर देंगे।

## न्यूज कार्नर

### लघु वेतन कर्मचारी संघ ने सौंपा सद्बुद्धि ज्ञापन

**रीवा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के उप प्रांताध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष के.सी. त्रिपाठी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी 55 जिलों में पांचवें चरण के आंदोलन में 15 बिंदुओं का मांग पत्र भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए कर्मचारी हितार्थ सद्बुद्धि ज्ञापन सौंपा गया। जिसे बाद में मुख्य मंत्री और मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन की ओर स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा गया। इसके पहले का ज्ञापन कलेक्टर, कमिश्नर और उप मुख्यमंत्री के माध्यम से भेजा गया था लेकिन कोई भी मांग पूरी नहीं होने से एक मिसाल पेश करते हुए अदभुत तरीके से मांग पत्र प्रेषित किया गया है। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से नेपाल सिंह त्रिवेणी शुक्ला छोटेलाल गुप्ता चंदन लाल शिवेंद्र पांडेय विपिन पाण्डेय दीपक साकेत वसुधा पटेल मनोरंजन यादव बृजेंद्र द्विवेदी धर्मपाल पटेल मनोज पटेल नरोत्तम पटेल रामजी विश्वकर्मा अजय सिंह सूर्यबली बुनकर अभिषेक श्रीवास्तव रानी पासी रीना मिश्रा ऋषि तिवारी प्रभु दयाल बुद्धसेन दीपक समुदरें सीताराम चमकेल अमित सुनील धर्मेंद्र देवेंद्र संतोष सेन सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कवि ललित व्यास पांडे 'विंध्यपुत्र' को भोपाल में मिला विंध्य गौरव अवार्ड



**रीवा।** विंध्य की धरा सदैव से ही प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों से भरी रही है। यहां के कवि, शायर गीतकार सदैव विंध्य का नाम विंध्य क्षेत्र के बाहर रोशन करते रहे हैं। स्नेहा इवेंट मैनेजमेंट मुंबई द्वारा राजधानी भोपाल में आयोजित विंध्य गौरव अवार्ड कार्यक्रम में विंध्य क्षेत्र के रचनाकार कवि व शिक्षक ललित व्यास पांडे विंध्यपुत्र को राजधानी भोपाल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु विंध्य गौरव अवार्ड डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला व वरिष्ठ कांग्रेस नेता पीसी शर्मा के हाथों दिया गया। विंध्य क्षेत्र के रचनाकारों कवियों ने ललित व्यास पांडे को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बधाई शुभकामनाए दी वहीं ललित व्यास पांडे ने स्नेहा इवेंट मैनेजमेंट मुंबई के संस्थापक विष्णु मिश्रा को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### कलम परिवार ने किया बघेली कवि 'भ्रमर' का सम्मान



**रीवा।** विंध्य काव्य-साहित्य परिषद कलम परिवार द्वारा स्थानीय शांतिधाम में आयोजित मकर संक्रांति काव्य गोष्ठी में विंध्य क्षेत्र के जाने-माने बघेली कवि एवं बघेली साहित्य सेवा मंच के अध्यक्ष भृगुनाथ पांडे 'भ्रमर' को उनकी साहित्यिक सेवाओं के निमित्त 'विंध्य विरासती सम्मान' प्रदान किया गया। कलम परिवार के संरक्षक भ्रमर को सम्मान मिलने पर अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा मणि, चाकघाट से सुधाकांत त्रिपाठी बेलाला, त्योंथर से रामसुख सफाया, सीधी से रामगरीब विकल, लालगांव से आशीष तिवारी निर्मल के साथ स्थानीय कलम परिवार के रचनाकार सदस्यों ने हर्ष व्यक्त कर भ्रमर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कलम परिवार के महासचिव रामकृष्ण द्विवेदी ने भी शुभकामनायें प्रेषित की है।

### एमपी बिरला सीमेंट का तकनीकी समिट: इंजीनियरों के लिए नई पहल



**रीवा।** एम पी बिरला सीमेंट ने सायाजी होटल में आकांक्षा प्रोग्राम में पंजीकृत इंजीनियरों के लिए टेक्निकल समिट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में रीवा और सतना जिले के इंजीनियरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मुख्य अतिथि अभिजीत घोष (नेशनल हेड, टेक्निकल एवं डिजिटल मार्केटिंग) ने आकांक्षा लॉयल्टी प्रोग्राम के महत्व और इंजीनियरों के लिए इसके लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेष अतिथि मनीष जैन (स्टेट हेड टेक्निकल, एमपी) ने कंपनी के उत्पादों और वैल्यू एडेड प्रोडक्ट्स की तकनीकी विशेषताओं और टिकाऊ निर्माण में उनके योगदान पर जानकारी दी। गेस्ट स्पीकर डॉ. संतोष मिश्रा (प्रसिद्ध वास्तु शास्त्री) ने निर्माण में वास्तु के सही और समग्र उपयोग पर गाइड किया, जिससे इंजीनियरों को व्यावहारिक टिप्स प्राप्त हुए। आयोजन में अरुण शर्मा (वीएपीहेड) ने कंस्ट्रक्शन केमिकल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राकेश श्रीवास्तव (रीजनल हेड, सेल्स, सतना) ने सभी इंजीनियरों को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विशेष धन्यवाद दिया तथा एम पी बिरला सीमेंट के उत्पाद रक्षक सीमेंट, परफेक्ट प्लस सीमेंट का अधिकाधिक उपयोग तथा पूर्वी मध्य प्रदेश में सर्वाधिक उपयोग के लिए आभार व्यक्त किया। समिट में सभी आकांक्षा पंजीकृत इंजीनियरों को पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरित किए, जिसे प्रतिभागियों ने उत्साह और गर्व के साथ प्राप्त किया। आयोजन में कंपनी की ओर से रावेंद्र गुप्ता, (ब्रांच हेड), अनुप नायक, सुदीप बनर्जी, सनत त्रिपाठी (ब्रांच टेक्निकल हेड) एवं सेल्स ऑफिसर विशाल, सर्वेश, अशोक, सेल्स प्रमोटर- आनंद पंजवानी, अजय जयसवाल, भरत मंगलानी उपस्थित रहे।

# हिन्दू धर्म परिषद कराएगा 11 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण और पूजन

### मनकामेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर होगा आयोजन



**रीवा।** आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव में हिन्दू धर्मपरिषद लगातार दूसरे वर्ष में कोठी कम्पाउंड स्थित मनकामेश्वरनाथ मंदिर में 11 हजार पार्थिव शिवलिंगो का निर्माण एवं पूजन करायेगा जिसमें नगर के शिव भक्त इस कल्याणारी यज्ञ में अपनी सहभागिता करेगे। तैय्यारियॉ प्रारंभ कर दी गई है। हिन्दू धर्म परिषद के संरक्षक मार्गदर्शक डॉ. सी.बी.शुक्ला, डॉ.के.के.परौहा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. रहुल मिश्रा, विजय मोहन तिवारी के द्वारा किये गये प्रस्ताव के अनुरूप आयोजन कराया जायेगा। संस्थापक नारायण डिगवानी एवं पं. अवनीश शर्मा के मार्गदर्शन में सुबह 10:00 बजे से शिवलिंगों का निर्माण प्रारंभ होगा एवं शाम 06 बजे आरती पश्चात् विसर्जन कराया जायेगा। परिषद के अध्यक्ष उमेश कुशवाहा द्वारा आयोजन की व्यवस्था के लिये आयोजन समिति बनाई गई है जिसमें संयोजक सुमित मॉजवानी, संरक्षक अवधेश श्रीवास्तव, इंजी. राजेश श्रीवास्तव, महिला अध्यक्ष ममता नरेन्द्र सिंह, दीपक बाधवानी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम संयोजक डिगवानी ने बताया कि पार्थिव शिवलिंगो के निर्माण के लिये तालाब से पवित्र मिट्टी मॅगाई जाकर विधिवत पूजा अर्चना की जायेगी। लोक कल्याण कारी शिवलिंगों के निर्माण से पारिवारिक उन्नति होती है और समस्त कष्टो से मुक्ति मिलती है।

# मातृशक्ति की विशाल शोभायात्रा से गूंजा सनातन संदेश



**रीवा।** हिन्दू समाज में जागरण, सनातन चेतना और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन के एक दिन पूर्व शनिवार को मातृशक्ति के नेतृत्व में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा आगामी सम्मेलन का सशक्त संदेशवाहक बनकर नगर में सनातन संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता का वातावरण रचती दिखाई दी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएँ केसरिया वस्त्र धारण कर, हाथों में ध्वज, कलश एवं धार्मिक प्रतीक लिए भजन-कीर्तन करती हुई चल रही थीं। भारत माता की जय, जय सनातन धर्म, वसुधैव कुटुम्बकम जैसे जयघोषों से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। यात्रा के दौरान मातृशक्ति ने यह संदेश दिया कि सनातन संस्कृति की रक्षा और समाज का नैतिक उत्थान तभी संभव है, जब परिवार और समाज की धुरी नारी जागृत और संगठित हो। उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में आज 18 जनवरी रविवार को पुष्पराज नगर बस्ती के तत्वावधान में लिटिल बैम्बिनोज स्कूल, विन्ध्य विहार कॉलोनी में विशाल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया है जिसमें सैकड़ों हिन्दू परिवारों की गरिमामयी सहभागिता रहेगी। सम्मेलन में मुख्य अतिथि महेन्द्र सर्राफ, योग गुरु पं. रामाधार विश्वकर्मा, संयोजक वक्ता प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल तथा मातृशक्ति वक्ता डॉ. अर्चना गुप्ता ने अपने विचार रखेंगे।

# एमपी बोर्ड में शिफ्ट होने पर टीसी के लिए काउंटर साइन की जरूरत नहीं

### सीबीएसई गाइडलाइन में संशोधन, हजारों छात्रों को मिलेगी राहत

जागरण,रीवा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से एमपी बोर्ड में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को अब ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) पर काउंटर साइन कराने की जरूरत नहीं होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा संबंधी गाइडलाइन में संशोधन कर यह अधिकार स्कूल प्राचार्य को सौंप दिया है। इससे जिले के कई सैकड़ा विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। मंडल ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए है। हर साल एमपी बोर्ड की परीक्षाओं में लाखों विद्यार्थी शामिल होते हैं, जिनमें जिले से करीब 30 हजार विद्यार्थी रहते हैं। इसमें नियमित स्कूलों के साथ प्राइवेट परीक्षार्थी भी शामिल होते हैं।

### प्राचार्य करेंगे टीसी का वेरिफिकेशन

सीबीएसई ने देशभर के अपने स्कूलों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। एमपी बोर्ड स्कूलों के प्राचार्य उसी सूची के आधार पर टीसी का सूची के अ वेरिफिकेशन करेंगे। उन्हें टीसी जारी करने वाले स्कूल का क्रमांक दर्ज करना होगा और एक घोषणा पत्र देना होगा, जिसमें यह उल्लेख रहेगा कि दर्ज की गई जानकारी सही है।

### अभी अनिवार्य थे काउंटर साइन

पहले दूसरे बोर्ड या अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों को टीसी और माइग्रेशन सर्टिफिकेट पर काउंटर साइन कराना अनिवार्य था लेकिन सीबीएसई की रोक के बाद महल ने प्रवेश और परीक्षा फॉर्म के नियमों में संशोधन किया है। एमपी बोर्ड में हर साल 30 से 40 हजार विद्यार्थी सीबीएसई से आते हैं, जिनमें 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की संख्या अधिक रहती है। संशोधित नियम का सबसे ज्यादा लाभ इन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं 7 फरवरी से शुरू हो रही हैं।

### 12वीं में पहुंचने वालों की संख्या ज्यादा

बोर्ड के स्कूलों के साथ प्राइवेट परीक्षा देने वाले विद्यार्थी भी होते हैं। विद्यार्थियों की पहचान बनाए रखने के लिए परीक्षा से पहले रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। दूसरे बोर्ड और अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों को टीसी और माइग्रेशन पर काउंटर साइन की जरूरत होती है। सीबीएसई की रोक के बाद मंडल ने प्रवेश और परीक्षा फार्म भरने के नियमों में भी संशोधन कर किया है। एमपी बोर्ड में हर साल तीन से चालीस हजार विद्यार्थी सीबीएसई से आते हैं। इनमें 12वीं में पहुंचने वालों की संख्या ज्यादा है। नियम का सबसे ज्यादा फायदा ऐसे ही विद्यार्थियों को मिलेगा।


# डीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण



### बोर्ड परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

**जागरण,रीवा।** फरवरी माह में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। जिसकी तैयारियों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ अच्छे परिणाम की तैयारी को लेकर दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। शनिवार को डीईओ सहित सहायक संचालक राजेश मिश्रा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझियार, शासकीय हायर सेकेंडरी चौरा, शासकीय कन्या विद्यालय बैकुंठपुर व शासकीय विद्यालय खैरा का निरीक्षण किया गया। प्राचार्यो को आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए व परिणाम सुधार के लिए प्रयास करने की बात कही गई। प्रीबोर्ड परीक्षा के बाद कमजोर छात्रों की तैयारी के लिए निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नवीन श्रीवास्तव प्राचार्य उपस्थित रहे।

# अंपायर सेमिनार 24 और 25 जनवरी को



### 19 जनवरी तक पंजीयन की अंतिम तिथि

**रीवा।** रीवा संभाग के अंतर्गत खेले जाने वाले विभिन्न अंतरजिला, अंतर क्लब, अंतर स्कूल आदि मैचों में अंपायरिंग हेतु नये अंपायरों के चयन के उद्देश्य से रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा 24 एवं 25 जनवरी 2026 को सेमिनार का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुये आरडीसीए के सह-सचिव अनुराग सेठी के द्वारा बताया गया कि संभाग स्तर पर नये एवं युवा अंपायरों के चयन के उद्देश्य से यह दो दिवसीय सेमिनार आयोजित कराया जा रहा है, जिसमें बीसीसीआई के लेवल 3 एजूकेटर एवं पूर्व अंतराष्ट्रीय अंपायर तथा क्रिकेट नियमों के जाने-माने जानकार इन्दौर के राजीव रिसोडकर मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा उन्हीं के मार्गदर्शन में इस सेमिनार को आयोजित किया जावेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा इस वर्ष महिलाओं के लिये स्टेट पैनल अंपायर परीक्षा आयोजित की जाने वाली है, अतः रीवा संभाग की महिला खिलाड़ियों के लिये अंपायरिंग के क्षेत्र में जाने का यह सुनहरा अवसर हो सकता है। अतः इस सेमिनार में ज्यादा से ज्यादा महिला प्रतिभागियों को शामिल होकर उसका लाभ अवश्य उठाना चाहिये।

सेमीनार के दौरान अंपायर बनने के इच्छुक प्रतिभागियों को क्रिकेट के नियमों की विस्तृत जानकारी प्रशिक्षकों के द्वारा प्रदान की जावेगी तथा दूसरे चरण में अर्थात फरवरी के पहले सप्ताह में परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें सफल उम्मीदवारों को ही रीवा डिवीजनल क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित मैचों में अंपायरिंग करने का दायित्व प्रदान किया जावेगा। प्रवेश शुल्क 1000 रु. नियत किया गया है। इस सेमिनार एवं परीक्षा में रीवा के वर्तमान डिस्ट्रिक पैनल के सभी अंपायरों को भी उपस्थित रहना अनिवार्य है तथा इसी आधार पर उनकी भी ग्रेडिंग की जावेगी। अतः रीवा संभाग ऐसे सभी पात्र एवं इच्छुक प्रतिभागी जो उक्त सेमिनार एवं परीक्षा में शामिल होना चाहते है वह दिनांक 19 जनवरी तक अपना आवेदन फार्म एवं निर्धारित शुल्क एसोसिएशन के स्टेडियम स्थित कार्यालय में जमा कर अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित सकते हैं।

# 4042 विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

### जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा संपन्न, विद्यार्थियों ने लिया भाग



**जागरण,रीवा।** जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। शनिवार को दूसरे दिन भी परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा जिले के सभी विकासखण्ड परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कक्षा 2 से 8 तक के 4042 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कुल पंजीकृत 4171 में से 4042 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जिला शिक्षा केंद्र के अनुसार, ओलंपियाड परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, वैज्ञानिक सोच तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करना है। परीक्षा के लिए जिले भर में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा कराई गई। जिला स्तर पर परीक्षा कंट्रोल कक्ष स्थापित किया गया। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा परीक्षार्थियों के आवागमन के लिए वाहन की व्यवस्था की गई और शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावकों के लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई थी।

### जल्द घोषित होंगे परिणाम

परीक्षा केंद्रों पर समय से प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट वितरित किए गए और संबंधित आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गईं। विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कई छात्रों ने बताया कि प्रश्न पत्र ज्ञानवर्धक और चुनौतीपूर्ण था, जिससे उनकी समझ और तैयारी का सही आकलन हुआ। बताया गया कि परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित किए जाएंगे।

### चुने जाएंगे छात्र

बताया गया कि हर विषय से अब एक छात्र का चयन किया जाएगा, जिसे प्रमाण पत्र व पुरस्कार मिलेगा। वहीं अंग्रेजी विषय के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छात्र का चयन किया जाएगा। परीक्षा में जिले के सभी विकासखण्ड स्रोत समन्वयक, विकासखण्ड अकादमिक समन्वयकों द्वारा निरीक्षण किया गया। जिला निरीक्षण दल ने भी निरीक्षण किया। शिक्षकों और अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की परीक्षाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### चयनित थे 7872 छात्र

बता दें कि 123 जनशिक्षा केन्द्र से करीब 7872 छात्र जिला स्तर के लिए चयनित किए गए थे। शुक्रवार व शनिवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन 3701 छात्र में से 3464 छात्र शामिल हुए, वहीं दूसरे दिन 4171 छात्रों मे से 4042 छात्र शामिल हुए। इस प्रकार से 7872 में से 7506 छात्रों ने परीक्षा दी है।

जिले भर के 9 केन्द्रों में परीक्षा का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय दो दिवसीय परीक्षा संपन्न हो गई है। दो दिनों में 7506 छात्रों ने परीक्षा दी है। जल्द ही परिणाम घोषित होंगे।

**केसरी प्रसाद तिवारी**
**एपीसी जिला शिक्षा केन्द्र रीवा।**

# कक्षा 11वीं की 23 फरवरी और 9वीं की मुख्य परीक्षाएं 2 मार्च से

**जागरण,रीवा।** कक्षा 9वीं और 11वीं की मुख्य परीक्षाओं का टाइम-टेबल लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल ने जारी कर दिया है। इसके अनुसार कक्षा 11वीं की परीक्षाएं 23 फरवरी से तो 9वीं की परीक्षाएं 2 मार्च से आयोजित की जाएंगी। दोनों ही परीक्षाओं का समय दोपहर 1.30 से शाम 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। डीएस कुशवाह संचालक लोक शिक्षण द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षाओं के दौरान शासन द्वारा यदि कोई सार्वजनिक अथवा स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तो भी परीक्षाएं यथावत कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होंगी। विद्यालय में समस्त परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में दोपहर 1 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 10 मिनट के पूर्व दोपहर 1.20 बजे विद्यार्थियों को उत्तरपुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व दोपहर 1.25 बजे प्रश्न पत्र वितरित किए जाएं। 10वीं-12वीं के परिणाम सुधारने कवायद जारी पूरे संभाग में कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों को सुधारने की कवायद जारी है। इसके लिए प्राचार्यों और शिक्षकों को लगातार प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं, ताकि वे बच्चों को बिना किसी भय के अच्छे परिणाम लाने में मदद कर सकें।

# माइकोराइजा के उपयोग पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**रीवा।** कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. एस. के. त्रिपाठी और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. अजय पांडे के मार्गदर्शन में रावे (ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव) कार्यक्रम के अंतर्गत कोठी गांव में कृषि छात्राओं द्वारा माइकोराइजा के वैज्ञानिक उपयोग पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम ओका मुख्य उद्देश्य मृदा-सूक्ष्मजीव संतुलन को सुदृढ़ कर फसल उत्पादकता बढ़ाना था। ग्रुप लीड़र वैष्णवी एवं छात्रा अलीजा, राधा, मोना, कविता, संध्या, तनिष्का, अंजलि ने किसानों को बताया कि माइकोराइजा सहजीवी कवक के रूप में पौधों की जड़ों के साथ संबंध स्थापित कर फॉस्फोरस, जिंक एवं अन्य पोषक तत्वों की उपलब्धता बढ़ाता है। बीज उपचार के माध्यम से इसके उपयोग से जड़ क्षेत्र (राइजोस्फेयर) का विस्तार होता है, जिससे जल एवं पोषक तत्वों का अवशोषण अधिक प्रभावी बनता है। साथ ही माइकोराइजा द्वारा फसल की जैविक सहनशीलता, रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा सूखा तनाव सहन करने की क्षमता में वृद्धि पर भी प्रकाश डाला गया। किसानों को रासायनिक उर्वरकों की मात्रा कम कर जैव उर्वरकों को एकीकृत रूप से अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। किसानों ने जानकारी को उपयोगी बताया और इसे अपनाने में रुचि दिखाई।

# जीनियस जेस्चर गैलरी में दिखा भारत का भविष्य

### वनस्थली स्कूल बना नवाचार, विज्ञान और संस्कारों का जीवंत केंद्र



**रीवा।** वनस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित 'जीनियस जेस्चर गैलरी विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी' में विज्ञान और संस्कार का संगम देखने को मिला। प्रदर्शनी का शुभारंभ सांसद जनार्दन मिश्र ने किया। अध्यक्षता ग्रुप चेयरमैन डॉ. एस. एस. तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. पी. तिवारी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉक्टर संदीप पांडे मैकेनिकल विभागाध्यक्ष, पंकज श्रीवास्तव, ऋषि कुमार तिवारी उपस्थित रहे। सांसद जनार्दन मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे समाज की समस्याओं का समाधान खोजने की दिशा में सोच रहे हैं। जीनियस जेस्चर गैलरी जैसे मंच विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार की प्रवृत्ति और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार तैयार करते हैं। वहीं विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एस. तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि वनस्थली विद्यालय शिक्षा को केवल अंकों की दौड़ नहीं, बल्कि विचार, विवेक और मूल्य निर्माण की प्रक्रिया मानता है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को मंच देना है, ताकि वे अपनी कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक सोच को समाज के समक्ष प्रस्तुत कर सकें। रीवा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. पी. तिवारी ने विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन करते हुए कहा कि स्कूल स्तर पर प्रस्तुत ये मॉडल तकनीकी समझ, तार्किक सोच और अनुसंधान प्रवृत्ति का प्रमाण हैं। यही विद्यार्थी भविष्य में देश के श्रेष्ठ इंजीनियर, वैज्ञानिक और नवप्रवर्तक बनेंगे। प्रदर्शनी में विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, तकनीकी नवाचार, सामाजिक चेतना एवं कला से जुड़े विविध मॉडलों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। उपस्थित अतिथियों ने छात्रों की प्रस्तुति, आत्मविश्वास और रचनात्मकता की मुक्तकंठ से सराहना की। आखिर में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनोज तिवारी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन में विद्यालय की प्राचार्या दीप्ति अग्रवाल, जेएनसीटी कॉलेज के प्राचार्य मिहिर पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# प्रार्थना हॉस्पिटल में हुआ विंध्य का पहला रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण



**रीवा।** मरीज छतधारी बंसल 64 वर्ष पुरुष निवासी गुढ़ महसाव को पिछले कई वर्षों से घुटने के असहनीय दर्द की समस्या थी, जिसे घुटना प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। मरीज का इलाज अत्याधुनिक रोबोट के द्वारा किया गया जिससे मरीज अगले ही दिन चलने लगा। मरीज का इलाज शहर के मध्य स्थित प्रार्थना हॉस्पिटल में किया गया। इसमें मुख्यतः डॉक्टर राहुल कुंदर,डॉक्टर दिनेश कुमार और उनके सहयोगी स्टाफ उपस्थित रहे। इस ऑपरेशन में लगभग 2 से 2.30 घंटे का समय लगा। इन डॉक्टर्स द्वारा रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण किया गया और बताया गया कि रोबोट द्वारा किए गए प्रत्यारोपण से कई फायदे है जैसे -अत्यधिक सटीकता -कम चीरे में ऑपरेशन -कम दर्द और सूजन -तेज रिकवरी -बेहतर इंप्लांट प्लेसमेंट -कम जटिलताएं रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण के लिए अब आपको बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा अब ये रीवा में भी संभव है। डॉक्टर राहुल कुंदर एम.एस.(ऑर्थो) हड्डी और जोड़ रोग विशेषज्ञ ट्रामा और जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन ने बताया कि रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण आज का सबसे अत्याधुनिक इलाज है, जिससे मरीज की रिकवरी फ़ास्ट होती है। डॉक्टर दिनेशकुमार एम.एस.(ऑर्थो) हड्डी और जोड़ रोग विशेषज्ञ ट्रामा और जोड़ प्रत्यारोपण, आर्थ्रोस्कोपिक सर्जन रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण के लिए अब मरीजों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है, अब रीवा में बेहतर सुविधा उपलब्ध है।


**भारतीय रिज़र्व बैंक, कोलकाता**
www.rbi.org.in
**निर्गम विभाग, 15, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001**
**फोन** - 033-2213 0684, **ई-मेल:** idkolkata@rbi.org.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

1.भारतीय रिज़र्व बैंक, कोलकाता निम्नलिखित कार्यों के लिए दो भागों (भाग-I और भाग-II) में ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत: दो वर्षों (वित्त वर्ष 2026-27 और वित्त वर्ष 2027-28) के लिए |
|---|---|---|
| 1 | बैग में पैक किए गए सिक्कों (वाहक के जोखिम के साथ) और/या बक्से में पैक किए गए बैंक नोटों के परिवहन के लिए पर्याप्त संख्या में पूरी तरह से ढके धातु कंटेनर ट्रकों/वाहनों की आपूर्ति | ₹26.04 करोड़ |
| 2 | सिक्का बैग और नोट बॉक्स के संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में वयस्क और सक्षम श्रमिकों की आपूर्ति | ₹1.61 करोड़ |

1.पात्रता के पूर्ण विवरण के साथ-साथ भाग - I और भाग - II के साथ दोनों निविदा फॉर्म डाउनलोड करने के लिए, कृपया निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएं:
**https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewTenders.aspx** या
**https://www.mstcecommerce.com/eprochome/rbi**
2. एमएसटीसी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निविदा फ्लोट होने की तिथि: 18 जनवरी, 2026 10:00 बजे। निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि (भाग- I और भाग- II): 19 फरवरी 2026, 13:00 बजे
3. बैंक किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसी स्थिति में बैंक द्वारा किसी भी प्रकार के दावों पर विचार नहीं किया जाएगा।
**नोट:** उपरोक्त विज्ञापन के संबंध में जारी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा

**क्षेत्रीय निदेशक**
**पश्चिम बंगाल और अंडमान व निकोबार द्वीप समूह**

# संकल्प से समाधान अभियान: लगाये जा रहे हैं शिविर

## शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ किया जा रहा है आवेदन पत्रों का निराकरण



**जागरण, रीवा।** आमजनता की समस्याओं को हल करने तथा विकास योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रदेश भर में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड तथा ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आमजनता के आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। शिविर में शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण करते हुए पोर्टल पर भी इंट्री की जा रही है।

कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में ग्राम पंचायत कोष्टा एवं सौर में रास्ता विवाद के प्रकरण का निराकरण किया गया। सुरसा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ग्रामवासियों के आवेदन प्राप्त किये गये। इसी क्रम में गंगेव जनपद में तीन अविवादित नामांतरण के प्रकरण प्राप्त हुए। त्योंथर तहसील के ग्राम कांकर में शिविर के दौरान हितग्राहियों के आवेदनों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किया गया। संकल्प से समाधान अभियान में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए जागरूक किया गया तथा इसके लाभ के बारे में बताया गया। राजस्व अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत खैरा एवं कांकर सहित अन्य ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं तथा शिविरों का निरीक्षण किया जा रहा है।

# भाजपा नेता जितेन्द्र मिश्र ने सिंधिया समेत राष्ट्रीय नेताओं से की मुलाकात



**जागरण, रीवा।** जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता जितेन्द्र मिश्र ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मत्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र सिंह नागर, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं इंडियन एमच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र समेत कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की तथा विंध्य के राजनीतिक परिदृश्यों पर चर्चा करने के साथ क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर अपनी राय रखी। श्री मिश्र ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात के दौरान गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में संचार विभाग से जुड़े फाइबर ऑप्टिकल प्लांट लगाने की बात कही, जिसे श्री सिंधिया ने गंभीरता के साथ लिया और कहा कि इस संबंध में वह अवश्य ही विचार करेंगे। इसी क्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्य पालन पशुपालन विभाग प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल से मुलाकात के दौरान विंध्य के राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा के दौरान यह बताया गया कि विंध्य अब भारतीय जनता पार्टी का गढ़ बन चुका है। उन्होंने कहा है कि वह अपनी विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ शीघ्र ही विंध्य क्षेत्र का दौरा करेंगे तथा मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेरी से संबंधित योजनाओं की विस्तार में गतिविधियां संचालित करने के लिए प्रयास करेंगे।

# जल की गुणवत्ता के साथ सीवरेज कार्य प्रगति की समीक्षा की

## मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला का निवास व मंडला में लिया जायजा



**जागरण, रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के मुख्य अभियंता शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा निवास एवं मंडला नगर में स्थित जल शोधन संयंत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल की गुणवत्ता का परीक्षण कर संयंत्रों की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। मुख्य अभियंता शुक्ला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जल गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए तथा नियमित परीक्षण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए। इसके पश्चात शुक्ला द्वारा मंडला नगर में केएफडब्ल्यू की सहायता से प्रगतिरत सीवरेज परियोजनाओं के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परियोजना की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता एवं समय-सीमा की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारी, परियोजना प्रबंधन इकाई के प्रतिनिधि एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

# कार्यवाही नहीं हुई तो चोरहटा हाईवे में होगा चकाजाम

**जागरण, रीवा।** थाना चोरहटा में क्षेत्रीय जन जमीनी विवाद के आरोपी रवि वर्मा के खिलाफ एफआईआर कराने के लिए एकत्रित हुए। बताया गया कि फरियादी राकेश साहू विजय साहू शीला जायसवाल 8 महीने से चोरहटा थाने का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन आज तक एफआईआर नहीं हुई। सभी फरियादियों ने केके गुप्ता के नेतृत्व में चोरहटा थाना का घेराव किया गया। टी आई द्वारा आश्वासन दिया गया कि आज 4:00 बजे कार्यवाही की जाएगी, अगर कार्यवाही नहीं हुई तो एक सप्ताह के अंदर चोरहटा हाईवे में चकाजाम किया जाएगा।




दूरभाष/फैक्स-07662-252563 E-mail-jscjrwa@mp.gov.in

## कार्यालय जेल अधीक्षक केन्द्रीय जेल रीवा (म. प्र.)

क्रमांक 75/स्थापना/2026 रीवा, दिनांक 10-01-2026

// विज्ञप्ति //

केन्द्रीय जेल रीवा में कार्यरत श्री रघुवीर कुमार हरिजन सफाईकर्मी निवासी नेहरू बस्ती गुढ़ रोड रीवा जिला रीवा म.प्र. की उपचार के दौरान दिनांक 04-11-2025 को मृत्यु हो जाने से आश्रित सदस्य पुत्र श्री सोनू डागौर पिता स्व. श्री रघुवीर कुमार हरिजन द्वारा सफाईकर्मी के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति के माध्यम से स्व. श्री रघुवीर कुमार हरिजन के आश्रित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि श्री सोनू डागौर को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करने एवं स्वत्वों को भुगतान करने में किसी को कोई दावा आपति हो तो प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन होने के पश्चात 07 दिवस तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल रीवा ( म.प्र. )

G-24483/25

# नशा मुक्ति कार्यशाला: मानसिक स्वास्थ्य और अध्यात्म पर जोर

## मेडिटेशन और आध्यात्मिक दृष्टिकोण अनिवार्य



**जागरण, रीवा।** नशा समाज के प्रत्येक वर्ग से जुड़ी एक गंभीर समस्या है, जिसके पीछे मानसिक, पारिवारिक एवं सामाजिक कारण छिपे होते हैं। इन्हीं कारणों को समझने तथा नशा मुक्ति की दिशा में समाज को जागरूक करने हेतु ब्रह्मा कुमारीज शांति धाम, झिरिया में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. (प्रोफेसर) सुनील आहूजा मनोचिकित्सक श्याम शाह मेडिकल कॉलेज ने नशे के दुष्प्रभावों पर वैज्ञानिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नशा केवल एक बुरी आदत नहीं, बल्कि मानसिक तनाव, पारिवारिक असंतुलन, सामाजिक दबाव एवं आंतरिक खालीपन का परिणाम होता है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि परिस्थितियाँ किस प्रकार व्यक्ति को नशे की ओर ले जाती हैं और सही मार्गदर्शन से इससे मुक्ति संभव है। उन्होंने मेडिटेशन की महत्ता बताते हुए कहा कि बिना आध्यात्मिक ज्ञान और ध्यान के मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में पूर्ण सफलता संभव नहीं है।

समाजसेवी अवधेश श्रीवास्तव ने अध्यात्म और नशा मुक्ति विषय पर एक प्रेरणादायी कविता प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर किया। इसके पश्चात ब्रह्मा कुमारीज़ रीवा की प्रभारी संचालिका बीके लता दीदी ने सभी उपस्थितजनों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया तथा बताया कि किस प्रकार ध्यान द्वारा मन के रोगों का निराकरण किया जा सकता है। कार्यक्रम में समाजसेवी अंकुर तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों को लक्ष्मी-नारायण का कैलेंडर भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति का संकल्प लिया तथा मन के रोगों से मुक्ति हेतु प्रतिदिन एक घंटे मेडिटेशन करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर बीके ज्योति बहन, पूर्व बैंक मैनेजर बीके शिखा चिटके, बीके प्रमोद भाई, बीके कैलाश तिवारी (बिजली विभाग अधिकारी), बीके विजय देव, दिव्य नगरी के डायरेक्टर बीके राजभान जी, बीके दीपक भाई, बीके जगदीश भाई, बीके सुशील भाई, बीके सतेंद्र भाई, बीके सुभाष भाई, बीके पीयूष भाई, बीके महेश भाई, बीके रोहित भाई सहित अनेक भाई-बहन उपस्थित रहे।

# गंदगी फैलाने वालों पर चला नगर निगम का चाबुक

**जागरण, सतना।** गंदगी फैलाने वालो की अब खैर नही क्योंकि हेल्थ आफिसर अरविंद प्रताप सिंह द्वारा ताबडतोड कार्यवाही की जारही है। जिन क्षेत्रो में गंदगी पाई जा रही है वहां पर लगातार स्पाट फाइन की कार्यवाही हो रही है। शनिवार को स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह अगुवाई में स्टेशन रोड में संचालित दुकानदारो के विरूद्ध कार्यवाही की गई है और जुर्माना ठोकते हुये स्पाट फाइन वसूला गया है। बताया जाता है कि पहले नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह ने गैंग लगाकर सफाई करवाई इसके बाद स्पॉट फाईन की कार्यवाही शुरू कर दी। शनिवार को की गई कार्यवाही के दौरान राजू साकेत , लक्ष्मी तिवारी , सूरज दीन , शिवदर्शन , भारत चन्द्रसेन कौशल एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभारी रामू व सिपाही बब्लू उपस्थित थे।

**इन पर हुई कार्यवाही :** महा माया होटल स्टेशन के पास जिन लोगो के विरूद्ध स्पाट फाइन की कार्यवाही की गई है उसमें श्रीमती ललिता सिंह सत्यम होटल , दीपक सिंह, लालू जैसवाल, कामता प्रसाद सेन , मोनू मिश्रा, राजेश सेन, राजू गुप्ता, पर एक-एक हजार रूपये जबकि लालू पान पैलेस पर पांच सौ अमरलाल ठाकुर पर एक हजार , विकास पयासी पर एक हजार, छवी चौरसिया पर 5 सौ, स्मार्ट भोज पर एक हजार, एवं वार्ड क्रमांक 1 में 15 सौ रूपये का स्पार्ट फाइन करते हुये नगर निगम ने साढे 12 हजार रूपये जुर्माना वसूला है।

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल वनमण्डल जिला-शहडोल 484001 (म.प्र.)

PHONE-07652-245167, EMAIL- dfomshahd@mp.gov.in
क्रमांक/एन.आई.टी./ई-टेण्डर/2026/230 शहडोल दिनॉक-08/01/2026

ई-निविदा प्रेस विज्ञप्ति सूचना

वन मण्डल उत्तरशहडोल अंतर्गत वानिकी जागरूकता हेतु स्कूली बच्चो को वितरित किये जाने वाली सामग्री की आपूर्ती हेतु निविदा अमंत्रित की जा रही है विवरण निम्नानसार है:-

| क्र. | सामग्री का नाम | अनुमानित मात्रा नग मे | सत्यंकारराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | Large Size Auto Open /Close Umbrella | 1800 | 13500 (तेरह हजार पांच रूपये) |

निविदा संबंधि समस्त जानकारी जेम पोर्टल बिड क्रमांक GEM/2026/B/7077413 से प्राप्त करें।

(तरुणा वर्मा)
वन मण्डलाधिकारी
उत्तर शहडोल वनमण्डल

G-24482/25

# साधना वेयरहाउस में खराब हो रहा भण्डारित 1500 टन गेहूं





## वेयर हाउस प्रबंधन के खिलाफ धरने पर बैठे वेयरहाउस संचालक

**जागरण, रीवा।** सेमरिया क्षेत्र के साधना वेयरहाउस में 1500 टन गेहूं भण्डारित किया गया है लेकिन उठाव नहीं किये जाने से खराब हो जाएगा। आरोप है कि वेयर हाउस प्रबंधन की लापरवाही से लाखों का गेहूं खराब होने की कगार पर है। प्रबंधन के अड़ियल रवैये के खिलाफ वेयर हाउस संचालक धरने पर बैठक गए। वेयरहाउस के संचालक नरेन्द्र द्विवेदी द्वारा बताया गया कि वह जिला वेयरहाउस मैनेजर कमलभान बागरी से की गई है। उन्हें इस आशय का आवेदन भी दिया गया है लेकिन उनके द्वारा गेहूं का उठाव नहीं करवाया। वेयरहाउस संचालक का कहना है कि उनके वेयरहाउस में जो भंडारण किया हुआ गेहूं क्षतिग्रस्त हो रहा है। जल्द ही उसका उठाव नहीं कराया गया करीब डेढ़ हजार टन गेहूं पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। यह भी आरोप गलाया कि जब ट्रांसपोर्टर द्वारा उनके वेयरहाउस से गाड़ी गेहूं उठाने के लिए आई तो जिला मैनेजर वेयरहाउस द्वारा उठाव कराने से इंकार कर गाड़ी को वापस कर दिया गया। साधना वेयरहाउस के संचालक नरेंद्र द्विवेदी ने आरोप लगाया है कि अपने साले को व्यक्तिगत फायदा दिलाने के लिए नजदीकी एक अन्य वेयरहाउस सतगुरु से उठाव शुरू करवा दिया। इस बात से नाराज वेयरहाउस संचालक नरेंद्र द्विवेदी अब जिला कार्यालय वेयरहाउस में धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि वह तब तक धरने में बैठे रहेंगे जब तक कि उनका उठाव शुरू नहीं कराया जाता।

# पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में आधारभूत सुविधाएं बढ़ाने रखी मांग

## एसडीएम ने प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में विद्यार्थियों को दिए टिप्स



**सिरमौर, नि.प्र.।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक दृष्टि जायसवाल एसडीएम सिरमौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस बैठक में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवकुमार त्रिपाठी, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉक्टर आनंद पांडे, पीडब्ल्यूडी से सीनियर इंजीनियर संजय तिवारी, संदीपनी विद्यालय सिरमौर से प्राचार्य प्रतिनिधि ओझा, दो पालक प्रतिनिधि, विद्यालय से उप प्राचार्य, कार्यालय अधीक्षक और वरिष्ठ शिक्षक तथा क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी धर्मेंद्र पांडे सम्मिलित हुए।

**छात्र-छात्राओं की सुविधा व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने रखे मुद्दे :** उक्त बैठक में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने विद्यालय से संबंधित तथा छात्र-छात्राओं की सुविधा व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने वाले मुद्दों को रखा जैसे विद्यालय को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जलप्रदाय करना, पालकों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय तथा सुलभ परिसर उपलब्ध कराना, विद्यालय के मुख्य द्वार के निर्माण हेतु एस्टीमेट बनाना तथा बाउंड्री वॉल के ऊपर कंसर्टिना कॉइल तार लगाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ना एवं छात्रावासों में पुराने पंखों को बदलकर नए पंखों की उपलब्धता हेतु प्रयास करना आदि। इसके अतिरिक्त जिला खनिज फंड के अंतर्गत विद्यालय में संगीत और कला की कक्षाओं के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण और बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण पर भी चर्चा की गई।

**आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति की मांग :** प्राचार्य मनीष तिवारी के द्वारा निवेदन किया गया की छात्रवासीय विद्यार्थियों की स्वास्थ्य समस्याओं और मौसमी बीमारियों को देखते हुए शासकीय चिकित्सालय से समय-समय पर आवश्यक दवाइयां और अन्य सुविधाओं की आपूर्ति की जाए, साथ ही छात्रवासी विद्यार्थियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सा विभाग के सहयोग से कराया जाए। किशोर अवस्था से संबंधित मनोवैज्ञानिक पक्षों का ध्यान रखते हुए समय-समय पर छात्र-छात्राओं की मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग की नियमित व्यवस्था की जाए। आने वाले ग्रीष्मकाल और वर्षा ऋतु में मच्छरों को भगाने वाली दवाई का छिड़काव भी कराया जाए। स्वास्थ्य संबंधी उक्त सभी विद्यालय की आवश्यकताओं को देखते हुए नॉमिनी अध्यक्ष ने ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर आनंद पांडे को निर्देशित किया एवं ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने भी समस्त विषयों पर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं-JHS/Commercial/E-Auction/2026 दिनांक: 15.01.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

श्रेणी: पार्किंग — कैटलॉग संख्या: झाँसी-पार्किंग-54

एसेट्स डिटेल्स: झाँसी मण्डल के अलग-अलग श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग ठेके हेतु :-

| क्र.सं. | स्टेशन केटेगरी | स्टेशन |
|---|---|---|
| 1 | एनएसजी-2 | मंडल रेल चिकित्सालय झाँसी परिसर |
| 2 | एनएसजी-3 | बाँदा स्टेशन (BNDA), प्लेटफार्म नं. 02 (पार्ट-I), सर्कुलेटिंग एरिया |
| 3 | एनएसजी-5 | टीकमगढ़ स्टेशन (TKMG) |
| 4 | एनएसजी-5 | खरगापुर स्टेशन (KHGP) |

ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय: दिनांक 30.01.2026 को समय- 11:00 से

ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय: दिनांक 30.01.2026 को समय- 12:00 तक

नोट: उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 103/26 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते है। (1) **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एन-सिंग-टेंडर-2026-4 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर डिवीजन के कैमा स्टेशन पर दो अतिरिक्त लोडिंग लाइन, नए शंटिंग नेक, डबल एग्जिट और कंटेनर रेल टर्मिनल (सीआरटी) के विकास से संबंधित एसएंडटी कार्य कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्य:** ₹21074257.55/- **निविदा फॉर्म की कीमत:** ₹ 00/- **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर **बयाना राशि:** ₹ 255400.00/- **समापन अवधि (माह):** 11 माह **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 06.02.2026 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन की जा सकती है।

(हस्ता.)
मण्डल रेल प्रबन्धक (संकेत एवं दूरसंचार)
प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा निविदा सूचना — दिनांक: 15.01.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, कोचिंग,प्रयागराज, उत्तर मध्य रेलवे, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त अनुभव एवं वित्तीय क्षमतावान प्रतिष्ठित ठेकेदारों से ई-निविदाएं, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक GeM वेबसाइट पर आमंत्रित की जाती है -

GeM बिड संख्या: GEM/2026/B/7115771 Dated: 15.01.2026

कार्य का नाम-कानपुर कोचिंग डिपो और परिसर क्षेत्र की मशीनीकृत मैन्युअल सफाई का व्यापक कार्य चार वर्षों की अवधि के लिए।

निविदा सिस्टम: दो पैकेट सिस्टम | कार्य का अनुमानित लागत (रु.में): 41648032

EMD(रु.): 358240 | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य | कार्य की अवधि: 04 वर्ष

GeM वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि: 15.01.2026, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 06.02.2026 को 15:00 बजे, नोट: 1. उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका के साथ पूरी जानकारी GeM वेबसाइट पर प्रकाशित होने की तिथि से उपलब्ध अपलोड की जाएगी और वेबसाइट www.GeM.gov.in पर बनी रहेगी, निविदा बंद होने की नियत तिथि तक। 2. उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। इस उद्देश्य के लिए, विक्रेताओं को खुद को GeM वेबसाइट के साथ पंजीकृत कराना आवश्यक है। 3. संलग्न किए जा रहे दस्तावेज़ पर निविदाकर्ता द्वारा अपने हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। 4. सभी निविदाकारों को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। 5. किसी भी कठिनाई के मामले में GeM की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। 6. ऑनलाइन ई-निविदा निविदा बंद होने की तिथि एवं समय तक जमा की जा सकती है। 7. जेवी (JV) फर्मों को इस निविदा में भाग लेने की अनुमति है। 111/26 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## आवश्यकता है

अहमदाबाद स्थित एक प्रतिष्ठित एथिकल फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के पद हेतु रिक्तियां हैं। कार्य क्षेत्र (हेडक्वार्टर) : रीवा, सिंगरौली, कटनी, शहडोल एवं मध्यप्रदेश के अन्य सभी प्रमुख शहर। योग्यता: स्नातक अभ्यर्थी को प्राथमिकता। 1-2 वर्ष का कार्य अनुभव वांछनीय। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा (CV) निम्न संपर्क नंबर पर भेजें। ईमेल:journalist.mr.kuldeep@gmail.com
संपर्क नंबर :- 9753340522
RN-83302 (19/01)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# उप जेल मैहर की अनुपयोगी भूमि के पुर्नघनत्वीकरण की योजना

**सतना।** सतना सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न मैहर जिले की पहली दिशा समिति की बैठक में मैहर शहर की उपजेल परिसर की अनुपयोगी भूमि का निर्वतन कर तैयार की गई पुर्नधनत्वीकरण योजना के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि म.प्र. शासन की पुर्नधनत्वीकरण नीति के तहत मैहर उपजेल परिसर की 0.753 हेक्टेयर भूमि निर्वतन की 26 करोड 53 लाख रूपये की योजना बनाई है।

## संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण

छठवीं मंजिल, विन्ध्यांचल भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल
Email: midhhorti@mp.gov.in

-: विज्ञप्ति :-

संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण अंतर्गत संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत स्वीकृत वार्षिक कार्य योजना अनुसार फसलोत्तर प्रबंधन (PHM) एवं परियोजना आधारित घटकों की स्थापाना के पश्चात अनुदान सहायता दिये जाने का प्रावधान है। घटक का विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र | नाम घटक | अधिकतम अनुमत लागत | अनुदान सहायता |
|---|---|---|---|
| 1 | FARM GATE PACKHOUSE | Upto a maximum of Rs. 25.00 lakh/ unit with size of 9MX6M per beneficiary. | Assistance @ 50% admissible only. |
| 2 | INTEGRATED PACK HOUSE | Upto a maximum of Rs 160.00 lakh per beneficiary. | Credit linked backended assistance @ 35% |
| 3 | COLLECTION AGGREGATION CENTRE | Upto a maximum of Rs 320.0 lakh per beneficiary. | |
| 4 | Pre-cooling unit | Upto a maximum cost of Rs. 5.00 Lakh/MT. | |
| 5 | Mobile pre-cooling unit | Rs. 30.00 lakh | |
| 6 | Cold Rooms (Staging) | Upto a maximum cost of Rs.52.00 lakh. | |
| 7 | Cold Storage<br>1 Type-1 Construction in civil including PUF/PIR panels | Rs. 9600/MT, (Max 5,000 MT capacity) | |
| | 2 Type-1 Construction in combination of civil & PEB including PUF/PIR panels | Rs. 12000/MT, (Max 5,000 MT capacity) | |
| | 3 Type-1 Construction in civil including PUF/PIR panels-Onion | Rs. 9600/MT, (Max 5,000 MT capacity) | |
| 8 | Refrigerated Transport vehicles | Rs. 31.00 lakh for upto max, capacity of 14 MT | |
| 9 | Non-Pressurised Ripening Chamber CS-3 | Rs. 1.00 lakh/MT. | |
| 10 | Pressurised Ripening CS-3 | Rs. 1.20 lakh/MT | |
| 11 | Integrated Supply Chain Project | Upto a maximum cost of Rs. 2000 lakh per project | Assistance@40% |

उपरोक्त घटक प्रोजेक्ट आधारित है, हितग्राही/उद्यमी को बैंक से ऋण स्वीकृत होने पर ही ऋण संबंध्द बैक एंडेड सब्सिडी देय होगी, योजना का लाभ लेने हेतु NCCD गाईडलाइन एवं निम्न शर्तों के अधीन दिनांक 23.01.2026 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है:- **शर्तें:**-इच्छुक कृषकों/उद्यमियों को आवेदन के साथ (1) विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डी.पी.आर.) (2) बैंक एप्राइजल रिपोर्ट (3) बैंक ऋण स्वीकृत पत्र (4) भूमि संबंधित दस्तावेज जहाँ इकाई स्थापित है (5) केन्द्र एवं राज्य सरकार से पूर्व में अनुदान सहायता प्राप्त न करने का राशि रूपये 100 के स्टाम्प पर घोषणा पत्र (6) उपरोक्त के अतिरिक्त कोल्ड स्टोरेज एवं रायपेनिंग चेम्बर के प्रकरणों में भवन निर्माण अनुज्ञा प्रमाण पत्र (7) एन.सी.सी. डी. की ड्राइंग डिजाईन अनुसार निर्माण कराने का राशि रूपये 100 के स्टाम्प पर घोषणा पत्र (8) भारत सरकार द्वारा स्वीकृत मानकों और मापदण्ड अनुसार निर्माण कराने का राशि रूपये 100 के स्टाम्प पर घोषणा पत्र (9) चार्टर्ड इंजीनियर द्वारा हस्ताक्षरित बेसिक डाटाशीट इत्यादि दस्तावेज विभागीय पोर्टल www.mpfsts.mp.gov.in पर अपलोड करना अनिवार्य है। उक्त घटकों में अपूर्ण एवं निर्धारित दस्तावेज अपलोड न करने वाले आवेदकों के आवेदनों/प्रकरणों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(आयुक्त महो. द्वारा अनुमोदित)

सहायक संचालक उद्यान
उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मध्यप्रदेश, भोपाल

G-24455/25

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग रीवा म.प्र.

web site : www.mp.gov.in/pwdmp emil :- eepwdbrirewa@mp.nic.in Phone-07662-256720
निविदा आमंत्रण सूचना क्र.07/का.यं./सेतु संभाग रीवा/2025-26 रीवा दिनांक 08.01.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में पजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | 1. कार्य की अनुमानित लागत, 2. अमानत राशि 3. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1. ई. एम. डी. राशि एवं टेण्डर फीस तथा निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज जमा करने हेतु 2. कार्यावधि (वर्षाकाल रहित अथवा सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_PWDRB 473865_1 | सीधी जिले के सरौंधा से बारपान मार्ग में गोपद नदी पर निर्मित पुल के पहुंचमार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 1-16092000.00<br>2-160920.00<br>3-12500.00 | 1-केवल आनलाइन<br>2-04 माह वर्षाकाल सहित। |
| 2 | 2026_PWDRB 473926_1 | रीवा जिले के अंसरा से कोटवा मार्ग में अंसरा नाले पर पुल एवं पहुंचमार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 1-25610000.00<br>2-256100.00<br>3-15000.00 | 1-केवल आनलाइन<br>2-10 माह वर्षाकाल सहित। |

उपरोक्त वेबसाइट आनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 27.01.2026 (17:30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. सेतु निर्माण
संभाग रीवा (म.प्र.)

G-24489/25

# यूका की 85 एकड़ जमीन पर स्मारक या कुछ और, फैसला जल्द

## निरीक्षण: गैस कांड के 42 साल में पहली बार कोई मुख्यमंत्री पहुंचा यूका फैक्ट्री, गैस राहत विभाग ने दिया है स्मारक बनाने का प्रस्ताव

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को जेपी नगर स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री पहुंचे। बीते 42 साल में यह पहला मौका था, जब कोई मुख्यमंत्री यूका परिसर में दाखिल हुआ। सीएम यादव ने यहां पहुंचकर फैक्ट्री का निरीक्षण किया। इस दौरान कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सीएम का यूका फैक्ट्री पहुंचने के पीछे मकसद फैक्ट्री की 85 एकड़ भूमि का उपयोग कैसे करना चाहिए, यह जानना था। गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा यहां स्मारक बनाने का प्रस्ताव बहुत साल पहले शासन को दिया जा चुका है। इसके अलावा पुलिस हाउसिंग व अन्य विभागों की नजर भी इस जमीन पर है। फैक्ट्री निरीक्षण के दौरान सीएम डॉ. यादव ने कहा कि



पहली बार कोई मुख्यमंत्री फैक्ट्री में आया है। पिछले साल जहरीला कचरा हटाया। वहीं, आने वाले समय में कोर्ट के मार्गदर्शन में इस स्थान पर मेमोरियल समेत क्या-क्या कर सकते हैं, इसके सुझाव लेंगे। सभी पक्षों को विश्वास में लेकर इस जगह को बेहतर बनाएंगे। एंडरसन को भगाने में कांग्रेस का हाथ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फैक्ट्री के मालिक वारेन एंडरसन को यहां से भगाने के लिए कांग्रेस के लोगों ने ही मदद की थी। राहुल गांधी को माफी मांगना चाहिए। उनकी ही दादी और पिता के शासनकाल में यह त्रासदी हुई। हम बंद पड़ी फैक्ट्रियों से रोजगार ढूंढ रहे हैं।

### कचरा हटवाकर स्थल को साफ किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा, 2-3 दिसंबर 1984 की रात में यह कलंक कांग्रेस के शासनकाल में लगा था। यहां मौत का तांडव हुआ था। यहां के जहरीले कचरे को कांग्रेस ने 25 साल तक पटककर रखा था। लोगों के लिए इस स्थान को भुतहा बना दिया था। हमारी सरकार ने कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए कचरे का खात्मा किया। सरकार गैस पीड़ितों के साथ है। कांग्रेस ने इन्हें लावारिश छोड़ दिया।

### स्मारक और गैलरी की संभावना ज्यादा

यूका की जमीन पर गैस कांड से जुड़ी वीभत्सता को प्रदर्शित करने के लिए और इस घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्मारक का प्रस्ताव वर्ष 2012 से प्रस्तावित है। सूत्रों ने बताया है कि 85 एकड़ भूमि में से कुछ हिस्से पर स्मारक का बनना तय है। साथ ही गैसकांड से जुड़े दस्तावेज और इससे जुड़ी कहानियों के लिए भी एक गैलरी बनाई जाएगी। जो अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर लोगों को यहां आने के लिए प्रेरित करेगी।

### भोलेनाथ की पूजा की और बच्चों के साथ सेल्फी ली

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर के निरीक्षण के बाद लौटते समय आरिफ नगर में स्कूली बच्चों के साथ सेल्फी ली। इसके बाद उन्होंने आरिफ नगर में भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा की।

### पुलिस ने भी मांगी है जमीन

निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री की करीब 85 एकड़ जमीन के उपयोग के संबंध में चर्चा हुई। शुक्रवार को भोपाल जिला प्रशासन, गैस राहत के अफसर जमीन से जुड़ी फाइलों को खंगालते रहे। पुलिस विभाग ने भी डीआरपी लाइन के लिए जमीन मांगी है।

## संक्षिप्त खबरें

### 25 से आमजन के लिए खुलेगा लोकभवन

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोकभवन को तीन दिनों के लिए आम नागरिकों के भ्रमण हेतु खोला जाएगा। नागरिकों के भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आमजन के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य आमजन को लोकतांत्रिक संस्थाओं से जोड़ना तथा गणतंत्र दिवस के महत्व को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि नागरिक 25 से 27 जनवरी 2026 तक निर्धारित समय में लोकभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 जनवरी और 27 जनवरी 2026 को लोकभवन अपरान्ह 2 बजे से सायं 8 बजे तक खुला रहेगा। वहीं 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस को लोकभवन भ्रमण प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ही किया जा सकेगा। आम नागरिकों के लिए लोकभवन में प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था गेट क्रमांक-1 से ही सुनिश्चित की गई है।

### सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारी सम्मानित



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ का नव वर्ष 2026, मकर संक्रांति मिलन एवं सम्मान समारोह शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल सभागृह में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवान दास सबनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में संघ से संबद्ध विभिन्न विभागों के संघ पदाधिकारीयों एवं मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ पदाधिकारीयों द्वारा भाग लिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ संतोष कुमार गांधी द्वारा की गई। सेवानिवृत राजपत्रित अधिकारियों का सम्मान मुख्य अतिथि विधायक सबनानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष एवं संरक्षक डीके यादव मुख्य रूप के रूप में शिरकत की।

### स्टील-सीमेंट के कारोबारियों पर स्टेट जीएसटी का छापा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** स्टेट जीएसटी की टीम ने शनिवार की शाम जबलपुर के तीन स्टील, सीमेंट और पेंट के कारोबारियों के यहां छापा मारा। अलग अलग टीमों ने यह कार्रवाई इन फर्मों के खरीदी-बिक्री में अंतर और टैक्स चोरी की आशंका के कारण की है। शनिवार को जबलपुर के बरेला में स्थित श्री दादा ट्रेडर्स, महाराजपुर में बीएमडब्ल्यू और रद्दी चौकी आधारताल स्थित अनिल ट्रेडिंग कंपनी पर जाकर दस्तावेजों की पड़ताल की। सहायक आयुक्त राजेंद्र कुशराम की अगुआई में गई टीमों ने जांच के दौरान इन फर्मों के गोदामों में मौजूद सरिया, सीमेंट और पेंट का स्टॉक, सरकारी दस्तावेजों और बिलों में दर्ज स्टॉक से मेल नहीं खा रहा है। इसके अलावा शुरुआती जांच में सामने आया है कि इन फर्मों ने गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) भी लिया है।

**सीजी और ओडिशा से बगैर बिल माल मंगाने का शक:** जांच में उजागर हुआ है कि ये फर्में टर्नओवर के बजाय जीएसटी बहुत कम चुका रही हैं। ये कारोबारी छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से बगैर बिल के माल जबलपुर मंगाते हैं, टीम में शामिल सदस्यों के अनुसार कारोबारियों के गोदाम में रखे स्टॉक का फिजिकल वेरिफिकेशन में दो दिन का समय लगेगा। टीमों ने यहां से कुछ अहम दस्तावेज जब्त किए हैं। सूत्रों के अनुसार इन कारोबारियों पर टैक्स चोरी और पेनाल्टी की कुल राशि का निर्धारण जांच पूरी होने के बाद ही किया जाएगा।

## कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के कथित बयान पर प्रदेशभर में भाजपा का प्रदर्शन

# बरैया की भाषा और सोच समाज को बांटने वाली, पार्टी से निकाले कांग्रेस : मुख्यमंत्री

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भांडेर से कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के कथित बयान पर शनिवार को भाजपा ने प्रदेशभर में प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका। बयान पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बरैया ने समाज में जहर घोलने वाला बयान दिया। बयान कांग्रेस पार्टी की महिला और दलित विरोधी सोच को उजागर करता है। बरैया ने अपने बयान से सामाजिक विद्वेष फैलाने का काम किया है, जो किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

विधायक बरैया के बयान पर भोपाल सहित पूरे प्रदेश में भाजपा ने पुतले का दहन किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इंदौर में विधायक फूल सिंह बरैया के साथ मंच साझा किया। राहुल गांधी का यह कदम क्या बरैया के बयानों को मौन सहमति व स्वीकारोक्ति मानी जाए? उन्होंने कहा कि कांग्रेस बरैया को पार्टी से बाहर निकाले। यदि कांग्रेस वास्तव में सामाजिक सद्भाव, समानता और सम्मान



में विश्वास करती है, तो उसे यह स्पष्ट करना होगा कि फूलसिंह बरैया के बयान को लेकर क्या विचार है? केवल बयान देना पर्याप्त नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मैं बरैया के इस बयान की निंदा करता हूं। इस प्रकार की भाषा और सोच समाज को बांटने वाली है और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। ऐसे लोगों को सार्वजनिक जीवन में रहने का कोई अधिकार नहीं है। भारतीय जनता पार्टी समाज को जोड़ने, सम्मान और समरसता की राजनीति में विश्वास करती है, जबकि कांग्रेस बार-बार ऐसे बयानों के माध्यम से समाज में तनाव और विभाजन पैदा करने का काम करती रही है। अब समय आ गया है कि कांग्रेस नेतृत्व अपनी कथनी और करनी में अंतर समाप्त करे। बता दें कि बरैया ने अपने बयान में कहा था कि ग्रंथों में लिखा है कि यदि अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के साथ कोई सहवास करता है तो उसे काशी तीर्थ के बराबर पुण्य मिलता है।

### नारी सम्मान कांग्रेस के लिए मूल्य नहीं: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी मंचों से महिला सम्मान और सशक्तिकरण की बातें करती हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी के विधायक द्वारा दिए गए महिला विरोधी और अमर्यादित बयानों पर उनकी चुप्पी बहुत कुछ कहती है। यह चुप्पी स्पष्ट करती है कि यह कोई व्यक्तिगत भूल नहीं, बल्कि कांग्रेस की नीति और मानसिकता का हिस्सा है। कांग्रेस के लिए नारी सम्मान कोई मूल्य नहीं, बल्कि केवल एक वोट बैंक बनकर रह गया है। यह मामला केवल महिलाओं का नहीं, बल्कि दलित समाज की अस्मिता, संविधान की आत्मा और सामाजिक सौहार्द से जुड़ा है। प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि क्या यही कांग्रेस की असली सोच है? क्या ऐसे बयानों पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी उनकी सहमति मानी जाए? उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट मांग है कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। यदि ऐसा नहीं होता तो कांग्रेस को महिला सम्मान, दलित अधिकार और सामाजिक न्याय की बात करने का नैतिक अधिकार नहीं है। महिलाओं को लेकर रोज सवाल उठाने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को भी इस मामले में अपनी और पार्टी की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया का सार्वजनिक रिकॉर्ड बताता है कि यह बयान एक सुनियोजित और लगातार चलने वाली विकृत मानसिकता का हिस्सा है।

### बयान समाज को आपस में लड़ाने वाला है: निर्मला भूरिया

मध्यप्रदेश शासन की मंत्री निर्मला भूरिया ने कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के बयान पर कहा कि भाजपा सरकार और हमारी पार्टी के नेता महिला सशक्तिकरण, सम्मान और सुरक्षा के लिए निरंतर हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसके विपरीत कांग्रेस के कुछ नेता और विधायक फूल सिंह बरैया जैसे लोग महिलाओं को लेकर शर्मनाक और विवादित बयान दे रहे हैं। मैं ऐसे बयानों की घोर भर्त्सना और कड़ी निंदा करती हूं।

### पटवारी मांगेंगे स्पष्टीकरण, पार्टी ने किया किनारा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि महिलाओं के साथ बलात्कार करने वाला सिर्फ अपराधी होता है और उसकी कोई जाति या धर्म नहीं होता। उसे कानून के मुताबिक सख्त से सख्त सजा मिलनी ही चाहिए। पटवारी ने बरैया के बयान पर उनसे स्पष्टीकरण मांगने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में समाज और हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे महिलाओं की सुरक्षा के लिए आगे आएं। इस बीच बरैया के विवादित बयान पर पार्टी ने उनसे किनारा कर लिया है। पार्टी के प्रवक्ताओं ने शनिवार को साफ कहा कि बरैया द्वारा दिए गए बयान उनके व्यक्तिगत विचार है और पार्टी न तो इससे सहमत है और न ही पार्टी का कोई लेना-देना है।

# मेडिकल कॉलेज के नाम पर पौने पांच करोड़ की धोखाधड़ी

### घोटाले की रकम शेयर बाजार में लगाई, आरोपी के खिलाफ एफआईआर




**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सिवनी जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के नाम का दुरुपयोग कर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश करते हुए सिवनी निवासी स्पर्श अग्रवाल उर्फ अंकुर अग्रवाल के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी पर आरोप है कि उसने मेडिकल कॉलेज में दुकान आवंटन और मेस सप्लाई का झूठा झांसा देकर दो व्यवसायियों से कुल 4 करोड़ 66 लाख 68 हजार रुपए की ठगी की है।

**शिकायत की जांच के बाद हुआ भंडाफोड़:** मामले की शुरुआत तब हुई जब सुयश अग्रवाल और राम कुमार सुहाने ने ईओडब्ल्यू के पास जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जांच में सामने आया कि स्पर्श अग्रवाल ने बेहद शातिराना तरीके से खुद को मेडिकल कॉलेज प्रशासन का अधिकृत व्यक्ति बताया था। उसने पीड़ितों का भरोसा जीतने के लिए कॉलेज के डीन से अपनी नजदीकी होने का दावा किया और यह प्रचारित किया कि वह कॉलेज परिसर में दुकानों की नीलामी और मेस के संचालन का ठेका दिला सकता है। विश्वास को पुख्ता करने के लिए आरोपी ने मेडिकल कॉलेज के नाम से मिलते-जुलते जी.एम.सी. सिवनी नाम से एचडीएफसी बैंक में एक निजी खाता खुलवा लिया, ताकि पीड़ितों को लगे कि वे अपनी राशि सरकारी खाते में जमा कर रहे हैं।

### जेरोधा ऐप के जरिए शेयर में किया इन्वेस्ट

पड़ताल के दौरान ईओडब्ल्यू ने पाया कि स्पर्श ने फरवरी 2025 में अनाज व्यापारी सुयश अग्रवाल को दुकानों की फर्जी नीलामी प्रक्रिया का टेंडर भरने के लिए कहा। उसने बकायदा डीन ऑफिस के नाम से कूटरचित आवेदन पत्र और टेंडर नंबर तक दिए। झांसे में आकर सुयश अग्रवाल ने चेक और आरटीजीएस के जरिए 4 करोड़ 21 लाख 65 हजार रुपए आरोपी के फर्जी खाते में जमा कर दिए। इसी तरह होटल कारोबारी राम कुमार सुहाने को भी मेस में फूड आईटम की सप्लाई और सिक्योरिटी डिपोजिट के नाम पर 45 लाख 3 हजार रुपए जमा कराए। छानबीन में चौंकाने वाला यह तथ्य भी उजागर हुआ कि मेडिकल कॉलेज सिवनी में दुकानों की नीलामी होनी ही नहीं थी। कॉलेज प्रबंधन ने साफ किया कि वहां मेस का संचालन विद्यार्थियों द्वारा सहकारी आधार पर किया जाता है।

### उपवास के साथ कांग्रेस का धरना




इंदौर के भागीरथपुरा में जहरीला पानी पीने से हुई मौतों के साथ ही प्रदेश में गिरती पेयजल गुणवत्ता और भोपाल की बस्तियों में दूषित जलापूर्ति के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी ने जवाहर भवन, रोशनपुरा पर उपवास रखकर धरना दिया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार और निगम प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जांच की मांग करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पूर्व महापौर विभा पटेल, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी आदि नेता शामिल हुए।

# सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने राजधानी में सालभर चलेगा अभियान

## अराइव अलाइव इंडिया रोड सेफ्टी समिट 2026 का किया गया आयोजन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** सड़क दुर्घटनाओं में जानमाल की क्षति रोकने और शहर में यातायात नियमों के प्रभावी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजधानी में अराइव अलाइव इंडिया रोड सेफ्टी समिट 2026 का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य भोपाल को भारत का सबसे सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में ठोस और नेतृत्व आधारित पहल करना रहा। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न एसोसिएशन, सामाजिक संगठनों और रेजिडेंशियल सोसाइटीज के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लेकर सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर निगम भोपाल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी उपस्थित रहे। इसके अलावा आरटीओ भोपाल जितेन्द्र शर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विक्रम सिंह रघुवंशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। समिट के समापन पर उपस्थित संगठनों एवं प्रतिनिधियों ने यह संकल्प लिया कि वर्ष 2026 के दौरान भोपाल में निरंतर रोड सेफ्टी अभियान, संस्थागत सहभागिता और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और शहर को वास्तव में सुरक्षित बनाया जा सके।




### नेतृत्व आधारित पहल की जरूरत

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून और प्रशासन का विषय नहीं है, बल्कि इसे सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी मानते हुए हर वर्ग को इसमें भागीदारी निभानी होगी। समिट का मुख्य एजेंडा सड़कों पर जान बचाने के लिए साझा समाधान रहा, जिसके तहत यह निर्णय लिया गया कि शहर के अलग-अलग संगठन और समाज अपने-अपने स्तर पर रोड सेफ्टी गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे, ताकि जागरूकता केवल चर्चा तक सीमित न रहे, बल्कि व्यवहार में भी दिखाई दे।

**राहत** | विद्यार्थियों को आर्थिक बोझ से मिलेगा छुटकारा, 27 जनवरी से शुरू होने जा रही हैं परीक्षाएं

# विद्यार्थियों से परीक्षा के लिए फार्म जमा नहीं कराएगा भोज विवि

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** भोज मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को अब अलग से परीक्षा फार्म जमा करने की जरूरत नहीं होगी। प्रवेश फार्म के आधार पर ही विद्यार्थी सीधे परीक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। इससे उन्हें परीक्षा फीस भी नहीं देना होगी। इसलिए भोज विवि ने 27 जनवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं के फार्म जमा नहीं कराए हैं। वहीं जनवरी सत्र में 31 जनवरी तक प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अपनी परीक्षाओं में फार्म जमा नहीं करना होंगे। भोज मुक्त विश्वविद्यालय में वर्तमान में करीब एक लाख विद्यार्थी प्रवेशरत हैं। वे आगामी परीक्षाओं में शामिल होने के लिए फार्म जमा नहीं करेंगे। इससे भोज विवि को करीब तीस लाख रुपये का नुकसान होगा। क्योंकि भोज विवि परीक्षा फार्म जमा कराने के लिए हरेक विद्यार्थी से 30-30 रुपये लेता था। वहीं विद्यार्थी 30 रुपये के परीक्षा फार्म के लिए पोर्टल शुल्क परीक्षा फार्म के शुल्क से ज्यादा अदा करते थे। अब उन्हें परीक्षा फार्म देने के लिए किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना होगा। वे सिर्फ प्रवेश शुल्क का ही भुगतान करेंगे। विद्यार्थी द्वारा दिए जमा किए गए प्रवेश फार्म से विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। उसी के आधार पर विद्यार्थियों के रिजल्ट तैयार किए जाएंगे।




### अंकसूची में होती थीं गलतियां

भोज विवि की कई अंकसूची की शिकायतें सीएम हेल्पाइन पर दर्ज की गई हैं। इसकी जांच पड़ताल में सामने आया है कि विद्यार्थी प्रवेश फार्म और परीक्षा फार्म में अलग-अलग जानकारी और विषय देता है। इससे उसकी अंकसूची में कई गलतियां होती हैं। अब प्रवेश फार्म में दर्ज की गई जानकारी और विषय के मुताबिक विद्यार्थी का प्रवेश पत्र और परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी के आधार पर भोज विवि विद्यार्थी की अंकसूची और डिग्री तैयार करेगा।

### नौ साल पहले शुरू हुए थे परीक्षा फार्म

भोज मुक्त विवि में करीब नौ साल पहले तत्कालीन रजिस्ट्रार एलएस सोलंकी ने परीक्षा फार्म जमा करने की व्यवस्था बनाई थी। उन्होंने परीक्षा फार्म की फीस 500 रुपये तय की थी। इससे विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा था। इस संबंध में विवि में कई विद्यार्थियों ने आवेदन भी दिए थे। तब रजिस्ट्रार सोलंकी ने एक साल बाद शुल्क में भारी कटौती करते हुए उसे मात्र 30 रुपये कर दिया था। वर्तमान रजिस्ट्रार डॉ सुशील मंडेरिया ने उक्त शुल्क को भी खत्म कर दिया है। अब विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए ना कोई शुल्क देना होगा और ना किसी भी प्रकार का फार्म जमा करना होगा।

> भोज विवि की परीक्षाएं पूर्व की भांति प्रवेश फार्म के आधार पर संचालित होंगी। इससे विद्यार्थियों को आर्थिक समस्या से छुटकारा मिलेगा। इससे विद्यार्थियों की अंकसूची में होने वाली विसंगति समाप्त हो जाएगी।
>
> ■ **डॉ. सुशील मंडेरिया**
> रजिस्ट्रार, भोज मुक्त विश्वविद्यालय

# इग्नू ने एम्स में खोला केंद्र, विद्यार्थियों को हॉस्पिटल मैनेजमेंट में देगा प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज (एसओएचएस) द्वारा संचालित मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (हेल्थ केयर एवं हॉस्पिटल मैनेजमेंट)-एमबीएएचसीएचएम को जनवरी सत्र से प्रवेश देगा। इग्नू अध्ययन केंद्र को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सक्रिय कर दिया गया है। इससे इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों को एम्स में अध्ययन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उमेश चंद्र पांडेय ने बताया कि उक्त कोर्स देशभर में विशेषकर दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं तय करने के लिए प्रशिक्षित हेल्थ केयर एवं हॉस्पिटल प्रबंधक को तैयार करेगा। कोर्स प्रख्यात विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, प्रबंधन संस्थानों, एआईसीटीई व सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया है। एमबीएएचसी से स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभावी प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, प्रभावी संप्रेषण, नवीनतम स्वास्थ्य तकनीकों के उपयोग तथा साक्ष्य-आधारित प्रबंधन पद्धतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### फेस-टू-फेस प्रायोगिक प्रशिक्षण

द्वितीय वर्ष में विद्यार्थियों को इग्नू अध्ययन केंद्र में एम्स द्वारा 10 दिनों का फेस-टू-फेस प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। एमबीए में प्रवेश के लिए न्यूनतम तीन वर्षीय स्नातक डिग्री में 50 प्रतिशत अंक (आरक्षित वर्ग हेतु 45 प्रतिशत) आवश्यक हैं। कार्यक्रम का शिक्षण माध्यम अंग्रेजी है।

### रेलवे से दिल्ली के लिए पार्सल सेवा पर 26 तक रोक

**नगर संवाददाता, भोपाल।** गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान दिल्ली क्षेत्र में विशेष सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा दिल्ली क्षेत्र के लिए पार्सल बुकिंग पर चार दिनों की अस्थाई रोक लगाई गई है। यह आदेश भोपाल मंडल सहित सभी संबंधित रेल मंडलों पर समान रूप से लागू रहेगा। रेलवे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 23 से 26 जनवरी तक दिल्ली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों जैसे नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला एवं आदर्श नगर दिल्ली के लिए सभी प्रकार के पार्सलों के लेन-देन पर अस्थाई प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में पार्सल गोदामों का संचालन तथा रेलवे पार्सल पैकेजिंग से जुड़ी गतिविधियां बंद रहेंगी। इसके अंतर्गत सभी स्टेशनों पर लीज पर दिए गए एसएलआर, एजीसी एवं वीपीएस के माध्यम से होने वाले अंदर एवं बाहर के समस्त पार्सल ट्रैफिक पर भी रोक रहेगी। इस दौरान यात्री कोचों में यात्रियों को केवल व्यक्तिगत उपयोग का सामान ही ले जाने की अनुमति होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बाघ भ्रमण क्षेत्र में फिल्म शूटिंग वन बल प्रमुख ने मांगी रिपोर्ट

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** केरवा डैम रोड के बाघ भ्रमण क्षेत्र में देर रात हुई फिल्म की शूटिंग वाले मामले में अब तक आरोपी वन विभाग के अधिकारियों के सामने पेश नहीं हो सके हैं। बता दें कि 6 जनवरी को रात के समय प्रतिबंधित क्षेत्र में अलाव जलाकर बिना अनुमति फिल्म की शूटिंग की जा रही थी। साथ ही बाघ भ्रमण क्षेत्र में शोर शराबा भी किया जा रहा था, जिसके बाद मामले की शिकायत वाइल्ड लाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने 7 जनवरी को ई मेल के जरिए मध्य प्रदेश के वन बल प्रमुख ने की थी। वन बल प्रमुख वीएन अंबाड़े ने इस मामले में अरोपियों को ढूंढकर जवाब तलब करने के निर्देश दिए थे और अधिकारियों से तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था, लेकिन जब तीन दिन बाद भी आरोपी अधिकारियों के सामने पेश नहीं हुए थे। 16 जनवरी को मामले की शिकायत फिर से वन बल प्रमुख से की गई है, लेकिन अब तक कोई भी आरोपी अधिकारियों के सामने पेश नहीं हो सका है। गौरतलब है कि केरवा डैम के प्रतिबंधित क्षेत्र में रात के समय बाघ सहित अन्य वन्य प्राणी विचरण करते हैं, लेकिन शोर शराबे से वन्य प्राणी पानी पीने और शिकार के लिए बाहर नहीं निकल पाते हैं, जिससे वे प्रभावित होते हैं।

### 30 लाख से हुआ लेडी भोर का कायाकल्प, बढ़ेंगी सुविधाएं

**नगर संवाददाता, भोपाल।** शहर के पुराने और भरोसेमंद लेडी भोर शहरी स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र को डॉ. एससी जैन द्वारा दिए गए 20 लाख रुपये के दान से नई पहचान मिली है। इसी आर्थिक सहयोग से केंद्र का नवीनीकरण और सुदृणीकरण संभव हो सका, जिसका लोकार्पण गत दिवस उप मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। मालूम हो कि डॉ. जैन की पत्नी विनीता जैन ने करीब 30 वर्ष तक इस केन्द्र में सेवाएं दी हैं। उन्हीं की स्मृति में डॉ. जैन ने 20 लाख रुपए से इस केन्द्र का रिनोवेशन कराया है। मालूम हो कि वर्ष 1960 में स्थापित यह केंद्र पिछले पांच दशकों से अधिक समय से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, प्रसव पूर्व और पश्चात देखभाल जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करता आ रहा है। दान के माध्यम से केंद्र की आधारभूत संरचना को मजबूत किया गया है, ताकि बढ़ती आबादी की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। लोकार्पण के दौरान उप राजेन्द्र शुक्ल ने डॉ. शर्मा के इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि समाज के प्रति चिकित्सकों की ऐसी भागीदारी स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देती है। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि आने वाले समय में केंद्र में शिशु रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की पदस्थापना की जाएगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को विशेषज्ञ उपचार का लाभ यहीं मिल सकेगा।

### ऐशबाग थाना क्षेत्र में आर्थिक तंगी से परेशान युवक ने लगाई फांसी

**जागरण, भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस की शुरूआती जांच में युवक आर्थिक तंगी से परेशान था। पुलिस के अनुसार 32 वर्षीय कैलाश मेहरा पिता रमेश जगन्नाथ कॉलोनी रहता था। वह ड्राइवरी करता था। शुक्रवार शाम पांच बजे उसकी पत्नी बच्चे को छोड़ने कोचिंग गई थी। इसके बाद जब वह वापस लौटी तो पति को फांसी के फंदे पर झूलता देखा। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। इधर, शाहपुरा इलाके में शेफ ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस के अनुसार 24 वर्षीय विशाल मालवीय पल्लवी नगर में किराए के मकान में रहता है। वह एक निजी होटल में शेफ का काम करता है। उसकी पत्नी ज्वेलर की दुकान पर काम करती है। शुक्रवार सुबह 10 बजे युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के वक्त पत्नी काम पर गई थी। परिजनों ने जब उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा, तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही

### 'वरिष्ठ विमर्श' का हुआ आयोजन



**जागरण, भोपाल।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही हैं, जिससे संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) जैसी वैश्विक संस्थाओं की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मौजूदा हालात में भले ही यूएनओ की प्रासंगिकता पर चर्चा हो रही हो, लेकिन इसकी आवश्यकता हमेशा बनी रहेगी। जरूरत है कि यूएनओ का पुनर्गठन कर उसे और मजबूत बनाया जाए तथा सदस्य देशों की संख्या बढ़ाई जाए। यह विचार शनिवार को हिंदी भवन में मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की नियमित श्रृंखला 'वरिष्ठ विमर्श' के तहत व्यक्त किए गए। इस अवसर पर ट्रंप की नीतियों से संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाएं अप्रासंगिक हो गई हैं? विषय पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मानव अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश मनोहर ममतानी ने की, जबकि अध्यक्षता पूर्व प्रशासनिक अधिकारी के.सी. श्रीवास्तव ने की। टीवी पत्रकार राजेश बादल ने चर्चा की शुरुआत की। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सक्सेना, स्टेट लॉ कॉलेज की प्राचार्य डॉ. विश्वास चौहान सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। संचालन संयोजक महेश सक्सेना ने किया।

# न्यू मार्केट से हटाया अतिक्रमण, 16 ट्रक सामान जब्त

## सांसद की बैठक के बाद सक्रिय हुआ निगम अमला, अन्य बाजारों में भी हो सकती है कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर के प्रमुख बाजारों से अतिक्रमण को हटाने को लेकर कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को सांसद आलोक शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद शनिवार को नगर निगम का अतिक्रमण अमले न्यू मार्केट में बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाए। इस दौरान दुकानदारों द्वारा मार्केट के मार्गों किए गए निर्माण और अवैध बेरिकेडिंग को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान करीब 16 ट्रक से ज्यादा अतिक्रमण सामग्री जब्त की गई। निगम अमले की कार्रवाई न्यू मार्केट के साथ रंगमहल, काटजू अस्पताल, जीटीबी काम्प्लेक्स और टीटी नगर इलाके में भी बड़ी कार्रवाई की गई। अमले ने न्यू मार्केट में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद दुकानों, ठेले, गुमठी, काउंटर, पान पार्लर को हटाया। बता दें कि न्यू मार्केट में पहले भी अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की जाती रही है, लेकिन कुछ समय बाद हालात जस के तस हो जाते हैं। नो व्हीकल जोन बनने के बाद भी मार्केट में बड़े पैमाने पर वाहनों का



पहुंचना जारी है। बाजार के आसपास पहुंच मार्गों पर फेरी वाले और ठेले वालों के कब्जे से आम लोगों के लिए वाहन चलाना मुश्किल होता है। इसके बाद भी कब्जे हटाए जाने को लेकर विशेष पहल नहीं हो सकी है। अमले ने एक बार फिर से रेनबो अस्पताल, काटजू अस्पताल, जीटीबी काम्प्लेक्स, रंगमहल चौराहा, टीटी नगर थाना चौराहा, मल्टी लेवल पार्किंग में दुकानों के बाहर रखे गए सामान को हटाया।

बता दें कि त्योहार के अवसरों पर भीड़ इतनी बढ़ती है कि रंगमहल चौराहे से टीटी नगर थाना चौराहे तक जाना मुश्किल हो जाता है। मुश्किल से आधा किमी की दूरी लेकिन सड़कों पर अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग समस्या को विकराल करती है।

### खरीदारी के लिए नियम लेकिन नहीं हो रहा पालन

लोगों की खरीदारी को आसान बनाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा न्यू मार्केट बाजार के लिए कई नियम बनाए गए हैं, लेकिन इनका पालन न होता है। पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह ने भरसक प्रयास कर न्यू मार्केट तक जाने वाले रास्तों से अतिक्रमण हटवाकर वाहनों के खड़े होने पर भी प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अब हालात जस के तस है। शनिवार और रविवार के दिन लगने वाले जाम के कारण लोगों का बाजार तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। बिना अनुमति सार्वजनिक स्थानों पर लगने वाले ठेलों और गुमटियों के कारण परेशानी बढ़ती है। अवकाश के दिन शाम 4 बजे से रात 11 तक पैदल चलना ही मुश्किल हो जाता है, ऐसे में वाहन ले जाना तो दूर की बात है।

#### इन निर्देशों का नहीं हो रहा पालन

- हर दो घंटे में पुलिस पेट्रोलिंग
- प्रीमियम पार्किंग को छोड़ सभी पार्किंग फ्री करना
- रंग महल से टीटी नगर स्टेडियम को अतिक्रमण मुक्त करना

#### इन नियमों की भी जरूरत

कुछ क्षेत्रों को प्रतिबंधित कर नो व्हीकल जोन बनाए जाने की जरूरत। यहां किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया जाए। अस्थाई दुकानों, ठेलों व गुमठियों को स्मार्ट सिटी में निर्मित बाजार में शिफ्ट किया जाना चाहिए। इससे लोगों को खरीदारी करने में आसानी होगी और नए बाजार का भी सदुपयोग होगा।

#### कोलार-बुधवारे में भी हुई कार्रवाई

इसके अलावा कोलार राजहर्ष कालोनी में अवैध रूप से लगाई गई किचन जाली हटवाई गई और बुधवारा मस्जिद के पास से अवैध रूप से लगाई लोहे की 02 जालियां व 02 लोहे के गेट सहित अन्य सामान भी जब्त किया गया।

## हरियाणा और राजस्थान के 'मेवाती' अंतरराज्यीय गैंग के पांच सदस्य गिरफ्तार

# 10 साल में गिरोह ने की 2 करोड़ की चोरी

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** हरियाणा और राजस्थान के 'मेवाती' गैंग के पांच सदस्यों को कोहेफिजा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह लालघाटी स्थित एचडीएफसी बैंक का एटीएम काटकर डकैती डालने वाले थे। इससे पहले सुबह पांच बजे पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। यह गिरोह दस साल से सक्रिय है। अब तक दो करोड़ की चोरी कर चुकी है। तीन महीने पहले गिरोह के सदस्यों ने बैंगलोर में एटीएम काटकर चोरी की थी। यहां से 14 लाख रुपए उड़ाए थे। बैंगलोर पुलिस भोपाल पहुंच रही है। आरोपियों की क्रेटा कार में भोपाल समेत चार राज्यों तेलंगाना, महाराष्ट्र और हरियाणा की नंबर प्लेट मिली है। पुलिस ने आरोपियों को जिला अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह कोहेफिजा थाना प्रभारी की प्रभात गश्त थी। वह इलाका भ्रमण कर रहे थे। सुबह पांच बजे ग्रीन एकड़ के पास ब्रिज के नीचे क्रेटा कार खड़ी दिखी। इसमें भोपाल का नंबर एमपी 04 जेडडी 7518 डला था। कार में छह लोग सवार थे। संदिग्ध लगने पर पूछताछ की। कार के अंदर भारी मात्रा में चोरी व डकैती का सामान रखा था। इसमें एक छोटा गैस सिलेंडर, दो आक्सीजन सिलेंडर, कटर, लोहे की सब्बल, पाइप, 4 तलवार, छुरी, रॉड, पैचकस तथा छह राज्यों की नंबर प्लेट रखी मिली। पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले आई। प्रारंभिक पूछताछ में उन्होंने एचडीएफसी बैंक के एटीएम में डकैती डालने की बात स्वीकार की। आरोपियों की पहचान शाहबुद्दीन उर्फ सुबदीन (27) निवासी ग्राम बादौली तहसील कुन्हाना थाना कुन्हाना जिला मेवात (हरियाणा), शौकुल निवासी ग्राम सांवलेर थाना पहाड़ी जिला भरतपुर (राजस्थान), वकील निवासी बांधोली थाना कुन्हाना जिला मेवात हरियाणा, मौसम निवासी ग्राम सांवलेर तहसील पहाड़ी थाना पहाड़ी जिला भरतपुर राजस्थान, नसीम पिता अय्यूब निवासी ग्राम दाड़ौनी थाना कुन्हाना जिला नूह हरियाणा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ डकैती डालने का प्रयास का केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

**बैंगलोर पुलिस आ रही भोपाल:** गिरोह का मास्टरमाइंड शाहबुद्दीन उर्फ सुबदीन है। पूछताछ में बताया कि 2023 में नीमच के जावद थाने में एटीएम काटकर चोरी कर चुके हैं। ३ पहले बैंगलोर में एटीएम को काटकर चोरी की थी। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज है। भोपाल पुलिस ने इस संबंध में बैंगलोर पुलिस को सूचना दे दी है। वहां की पुलिस भोपाल आ रही है।

#### एटीएम तोड़ना आसान, बड़ी मात्रा में मिलती है नकदी

वह अपना असली मोबाइल नंबर लेकर नहीं आते थे। फर्जी दस्तावेज से खरीदी गई सिम इस्तेमाल करते थे, जिससे वह पकड़े नहीं जाएं। एटीएम तोड़ना उनके लिए आसान टास्क था, जिसमें बड़ी मात्रा में नकदी मिल जाती है इसलिए वह एटीएम को तोड़कर चोरी करते हैं। आने जाने के लिए वह हमेशा अलग-अलग रास्ते इस्तेमाल करते हैं, जिससे पुलिस को गुमराह किया जा सके। पुलिस की पूछताछ जारी है।

**सर्च करते थे सफेद रंग की क्रेटा कार का नंबर :** आरोपी सुबदीन ने बताया कि उसके पास सफेद रंग की क्रेटा कार है, जिससे वह वारदात करते थे। जिस राज्य में चोरी करने जाता, उसके पहले सर्च कर लेता था कि वहां पर सफेद रंग की क्रेटा कार के नंबर क्या हैं। गाड़ी स्थानीय लगने के लिए वह वहां की फर्जी नंबर प्लेट बनवा लेते थे। इस तरह उसने भोपाल की गाड़ी का नंबर बनवा लिया था, जोकि सफेद क्रेटा कार का था। वह वारदात के बाद जैसे ही महाराष्ट्र तरफ जाते वहां की नंबर प्लेट लगा लेते जिससे वह ट्रेस नहीं हो पाते।

# यात्रियों और रेलवे का माल उड़ाने वाले गिरोहों का पर्दाफाश

## जीआरपी ने जब्त किया 25 लाख का माल

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने इटारसी और ग्वालियर में शातिर गिरोहों को दबोचकर 24 लाख 59 हजार रुपए से अधिक की चोरी की संपत्ति बरामद की है। इस कार्रवाई में न केवल यात्रियों के गहने और नकदी वापस मिली हैं बल्कि रेलवे का भी चोरी गया माल वापिस मिला है। जीआरपी इटारसी की टीम ने एक महिला यात्री के साथ 8 लाख से अधिक की चोरी के मामले को सुलझा लिया है। इस मामले में गिरोह के दो सदस्यों से 5 लाख 46 हजार रुपए के जेवर, मोबाइल और कैश बरामद कर लिया है। सूचना मिलते ही जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और दोनों संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। दो सदस्यों वाला ये गिरोह यूपी से आकर अन्य राच्यों में चोरी की वारदात को अंजाम देकर वापस चला जाता था। गिरोह में बलरामपुर के सरवन यादव और गौतमबुद्ध नगर के कमल शर्मा ने बताया कि उन्होंने दो माह इटारसी में एसी कोच से लेडीज पर्स चोरी किया था।



### रेलवे के 20 लाख के तार चुरा ले गए आरोपी

ग्वालियर जीआरपी की टीम ने रेलवे परिसर में घुसकर सरकारी संपत्ति चुराने वाले एक अन्य गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यहां जीआरपी ने शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में ट्रांसफॉर्मर की पावर सप्लाई के वायर, 11 बोरे छिले हुए एल्यूमीनियम के तार और लोहे के औजार शामिल हैं। इस बरामद किए गए माल की कीमत 19 लाख 13 हजार रूपए हैं। यह गिरोह पिछले कुछ समय से रेलवे के निर्माण और इंजीनियरिंग विभागों से जुड़े कार्यलयों में बने स्टोर एवं साइट पर चल रहे काम के लिए आए सामान को निशाना बना रहा था।

## परीक्षण शालाओं में निगमकर्मी सीख रहे पेयजल जांच करना

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर के सभी इलाकों में सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच करने और लोगों तक साफ पेयजल पहुंचाने के लिए नगर निगम के 170 कर्मचारियों को जल मित्र की ट्रेनिंग दी जा रही है। योजना के तहत सभी जल मित्र नगर निगम की 8 परीक्षण शालाओं में पानी की जांच करना सीख रहे हैं, जिसके बाद प्रत्येक वार्ड में 2 जलमित्रों की डयूटी लगाई जाएगी। इन जल मित्रों का काम गंदे पानी की शिकायत मिलते ही तत्काल पानी की जांच कर लोगों को पानी के संबंध में जानकारी देना होगा। बता दें कि वर्तमान में नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों से पानी के नमूने इकट्ठे कर जांच की जा रही है। कई बार जांच करने वाले कर्मचारियों पर ही सवाल उठते हैं, ऐसे में नगर निगम ने इन सभी कर्मचारियों को जल परीक्षण के लिए नई तकनीकें सिखाने के साथ पूरी तरह से प्रशिक्षित करना शुरू कर दिया है, ताकि पानी की जांच सही तरीके से हो सके। प्रशिक्षण के बाद यह सभी जल मित्र जल सुनवाई के दौरान प्रत्येक वार्ड में तैनात होंगे। शहर के हर वार्ड में 2 कर्मचारी पानी के नमूने इकट्ठे कर क्लोरिन की जांच करने के लिए तैनात होंगे। बता दें कि निगम द्वारा इन्हें अरेरा हिल्स स्थित 5 एमजीडी फिल्टर प्लांट, श्यामला हिल्स फिल्टर प्लांट, ईदगाह हिल्स फिल्टर प्लांट, मनुआभान टेकरी फिल्टर प्लांट, बैरागढ़ फिल्टर प्लांट, भौंरी फिल्टर प्लांट की जल परीक्षण शालाओं में ट्रेनिंग दी जा रही है।



### 3 से छह साल के नन्हें विद्यार्थी लेंगे बाल वाटिका में प्रवेश

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे में आगामी सत्र 2026-27 में प्रदेश के करीब साढ़े चार हजार स्कूलों में बाल वाटिका (प्री-प्राइमरी कक्षाएं) शुरू होंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत तीन से छह साल के नन्हें विद्यार्थियों को औपचारिक स्कूली शिक्षा से पहले खेल-खेल में सीखने का माहौल प्रदान करना है। उक्त वाटिकाओं में नन्हें विद्यार्थियों के लिए रंग-बिरंगे क्लासरूम, खिलौने और विशेष रूप से तैयार किया गया कोर्स होगा। यह निजी प्ले स्कूल की तर्ज पर सांदीपनि विद्यालय खुलेंगे। अगले सत्र में स्कूल शिक्षा विभाग इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर रहा है। शासन करीब 24 हजार आंगनबाड़ियों को प्ले स्कूल के रूप में विकसित करने की व्यवस्था कर रहा है। प्रदेश में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूती प्रदान करने और नन्हें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह पहल की जा रही है। निजी स्कूलों में नर्सरी और केजी की महंगी फीस के कारण नन्हें विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शुरुआती शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। बाल वाटिकाएं यह फासला खत्म जरुर हो जाएगा। इससे सरकारी स्कूलों में प्रवेश संख्या में बढोतपी होगी। स्कूल छोडने वाले विद्यार्थी के ग्राफ में गिरावट आएगी।

## 'द ग्रेट इंडियन फिल्म एंड लिटरेचर फेस्ट' आज

**जागरण, भोपाल।** झीलों की नगरी भोपाल के सांस्कृतिक गलियारे में कल एक बेहद खास शाम जुड़ने जा रही है। आज श्यामला हिल्स स्थित एमपीटी डीडीएक्स ड्राइव-इन सिनेमा में द ग्रेट इंडियन फिल्म एंड लिटरेचर फेस्ट (गिफलीफ) के 10 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाया जाएगा। मध्यप्रदेश टूरिज्म के सहयोग से आयोजित होने वाले इस इंडीस्तान म्यूजिकल एक्सपीरियंस में शाम 5:00 बजे से रात 10:00 बजे तक संगीत की अनूठी महफिल सजेगी। व्हाइट वॉल्स मीडिया द्वारा आयोजित इस भव्य फेस्ट में एसबीआई बैंकिंग पार्टनर और स्टारलाइट टाइटेनिया लक्जरी लिविंग पार्टनर के रूप में जुड़े हैं। युवाओं और संगीत प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए छात्रों के लिए टिकट की कीमत मात्र 399 रुपये रखी गई है, जो बुक माय शो और गिफलीफ की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

### लोक निर्माण विभाग, ( भ./स. ) संभाग क्रमांक-1 रीवा

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 23/ब.ले.लि./निविदा/2025-2026 — रीवा, दिनांक 07/01/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रु.लाख में) | 1-अमानत राशि 2-निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1-निविदा आमंत्रण क्र. 2-कार्यवधि सहित/ छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 472706 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत मऊगंज बहेरा डाबर मार्ग लम्बाई 13.15 कि.मी., वाईपास बरौं मोड़ से औद्योगिक क्षेत्र मार्ग लम्बाई 18.00 कि.मी., बहेरा डाबर पिपराही मार्ग लं. 19.60 कि.मी., मऊगंज से कमर्जी मार्ग लं. 10.00 कि.मी., उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत बडागांव अमाव मार्ग लं. 4.00 कि.मी., बरहा पहुँच मार्ग लं. 3.00 कि.मी., बराछ पहुँच मार्ग लं. 2.00 कि.मी. एवं सरई पहुँच मार्ग लं. 1.50 कि.मी. एवं इटमा से भडरा व्हाया गुरूगुदा मार्ग लं. 11.30 कि.मी. कुल लम्बाई 82.55 कि.मी. में STMC पद्धिति के तहत बी.टी./सी.सी. मार्गो का मरम्मत कार्य | 366.30 | 1-366300.00 2-15000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-12 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | PWDRB 472708 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत मनगवां तिवनी व्हाया बुडवा मार्ग लं. 2.50 कि.मी., रामनई पटना मार्ग लम्बाई 0.80 कि.मी., हनुमंता पैपखरा मार्ग लम्बाई 2. 50 कि.मी. एवं छिउला से जोडौरी मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी., रघुराजगढ से तुदुआ व्हाया दुअरा उमरिहा खर्रा कंचनपुर मार्ग लम्बाई 31.00 कि.मी., गंगेव से मऊगंज व्हाया उमरिहा इटहा कला तिवरिगवां मार्ग लम्बाई 12.00 कि.मी., लालगांव से सुदर्शन कालेज एवं चौरी पहुँच मार्ग लम्बाई 8.80 कि.मी., रायपुर सीतापुर पन्नी मार्ग से बमुरिहा इन्द्रदत्त पहुँच मार्ग लं. 2.40 कि.मी., एवं नगई से अटरिया मार्ग लं. 2. 60 कि.मी. बैकुठपुर देवास लालगांव मार्ग लं. 17.50 कि.मी. कुल लम्बाई 82.10 कि.मी. में STMC 7 पद्धिति के तहत बी.टी./सी.सी. मार्गो का मरम्मत कार्य | 352.67 | 1-352670.00 2-15000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-12 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | PWDRB 472709 | उपसंभाग क्रमांक-1 के अन्तर्गत महसांव रेडियो स्टेशन से खजुहा कनौजा माग लं. 8.00 कि.मी., अमिलकी मुकुन्दपुर मार्ग लं. 4.40 कि.मी., कोलईया पहुँच मार्ग लं. 0.90 कि.मी. सिलपरा पहुँच मार्ग लं. 1.50 कि.मी., टीकर से पटपरा पहुँच मार्ग लं. 3.20 कि.मी. रीवा शहरी के आंतरिक मार्ग लं. 10.00 कि.मी. कुल लंम्बाई 28.00 कि.मी. में STMC पद्धिति के तहत बी. टी. मार्गो का मरम्मत कार्य | 114.36 | 1-114360.00 2-12500.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-12 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | PWDRB 472711 | उपसंभाग क्रमांक-3 के अन्तर्गत अमवा से दुबहा पहुँच मार्ग लं. 1.50 कि.मी., कपसा हरिजन बस्ती मार्ग लं. 3.00 कि.मी., सिरमौर मैन रोड से कुशहा मार्ग लं. 2.70 कि.मी., उमरी प्लान्हान मार्ग लं. 4.00 कि.मी., हरदुआ रगौली मार्ग से भगडा गहिलवार मार्ग लं. 4.50 कि.मी., उमरी मोड बदरांव तिवरियांन मार्ग लं. 5.00 कि.मी. कुल लम्बाई 20.70 कि.मी. में STMC पद्धिति के तहत बी. टी. मार्गो का मरम्मत कार्य | 86.38 | 1-86380.00 2-10000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-12 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | PWDRB 472713 | तहरा चोरहटा मार्ग एम. डी. आर. 10-20 पर बाक्स कल्वर्ट (चैनेज 1720 मीटर एवं चैनेज 2920 मीटर), रतहरा चोरहटा मार्ग एम. डी. आर. 10-20 पर बाक्स कल्वर्ट (चैनेज 3200 मीटर एवं चैनेज 7849 मीटर) एवं बार्ड नं. 4 चोरहटा हाई स्कूल से नहर तक की कुल लम्बाई 1.60 कि.मी. में नाला का निर्माण कार्य | 300.37 | 1-300370.00 2-15000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-04 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | PWDRB 472714 | उपसंभाग मनगवां अन्तर्गत पनगढी पहुँच मार्ग लम्बाई 3.40 कि.मी. का निर्माण कार्य | 331.88 | 1-331880.00 2-15000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-05 माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | PWDRB 472715 | उपसंभाग क्रमांक-3 के अन्तर्गत श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय तथा गांधी स्मारक चिकित्सालय एवं मेडिकल कालेज रीवा में विभिन्न मरम्मत कार्य | 80.82 | 1-80820.00 2-10000.00 | 1-प्रथम आमंत्रण 2-10 माह वर्षाकाल सहित |
| | | **कुल योग** | **1632.78** | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 28/01/2026 सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग क्रमांक-1 रीवा

G-24439/25


## चमत्कार

### नागपुर में शव यात्रा से पहले 103 साल की दादी हुई 'जिंदा'

# अंतिम यात्रा के लिए आए रिश्तेदार, लेकिन जन्मदिन मनाकर लौटे

**नागपुर, जेएनएन।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां 103 साल की बुजुर्ग महिला को परिजनों ने मृत मानकर अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली थी। लेकिन शव यात्रा निकलने से पहले उनकी सांसें चलने लगीं, जिसके बाद घर में मातम का माहौल अचानक खुशी और हैरानी में बदल गया। यह मामला नागपुर जिले के रामटेक शहर के आंबेडकर वार्ड का है। यहां रहने वाली गंगाबाई सावजी साखरे (103) पिछले करीब दो महीनों से बिस्तर पर थीं। परिजनों के मुताबिक, 12 जनवरी की शाम उनके शरीर में कोई हलचल नहीं दिखी, जिसके बाद परिवार ने उन्हें मृत मान लिया।



### पूरी हो गई थी अंतिम संस्कार की तैयारी

परंपराओं के अनुसार, परिजनों ने गंगाबाई को नए कपड़े पहनाए। उनके हाथ-पैरों के अंगूठे बांधे गए और नाक में रुई भी रखी गई। इसके बाद रिश्तेदारों और परिचितों को उनके निधन की सूचना दे दी गई। परिवार ने सोशल मीडिया पर भी उनके निधन की खबर साझा कर दी। घर के सामने मंडप लगाया गया, कुर्सियां मंगवाई गईं और शव वाहन भी बुक कर लिया गया।

### दो घंटे बाद लौट आईं सांसें

अंतिम तैयारियों के दौरान करीब दो घंटे बाद, 12 जनवरी की शाम करीब 7 बजे, गंगाबाई के पोते राकेश साखरे ने उनके पैरों की उंगलियों में हलचल देखी। इसके बाद घर वालों ने तुरंत हाथ-पैरों की बांध खोल दी और नाक से रुई हटाई। जब परिजनों ने ध्यान से देखा तो गंगाबाई की सांसें चल रही थीं। यह देखकर घर में मौजूद सभी लोग सन्न रह गए। कुछ देर पहले जिन्हें मृत मान लिया गया था, वे जीवित पाई गईं।

#### जिस दिन अंतिम यात्रा थी उसी दिन मनाया जन्मदिन

13 जनवरी को गंगाबाई की अंतिम यात्रा तय थी, लेकिन संयोग से यही दिन उनका जन्मदिन भी था। परिजनों ने अंतिम संस्कार की जगह उसी दिन जन्मदिन मनाने का फैसला किया। परिवार ने कहा कि उन्होंने इसे गंगाबाई के 'नए जीवन' का जन्मदिन मानकर मनाया।

## विराट कोहली के पास वर्ल्ड रिकॉर्ड का मौका



**उज्जैन, जेएनएन।** विराट क्रिकेट में महान क्रिकेटर पोंटिंग और सहवाग का एक और रिकॉर्ड तोड़ने की दहलीज पर खड़े हुए हैं। विराट कोहली जब इंदौर में कल न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे इंटरनेशनल मैच में खेलने उतरेंगे तो उनके पास एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का मौका होगा। विराट अगर इस मैच में शतक ठोक देते हैं तो यह उनके इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का 85वां शतक होगा। किंग कोहली साथ वनडे में अपने 54 शतक भी पूरे कर लेंगे। वराट कोहली अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में होने वाले तीसरे वनडे इंटरनेशनल मैच में शतक जड़ देते हैं, तो वह रिकी पोंटिंग और वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ देंगे। विराट कोहली ऐसे में रिकी पोंटिंग और वीरेंद्र सहवाग को पछाड़ते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 7 शतक जड़ने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे।

### महाकाल के दर्शन किए

भारत-न्यूजीलैंड के बीच इंदौर में खेले जाने वाले मैच से पहले विराट कोहली और कुलदीप यादव उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। दोनों ने त्रिपुंड (तिलक) लगवाया। इसके बाद भस्म आरती में शामिल हुए। मैच रविवार को होलकर स्टेडियम में होना है। विराट और कुलदीप शनिवार सुबह करीब 4 बजे भस्म आरती के लिए महाकाल मंदिर पहुंचे। दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर आरती देखी। इस दौरान वे जाप करते नजर आए। मंदिर समिति ने दोनों खिलाड़ियों का सम्मान किया।

### भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का निर्णायक मैच आज इंदौर में दोपहर 1:30 बजे से

# वनडे का शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखने उतरेगी टीम इंडिया, कीवीज की निगाहें भी श्रृंखला जीतने पर

**इंदौर, जेएनएन।** अब तक घरेलू धरती पर वनडे में शानदार रिकार्ड रखने वाले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतने के लिए रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। न्यूजीलैंड की टीम की निगाह भी श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने पर होगी। तीन मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है। मार्च 2019 के बाद से भारत ने अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं हारी है। तब ऑस्ट्रेलिया ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए श्रृंखला 3-2 से जीती थी लेकिन अब यह रिकॉर्ड दांव पर लगा है। न्यूजीलैंड के लिए भी यह मैच काफी महत्वपूर्ण है। उसकी टीम ने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा किया है, लेकिन यहां कभी भी श्रृंखला नहीं जीती है। इस इंतजार को खत्म करने का यह उसके पास संभवतः सबसे अच्छा अवसर है।

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर नहीं चाहेंगे कि उनके नेतृत्व में घरेलू मैदान पर टीम को एक और श्रृंखला में हार का सामना करना पड़े। विशेषकर तब जबकि उन्होंने कई अनचाहे रिकॉर्ड बनाए हैं। गंभीर के कोच रहते हुए भारत ने घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच हारे हैं और पहली बार श्रीलंका में वनडे श्रृंखला गंवाई। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे में भारत की हार किसी एक असाधारण पारी के कारण नहीं बल्कि न्यूजीलैंड का बीच के ओवरों में शानदार नियंत्रण बनाए रखने के कारण हुई। डैरिल मिचेल का नाबाद शतक सुनियोजित आक्रामकता पर आधारित था। उन्होंने विशेषकर भारत के स्पिनरों को निशाना बनाया। यह एक ऐसा विभाग है जिसमें भारत हाल के दिनों में संघर्ष करता नजर आ रहा है। इंदौर के होलकर स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और गेंदबाजों को विकेट से बहुत कम मदद मिलने के कारण गलती की गुंजाइश और भी कम हो जाती है।

### केएल राहुल नंबर 5 पर बेहतर साबित होंगे

केएल राहुल की भूमिका एक ऐसा पहलू है जहां पहले से ही स्पष्टता नजर आती है। नंबर पांच पर उनके अच्छे प्रदर्शन से इस बात का पता चलता है कि उन्हें इसी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारना सही होगा। वह इस नंबर पर दबाव में भी सूत्रधार की अच्छी भूमिका निभा सकते हैं।



### रोहित और विराट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित शर्मा पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी। शीर्ष क्रम पर उनका बेहद आक्रामक रवैया हालिया वनडे मैचों में भारत की रणनीति का अहम हिस्सा रहा है, लेकिन बार-बार जल्दी आउट होने से उन पर थोड़ा दबाव बढ़ गया है। दूसरी ओर विराट भारत की वनडे बल्लेबाजी का मुख्य आधार बने हुए हैं। इन दोनों खिलाड़ियों के लिए 50 ओवर का अगला टूर्नामेंट संभवतः जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान होगा और ऐसे में प्रशंसक एक बार फिर कोहली और रोहित से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

### अर्शदीप सिंह से भारतीय आक्रमण होगा मजबूत

यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मैच में भारतीय टीम प्रबंधन नीतीश कुमार रेड्डी और आयुष बडोनी में से किस को अंतिम एकादश में रखता है। ऑलराउंडर रेड्डी तेज गेंदबाजी करते हैं लेकिन गेंदबाजी में उनका इस्तेमाल कम ही किया जाता है। बडोनी मध्यक्रम के अच्छे बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज हैं और यहां की परिस्थितियां उनके लिए अनुकूल हो सकती हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने से भारतीय आक्रमण को मजबूती मिल सकती है। यहां के मैदान पर सफलता अक्सर तेज गति के बजाय विविधताओं पर निर्भर करती है। अर्शदीप की नई गेंद को स्विंग कराने, विकेट को निशाना बनाकर गेंदबाजी करने और डेथ ओवरों में यॉर्कर डालने की क्षमता भारत को रणनीतिक बढ़त दिलाएगी। उनके टीम में शामिल होने से स्पिनरों पर बोझ भी कम होगा।

### स्पिनरों को खेलने असहज भारतीय बैटर

स्पिन गेंदबाजी का सामना करने की भारत की क्षमता पर भी सवाल उठ रहे हैं। टीम की बल्लेबाजी में गहराई और मजबूती होने के बावजूद उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में स्पिनरों के सामने असहज दिख रहे हैं। बल्लेबाज महत्वपूर्ण मौकों पर स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पा रहे हैं। अब बड़े स्कोर वाले मैदान पर बीच के ओवर निर्णायक साबित हो सकते हैं।

### डेवोन कॉनवे और मिचेल बन सकते हैं चुनौती

न्यूजीलैंड की टीम में भरपूर आत्मविश्वास और स्पष्टता है। डेवोन कॉनवे और मिचेल जैसे धाकड़ बल्लेबाजों से पार पाना भारतीय गेंदबाजों के लिए आसान नहीं होगा। उसके गेंदबाजों में भले ही कोई बड़े नाम न हों, लेकिन उन्होंने ऐसी परिस्थितियों में भी विविधता और सटीक लेंथ का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है जहां विकेट से ज्यादा मदद नहीं मिलती। होलकर स्टेडियम के छोटे मैदान पर कौशल के साथ-साथ फैसला लेने की क्षमता भी काफी महत्वपूर्ण होगी।

## खेल एक नजर

### मार्टिन की अस्पताल से छुट्टी

**मेलबर्न, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेमियन मार्टिन को मेनिन्जाइटिस से उबरने के बाद शनिवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मार्टिन 27 दिसंबर 2025 को बीमार पड़ गए थे और उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में कृत्रिम कोमा में रखना पड़ा था, लेकिन जनवरी के पहले सप्ताह में उनमें सुधार के लक्षण दिखाई देने लगे थे। लेकिन अब वह इस मुश्किल दौर से बाहर निकल आए हैं और उन्होंने अपने शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। मार्टिन ने एक्स पर लिखा, वर्ष 2026 का स्वागत है। मैं अस्पताल से घर आ गया हूं। मैं उन सभी लोगों का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस दौरान मेरा और मेरे परिवार का साथ दिया। उन्होंने कहा, इस अनुभव से मुझे पता चला कि जीवन कितना क्षणभंगुर है। सब कुछ कितनी जल्दी बदल सकता है और समय कितना अमूल्य है। मार्टिन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 67 टेस्ट, 208 वनडे और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

### डब्ल्यूपीएलः बेंगलुरु की चौथी जीत, दिल्ली की तीसरी हार



**मुंबई, जेएनएन।** विमेंस प्रीमियर लीग के चौथे सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार चौथा मैच जीत लिया। टीम ने शनिवार के दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया। इसी के साथ टीम ने पॉइंट्स टेबल के टॉप पोजिशन पर अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली। नवी मुंबई के डीवाय पाटील स्टेडियम में बेंगलुरु ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली ने शेफाली वर्मा की फिफ्टी के दम पर 166 रन बना दिए। लौरेन बेल और सयाली साटघरे को 3-3 विकेट मिले। बेंगलुरु ने कप्तान स्मृति मंधाना के 96 रन की मदद से 18.2 ओवर में 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 10 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। विकेटकीपर लिजेल ली और कप्तान जेमिमा रोड्रिग्ज 4-4 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं लौरा वोलवार्ट और मारिजान कैप खाता भी नहीं खोल सकीं। **दिल्ली की तीसरी हारः** चौथे सीजन में दिल्ली कैपिटल्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। टीम को 4 मुकाबलों में तीसरी हार मिली, टीम की इकलौती जीत यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ आई। दूसरी ओर आरसीबी ने लगातार चौथा मैच जीता। टीम गुजरात, यूपी और मुंबई को भी 1-1 मैच हरा चुकी है। आरसीबी 8 पॉइंट्स लेकर पहले नंबर पर है।

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट की शुरूआत आज से

# नोवाक की निगाह 25वें खिताब पर अल्काराज-सिनर देंगे चुनौती



**मेलबर्न, जेएनएन।** नोवाक जोकोविच को अब भी पूरा भरोसा है कि वह अपना 25वां एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने में सफल रहेंगे और उन्हें उम्मीद है कि रविवार से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में वह कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रहेंगे। जोकोविच पिछले साल चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे थे लेकिन वह अल्काराज और सिनर की चुनौती से पार पाने में असफल रहे थे। वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एक बार फिर से यह दोनों युवा खिलाड़ी उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं। जोकोविच ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन की पूर्व संध्या पर कहा, 2025 में मैंने सिनर या अल्काराज़ के खिलाफ खेले गए चार ग्रैंड स्लैम मैच में से तीन में हार का सामना किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, हमें उनकी ज्यादा तारीफ करने की जरूरत नहीं है। उनकी तारीफ पहले ही काफी हो चुकी है। हम जानते हैं कि वे कितने अच्छे खिलाड़ी हैं। वे उस मुकाम के हकदार हैं जहां वे अभी हैं। वे इस समय पुरुष टेनिस में सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं। जोकोविच अपने 25वें ग्रैंड स्लैम एकल खिताब की तलाश में तीसरा सत्र शुरू कर रहे हैं।

### 2023 में जीता था आखिरी ग्रैंड स्लैम

यह 38 वर्षीय खिलाड़ी खुद को मुकाबले में बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। जोकोविच ने आखिरी बार 2023 में अमेरिकी ओपन के रूप में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। तब से सिनर और अल्काराज़ ने आठ खिताब आपस में बांटे हैं। सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले दो बार के चैंपियन हैं जबकि अल्काराज़ मेलबर्न पार्क में खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। जोकोविच ने पिछले साल इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अल्काराज को हराया था लेकिन सेमीफाइनल में हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के कारण उन्हें मैच बीच में ही छोड़ना पड़ा था। जोकोविच ने कहा, सिनर और अल्काराज़ इस समय बाकी सभी खिलाड़ियों से बिल्कुल अलग स्तर पर खेल रहे हैं।

### मीरा एंड्रीवा ने एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता

**एडिलेड, जेएनएन।** तीसरी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने शुरू में 0-3 से पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को यहां लगातार नौ गेम जीतकर एडिलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में विक्टोरिया एमबोको को 6-3, 6-1 से हरा दिया। यह मुकाबला डब्ल्यूटीए टूर की रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल लेकिन 20 वर्ष से कम उम्र की खिलाड़ियों के बीच था। एंड्रीवा 18 वर्ष और एमबोको 19 वर्ष की हैं। कनाडा की खिलाड़ी एमबोको ने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन इसके बाद एंड्रीवा ने उनकी एक नहीं चलने दी और आसानी से मैच अपने नाम करके अपना पांचवां डब्ल्यूटीए खिताब जीता। बाद में पुरुष एकल के फाइनल में थॉमस मचाक ने उगो हम्बर्ट को 6-4, 6-7 (2), 6-2 से पराजित किया।



### जैकब मेनसिक ने तीखी सर्विस से जीता ऑकलैंड ओपन का खिताब

**ऑकलैंड, जेएनएन।** तीसरी वरीयता प्राप्त जैकब मेनसिक ने अपनी तीखी सर्विस का शानदार नजारा पेश करते हुए शनिवार को यहां सेबेस्टियन बाएज को सीधे सेटों में हराकर ऑकलैंड ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज मेनसिक ने फाइनल में 6-3, 7-6 (7) से जीत हासिल करने के लिए 18 ऐस लगाए। चेक गणराज्य के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट के टाईब्रेक में तीन सेट प्वाइंट बचाकर अपना दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। अब वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा लेंगे जहां पहले दौर में उनका मुकाबला स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा से होगा। ऑकलैंड में क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराने वाले बाएज मेलबर्न में पहले दौर में जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से भिड़ेंगे।

# अंडर-19 वर्ल्डकप में भारत ने बांग्लादेश को 18 रन से हराया

### विहान मल्होत्रा को 4 विकेट, वैभव-अभिज्ञान की फिफ्टी



**बुलावायो (जिम्बाब्वे), जेएनएन।** भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने शनिवार को बांग्लादेश को बारिश से प्रभावित मैच में 18 रन से हराया। बुलावायो में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत पहले खेलते हुए 48.4 ओवर में 238 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम ने बांग्लादेश को 49 ओवर में 239 रन का टारगेट दिया, जिसे बारिश के कारण रिवाइज करके 29 ओवर में 165 रन कर दिया गया। आखिर में बांग्लादेशी टीम ने 28.3 ओवर में 146 ही बना सकी। भारतीय टीम के लिए विहान मल्होत्रा ने 4 विकेट झटके।

### वैभव सूर्यवंशी ने सूर्यकुमार यादव जैसा कैच पकड़ा




वैभव सूर्यवंशी ने बांग्लादेश की पारी के 26वें ओवर में बाउंड्री पर ठीक वैसा कैच पकड़ा, जैसा सूर्यकुमार यादव ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में पकड़ा था। वैभव के कैच से मोहम्मद समियुन बसीर रतुल 2 रन बनाकर आउट और दबाव बना।

**मैच के बाद दोनों टीमों ने हाथ मिलायाः** मैच के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने आपस में हाथ मिलाया। इससे पहले टॉस कराने आए बांग्लादेश के उपकप्तान जवाद अबरार ने भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे से हाथ नहीं मिलाया। इस पर बीसीबी ने कहा- प्रतिद्वंद्वी कप्तान से हाथ न मिल पाना अनजाने में हुआ। बीसीबी ने कहा था- इसका उद्देश्य किसी भी तरह की असभ्यता या विरोधी टीम के प्रति अनादर दिखाना नहीं था। हमने प्लेयर्स से कहा है कि वे हर स्थिति में खेल भावना का पालन करें। रेग्युलर कप्तान अजीजुल हकीम बीमारी के कारण टॉस में शामिल नहीं हुए। उपकप्तान जवाद अबरार ने टॉस कराया।

## 3 लाख के वाटर प्यूरीफायर के साथ पहुंचे गिल, टीम इंडिया के लिए स्पेशल शेफ

**इंदौर, जेएनएन।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला खेलने के लिए टीम इंडिया इंदौर पहुंच चुकी है। कप्तान शुभमन गिल अपने साथ करीब तीन लाख रुपए की एक विशेष वॉटर प्यूरीफिकेशन मशीन लेकर इंदौर आए हैं। जानकारी के मुताबिक होटल से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह मशीन आरओ और पैक्ड बोतलबंद पानी को भी दोबारा पूरी तरह शुद्ध करने में सक्षम है। शुभमन गिल ने इस मशीन को अपने कमरे में ही रखवाया है। होटल स्टाफ को भी इसके इस्तेमाल और तकनीक से जुड़ी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया है कि गिल ने यह कदम इंदौर में हाल ही में दूषित पानी पीने से हुई मौतों को देखते हुए एहतियात के तौर पर उठाया है या इसके पीछे कोई और वजह है। इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी के कारण अब तक 24 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा। फिलहाल दोनों टीमों ने एक-एक मैच जीत लिया है और सीरीज 1-1 की बराबरी पर है।

**फिटनेस-डाइट के बीसीसीआई ने भेजा शेफः** खिलाड़ियों की फिटनेस और डाइट को ध्यान में रखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टीम के साथ स्पेशल शेफ भी भेजे हैं। शेफ हर खिलाड़ी की जरूरत के अनुसार भोजन तैयार कर रहा है। शुक्रवार को भारतीय टीम ने आराम किया, जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने प्रैक्टिस की। शनिवार को टीम इंडिया भी अभ्यास किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### दानिश और मनन के अर्धशतक हमीदिया और रेट्रो स्टार जीतीं



**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** दानिश खान के अर्धशतक की मदद से हमीदिया स्पोर्ट्स ने सुपर हीटर्स को पांच विकेट से हराकर 31वें आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में तीसरी जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ वह ग्रुप टॉप भी कर गई है। दिन के दूसरे मैच में रेट्रो स्टार ने यूज लोकेटर को छह विकेट से हराया। इस जीत में मनन शर्मा ने 73 रनों की पारी खेली। बाबे आली मैदान पर शनिवार को खेले गए इस पहले मैच में सुपर हीटर्स ने 18 ओवर के खेल में नौ विकेट पर 148 रन बनाए। इसमें कप्तान सौरव यादव ने 31, वैभव कुमार ने 39 और मानव ने 41 रनों की पारी खेली। हमीदिया की ओर से दीपक मालवीय ने तीन विकेट लिए। आदिल को दो सफलता मिली। जवाब में हमीदिया ने जरूरी रन 16.5 ओवर में 5 विकेट पर बना लिए। दानिश मानसरोवर प्लेयर ऑफ द मैच और दीपक मालवीय आरएनटीयू मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर चुने गए। उन्हें पुलिस अधिकारी विजय दुबे,यूज लोकेटर के डायरेक्टर फैसल मीर खान और इंटरनेशनल कमेंटेटर दामोदर प्रसाद आर्य ने पुरस्कृत किया। दिन के दूसरे मैच में यूज लोकेटर ने 9 विकेट पर 127 रन बनाए। इसमें भाग्यस्वामी ने 48, और आर्य सूद ने 24 रन बनाए। गुरुप्रसाद और संकल्प शिव ने 3-3 विकेट लिए। जवाब में रेट्रो स्टार ने चार विकेट पर जरूरी रन बना लिए।

### एलएनसीटी वेस्ट जोन हॉकी में छाए रहे स्टेट अकादमी के खिलाड़ी




**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** राजधानी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में दर्शकों को जोरदार हाकी देखने को मिली। एलएनसीटी के द्वारा आयोजित वेस्ट जोन पुरुष हाकी टूर्नामेंट में मप्र राज्य हाकी अकादमी के खिलाड़ियों को दबदबा रहा। आरएनटीयू पहले, बीयू भोपाल दूसरे व एलएनआइपीई ग्वालियर व सावित्रीबाई फुले यूनिवर्सिटी पुणे ने चौथा स्थान प्राप्त किया। इन चारों टीमों ने राष्ट्रीय इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाइ कर लिया है। मेजर ध्यानचंद मैदान पर अंतिम मुकाबले में आरएनटीयू और बीयू के बीच मुकाबला था। दोनों ही टीमें भोपाल की है और दोनों में मप्र राज्य हाकी अकादमी के खिलाड़ी शामिल थे। लीग का अंतिम मुकबला बेहद रोमांचक रहा। मैच में पहला गोल पहले क्वार्टर में कुनैन दाद ने दागा। वहीं दूसरा क्वार्टर गोल रहित रहा। तीसरे क्वार्टर में बीयू ने जोरदार वापसी कर स्कोर 1-1 से बराबर किया। चौथे क्वार्टर के अंतिम कुछ समय पहले आरएनटीयू के खिलाड़ियों ने बहुत दबाव बनाया और पेनाल्टी को गोल में बदलकर आरएनटीयू ने विजेता होने का गौरव हासिल किया।

## बांग्लादेश ने की टी-20 वर्ल्डकप 2026 में ग्रुप बदलने की मांग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टी-20 वर्ल्ड कप को लेकर बांग्लादेश ने अब अपना ग्रुप बदलने की मांग की है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी से कहा है कि उसे ग्रुप-सी की जगह दूसरे ग्रुप-बी में शामिल किया जाए। बोर्ड का तर्क है कि ऐसा होने पर बांग्लादेश को अपने सभी मुकाबले श्रीलंका में खेलने होंगे, इससे यात्रा और सुरक्षा से जुड़ी दिक्कतें कम होंगी। यह प्रस्ताव शनिवार, 17 जनवरी को ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ हुई बैठक के दौरान रखा गया। बीसीबी का मानना है कि उनकी टीम को आयरलैंड की जगह ग्रुप-बी में शामिल करने से टूर्नामेंट के आयोजन में ज्यादा बदलाव नहीं करने पड़ेंगे और बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी भी एक ही देश में संभव हो पाएगी।

### बीसीबी बोला- मैच श्रीलंका में ही हो



बीसीबी ने एक आधिकारिक बयान भी जारी किया। बयान में कहा गया कि बोर्ड ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैचों को श्रीलंका में कराने की मांग दोहराई है। साथ ही बांग्लादेश सरकार की ओर से टीम, बांग्लादेशी फैंस, मीडिया और अन्य की सुरक्षा को लेकर जताई गई चिंताओं को भी आईसीसी के सामने रखा गया है। बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी है। उन्हें केकेआर ने 3 जनवरी को बीसीसीआई के कहने पर टीम से बाहर कर दिया था। इससे बौखलाई बांग्लादेश सरकार ने अपने यहां आईपीएल मैचों के प्रसारण पर रोक लगा दी। इसके बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर 7 फरवरी से होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वेन्यू बदलने की मांग भी की।

दैनिक जागरण
रीवा, 18 जनवरी , 2026 | रीवा शहर | www.dainikjagranmpcg.com


## मुख्य सचिव की वीडियो कान्फ्रेंसिंग 21 जनवरी को

**रीवा।** मुख्य सचिव अनुराग जैन वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के कार्यवाही विवरण में पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक 21 जनवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित की गई है। कमिश्नर ने सभी संभागीय अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं पर की गई कार्यवाही के प्रतिवेदन के साथ निर्धारित तिथि में बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## कोदो और कुटकी के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 तक

**रीवा।** शासन द्वारा श्री अन्न का उत्पादन बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत खरीफ फसल 2025-26 में रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के तहत समर्थन मूल्य पर कोदो और कुटकी का उपार्जन किया जा रहा है। किसान इसके लिए 31 जनवरी तक पंजीयन करा सकते हैं।






# सराफा दुकान में जीएसटी की रेड, 50 लाख रुपए सरेण्डर

### चाकघाट में 12 सदस्यीय टीम ने की कार्रवाई



**जागरण, रीवा।** चाकघाट स्थित ज्वेलरी शॉप में जीएसटी टीम ने छापे मार कार्रवाई की है। जीएसटी टीम में शामिल 12 सदस्यीय दल शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे कार्रवाई करने पहुंचा था। शनिवार को दूसरे भी दिन भी टीम ने दस्तावेज और स्टॉक का मिलान करती रही। स्टॉक के साथ-साथ क्रय विक्रय से संबंधित दस्तावेजों की जांच पड़ताल की गई। कार्रवाई चाकघाट के गौरा रोड स्थित शंकर ज्वेलर्स शॉप में की गई है। संचालक सतेंद्र सोनी ने कार्रवाई के बाद शनिवार को 50 लाख रुपए सरेण्डर किए हैं। कार्रवाई के संबंध में बताया गया कि वाणिज्यकर मुख्यालय के निर्देश पर शुक्रवार को एंटी एविजन ब्यूरो सतना की 12 सदस्यीय टीम ने चाकघाट में संचालित शंकर ज्वेलर्स की शॉप में रिसर्च एवं सीजर की कार्रवाई शुरू की है। टीम के सदस्यों ने बताया कि शुरुआती जांच में कारोबार से संबंधित स्टॉक और क्रय विक्रय से जुड़े दस्तावेजों की जांच पड़ताल की गई जहां लाखों की जीएसटी चोरी पकड़ी गई। दस्तावेजों में काफी अंतर पाया गया। कार्रवाई पीयूष तिवारी राज्य कर अधिकारी के नेतृत्व हुई जिसमे प्रसून मिश्रा राज्य कर अधिकारी, शैलेंद्र पाण्डेय राज्य कर अधिकारी, अनिल बनाफर इस्पेक्टर, हरिहर तिवारी, रविप्रकाश तिवारी, सुभाष सिंह, दीपक द्विवेदी सहित 12 सदस्यीय टीम शामिल रही। जीएसटी कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य कारोबारियों में भी हड़कंप का माहौल रहा। चालू वर्ष में जीएसटी की टीम ने रीवा के कई व्यापारियों के यहां झापामारी कर लाखों रुपए की जीएसटी चोरी पकड़ी, जिसके बाद व्यापारियों ने लाखों रुपए सरेण्डर किए हैं।






## दुष्कर्म का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को मऊगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी पर पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था। 23 अप्रैल 2025 को पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64(1),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया था। घटना के बाद से आरोपी फरार था। प्रकरण के मुख्य आरोपी सुभाष विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा 25 साल निवासी घुरेहटा थाना मऊगंज घटना दिनांक से फरार था।










# सराफा व्यापारी से लूट का आरोपी कफ सिरप के साथ गिरफ्तार

### 9 लाख रुपए का आभूषण व 17 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद

### सेमरिया पुलिस ने बाइक सहित आरोपी को पकड़ा



**जागरण, रीवा।** सेमरिया पुलिस ने सर्राफा व्यापारी से मारपीट कर लूट करने वाले एक आरोपी को करीब 9 लाख रुपए के आभूषण और 17 शीशी नशीली कफ सिरप के साथ गिरफ्तार कर लिया है। घटना 15 जनवरी की शाम सामने आई थी। आयु ज्वेलर्स के संचालक अरविन्द कुमार सोनी खड्डा मोड़ से रोजाना कि तरह समय करीबन 06.30 बजे दुकान का सोना चांदी पिठू बैग में भरकर दुकान बंद करके अपनी बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही वो ग्राम हर्दी के 200 मीटर आंगे पहुंचा तभी एक बाइक में 03 बदमाश पहुंचे और बाइक के पीछे बैठे युवक ने उनके सिर में डंडा से हमला कर दिया, जिससे वो बाइक सहित गिर गए। इसके बाद आरोपी लगातार तीन चार वार किए और आभूषण से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया था कि बैग में सोने चांदी के करीब 9 लाख रुपए कीमत के आभूषण थे। शिकायत के बाद पुलिस ने धारा 309 (6),3 (5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया था। सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया कि घटना के बाद अलग टीमें गठित कर रवाना किया गया तभी चौकी प्रभारी शाहपुर थाना सेमरिया सउनि. संतोष कुमार पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली कि गई कि एक संदिग्ध व्यक्ति काले रंग की मोटरसायकल जिसका आगे का नंबर पूरा नहीं है पीछे के नंबर प्लेट पर मिट्टी लगी है तेज रफ्तार में पिठ्ठू बैग लेकर जा रहा है। पुलिस ने आनन फानन में घेराबंदी कर आरोपी अतुल सिंह पिता पुष्पराज सिंह 23 वर्ष निवासी बम्हनी गड़िया थाना सेमरिया हाल करहिया थाना चोरहटा को पकड़ा जिसकी तलाशी पर उसके कब्जे से बैग के अंदर से काले रंग की पन्नी के अंदर पेपर में लपेटे रखे चांदीनुमा धातु के 19 नग पायल अलग-अलग बनावट के एवं मंगलसूत्र बड़े 02 लॉकेट, 08 लॉकेट बड़े एवं 05 छोटे लॉकेट तथा 30 नग मंचली सोने जैसे धातु के पीले रंग के पाये गये। इसके साथ ही 17 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप भी पुलिस ने बरामद की जिसमें से 01 शीशी लुबेट कंपनी की कोडीन फास्फेट युक्त तथा विंग्स बॉयोटेक कम्पनी की 16 शीशी पाई गई जिन्हे जप्त किया जाकर अवैध नशीली कफ सिरप पाए जाने से पृथक से अपराध धारा एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया है वहीं फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।















# मेडिकल स्टोर कर्मचारी की ट्रक की चपेट में आने से मौत

### मऊगंज के पथरिया गांव की घटना



**रीवा।** घर से मेडिकल स्टोर काम में बाइक से रहे आ रहे युवक ट्रक की चपेट में आ गया। घटना मऊगंज थाना क्षेत्र के पथरिहा गांव में शनिवार सुबह की है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पीएम के लिए अस्पताल में भिजवाया जिसे पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने घटना के बाद ट्रक को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मऊगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पथरिया में ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान रमेश साकेत निवासी डगडौआ के रूप में की गई है। बताया गया है कि मृतक मऊगंज स्थित मेडिकल स्टोर में काम करता है और सुबह 11 बजे घर जाते समय पथरिहा मे ट्रक की चपेट मे आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद हाइवे पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी, मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को हटवा कर आवागमन चालू कराया है, वहीं मर्ग कायम कर कार्रवाई कर रही है।

# सेंधमारी कर लाखों के आभूषण और नकदी चुरा ले गए बदमाश

### लौर थाना क्षेत्र के फुलहा गांव की घटना



**जागरण, रीवा।** लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलहा में अज्ञात चोरों ने घर में सेंधमारी कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने अलमारी, पेटी तोड़कर सोने चांदी के जेवरात सहित नकदी पार कर दी। अज्ञात तकरीबन 10 लाख रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए है। घटना की रिपोर्ट लौर थाने में दर्ज करा दी गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फुलहा निवासी सुखचेन प्रसाद तिवारी के मकान में 15 जनवरी की बीती रात्रि तकरीबन 2 बजे अज्ञात चोर घर में सेंधमारी करके घुसे और अलमारी और पेटी को तोड़कर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात सहित 80 हजार रुपए नकद पार कर दिए। चोर घर से पेटी खेत में उठा ले गए थे जहां उसे तोड़कर जेवरात निकाल लिए और पेटी छोड़कर चले गए। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने उनके घर के सभी दरवाजे सहित बड़े भाई के घर के भी दरवाजे बाहर से बंद कर दिए थे। पीड़ित को चोरी की जानकारी घटना की सुबह हुई जिसके बाद लौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया गया है कि अज्ञात चोरों ने तकरीबन 10 लाख रुपए के जेवरात सहित 80 हजार रुपए नकदी पार कर दी है। लौर पुलिस घटना के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर उनकी तलाश में लगी हुई है।















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com